आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

"आज * विश्व टी.बी. दिवस"

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 67 | उज्जैन, मंगलवार 24 मार्च, 2026 | चैत्र शुक्ल 6 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### लाल किला ब्लास्ट केस : कश्मीर में एनआईए की ताबड़तोड़ छापेमारी

**नई दिल्ली।** आतंकी गतिविधियों की रोकथाम को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को कश्मीर में करीब एक दर्जन स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। एनआईए ने इस दौरान उत्तरी कश्मीर के हंदवारा स्थित एक व्यवसायी के आवास पर भी छापेमारी की। यह तलाशी लाल किला विस्फोट मामले की चल रही जांच के अंतर्गत की गई है। एनआईए की टीमों ने हंदवारा स्थित व्यवसायी के आवास में छापेमारी कर दस्तावेजों की जांच की और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। इसके अलावा एनआईए ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में भी इसी तरह की छापेमारी की, जिसके बारे में अभी और जानकारी आने का इंतजार है। नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के पास 10 नवंबर, 2025 को एक भीड़भाड़ वाली सड़क पर विस्फोट हुआ था।

### पीएम मोदी 100% ट्रम्प के कंट्रोल में हैं : राहुल गांधी

**वडोदरा।** राहुल गांधी ने सोमवार को वडोदरा में कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा में 25 मिनट का भाषण दिया लेकिन अमेरिका के खिलाफ एक शब्द नहीं बोला। मोदी 100% ट्रम्प के कंट्रोल में हैं। मोदी पार्लियामेंट में डिबेट नहीं कर सकते, क्योंकि कम्प्रोमाइज्ड हैं। अमेरिका में अडाणी पर जो केस है असल में वो नरेंद्र मोदी को धमकाने के लिए है। अमेरिका का नरेंद्र मोदी को सीधा मैसेज है कि ज्यादा ऊटपटांग हरकत की तो समझ लेना। ट्रम्प ने साफ कहा है- मैं मोदी का करियर खत्म कर सकता हूं। नरेंद्र मोदी ने ट्रम्प से कहा- हम आपसे पूछे बिना किसी से तेल और नेचुरल गैस नहीं खरीदेंगे। अगर ट्रम्प कहेंगे कि रूस, ईरान, वेनेजुएला से तेल नहीं खरीदना है तो नहीं खरीदेंगे। आप जो हुक्म करेंगे, हम वही करेंगे।

### बादशाह के 'टटीरी' सॉन्ग पर रील्स बनाने वाले फंसेंगे



हरियाणा पुलिस ने यूट्यूब-इंस्टाग्राम से 857 लिंक हटवाए, महिलाओं को लेकर गंदे शब्द थे

**पंचकूला।** बॉलीवुड सिंगर-रैपर बादशाह द्वारा अपने आपत्तिजनक सॉन्ग टटीरी को यूट्यूब से हटाने के बाद अब हरियाणा पुलिस ने भी एक्शन लिया है। पंचकूला पुलिस ने सारे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से गाने से जुड़े कुल 857 लिंक हटवा दिए हैं, जिनमें 154 यूट्यूब वीडियो और 703 इंस्टाग्राम रील्स शामिल हैं। इसी के साथ पुलिस उन लोगों की भी पहचान कर रही है, जो इन्हें अब तक शेयर कर रहे हैं। पुलिस ने सभी प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर सॉन्ग के सभी वर्जन- री-अपलोड, शॉर्ट वीडियो और अन्य रूपों को हटाने के निर्देश भी दिए हैं। दरअसल, बादशाह का टटीरी सॉन्ग 1 मार्च को रिलीज हुआ था। सॉन्ग के रिलीज होने के साथ ही इसमें बादशाह के लिरिक्स और लड़कियों के सीन को लेकर कई सामाजिक संगठनों ने आपत्ति जताई थी। जिसके बाद हरियाणा महिला आयोग और बाल संरक्षण आयोग ने इस पर संज्ञान लिया था। हरियाणा महिला आयोग द्वारा बादशाह को पानीपत में पेशी के लिए बुलाया गया था, जिसमें पेश न होने पर उनकी गिरफ्तारी का ऑर्डर दिया गया। हालांकि, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी और पुलिस से लुकआउट नोटिस वापस लेने को कहा।
**महिलाओं का अपमान:** गाने में अश्लील शब्दों के प्रयोग पर गंभीर आपत्ति जताई गई है। हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने इसे असभ्य और महिलाओं को 'ऑब्जेक्टिफाई' करने वाला बताया।

### कुछ जज राजा से ज्यादा वफादार मीम्स पर एफआईआर अधिक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्जवल भुइयां ने देश की न्यायपालिका, मुकदमों के बोझ और पुलिस की कार्यप्रणाली पर एक बेहद अहम और तीखी टिप्पणी की है। 22 मार्च को सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन नेशनल कॉन्फ्रेंस 2026 को संबोधित करते हुए उन्होंने जमानत न मिलने की बढ़ती प्रवृत्ति पर गहरी चिंता जताई। जस्टिस भुइयां ने कड़े शब्दों में कहा कि आजकल कुछ जज राजा से भी ज्यादा वफादार होने के सिंड्रोम से पीड़ित हो गए हैं। इस मानसिकता के कारण वे सही और जायज मामलों में भी आरोपियों को जमानत नहीं देते हैं, जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है और उन्हें लंबे समय तक जेल की सलाखों के पीछे रहने को मजबूर होना पड़ता है।

### ट्रक से टकराया एयर कनाडा का विमान, कई लोग घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क के ला गार्डिया एयरपोर्ट पर एक एयर कनाडा एक्सप्रेस विमान और जमीन पर मौजूद एक वाहन से टक्कर हो गई। इस घटना में कई लोग घायल हो गए। फ्लाइट-ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट राडार 24 ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि हवाई अड्डे पर लोगों को निकालने का और बचाव कार्य जारी है। नियामक की ओर से जारी एक नोटिस के अनुसार, यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने हवाई अड्डे पर सभी विमानों के लिए ग्राउंड स्टॉप (उड़ानें रोकने का आदेश) जारी कर दिया है। ईआरवाईई के नोटिस से पता चला कि हवाई अड्डे पर रोक का कारण एक आपात स्थिति थी और इस बात की प्रबल संभावना थी कि इसे आगे बढ़ाया जाएगा। हालांकि, इसमें कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई थी।

---

मुख्यमंत्री यादव ने यूपीएससी में चयनित 61 युवाओं का किया सम्मान, बोले- हमें हर 5 साल में देनी पड़ती है परीक्षा

## पद मिलने के बाद अहंकार नहीं, बल्कि सेवा का भाव होना चाहिए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में यूपीएससी के चयनित अभ्यर्थियों के लिए सफलता के मंत्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में हुए इस कार्यक्रम में उन 61 चेहरों की चमक दिखी, जिन्होंने संघर्ष और सीमित संसाधनों के बीच देश की सबसे कठिन परीक्षा पास की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि यहां एक चाय वाला प्रधानमंत्री बनता है और एक गाय वाला मुख्यमंत्री। हमें हर 5 साल में जनता के बीच परीक्षा देनी पड़ती है, नीतियों के आधार पर उनका विश्वास जीतना पड़ता है। इस दौरान सीएम ने प्रतिभाओं का परचम पुस्तिका का विमोचन किया और अभ्यर्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, अनुपम राजन और हिंदी ग्रंथ अकादमी के डायरेक्टर अशोक कड़ेल भी मौजूद रहे।



**22 बच्चे सरकारी कॉलेजों के रहे प्रतिभागी**

अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने बताया कि यह सिलसिला 2020 में तब शुरू हुआ था, जब डॉ. मोहन यादव उच्च शिक्षा मंत्री थे। तब चयनित बच्चों की संख्या केवल 37 थी, जो अब बढ़कर 61 हो गई है। खास बात यह है कि इनमें 20 बेटियां हैं और 22 अभ्यर्थी ऐसे हैं जिन्होंने किसी महंगे प्राइवेट कॉलेज के बजाय सरकारी कॉलेजों से पढ़ाई की है।

**हमें हर 5 साल में देनी पड़ती है परीक्षा**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जब अपनी तुलना नवनियुक्त अफसरों से की, तो पूरा हॉल ठहाकों से गूंज उठा। सीएम ने कहा कि लोकतंत्र में आप सौभाग्यशाली हैं कि एक बार परीक्षा पास की और आपका चयन पक्का हो गया। लेकिन हम राजनीतिज्ञों की परीक्षा हर पांच साल में होती है। हमें जनता के बीच जाना पड़ता है, अपनी नीतियों का हिसाब देना पड़ता है और फिर से उनका भरोसा जीतना पड़ता है। यह व्यवस्था ही देश को जीवंत रखती है। उन्होंने संदेश दिया कि पद मिलने के बाद अहंकार नहीं, बल्कि सेवा का भाव होना चाहिए क्योंकि असली परीक्षा मैदान (फील्ड) में होती है।

**लोकतंत्र की ताकत पर जोर-** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की ताकत है कि सामान्य पृष्ठभूमि से आए लोग भी शीर्ष पदों तक पहुंचते हैं।
**प्रदेश के हर जिले में प्रतिभा-** सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश के हर जिले में प्रतिभाएं मौजूद हैं। डिंडोरी जैसे जिलों से भी बच्चों का चयन होना इस बात का प्रमाण है कि मेहनत कहीं भी रंग ला सकती है।

**सफलता के पीछे संघर्ष की कहानी**

कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों ने अपने संघर्ष की कहानियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद लगातार प्रयास से उन्होंने सफलता हासिल की। मुख्यमंत्री ने युवाओं को सलाह दी कि वे अपने काम में ईमानदारी और नवाचार को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि देश के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

**अफसरों को दो टूक चेतावनी**

सीएम ने अपने संबोधन में लापरवाह अधिकारियों को भी चेतावनी दी। उन्होंने साफ कहा कि जो काम नहीं करेगा उसे मैदान से हटा दिया जाएगा और योग्य लोगों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

---

भारतीय शेयर मार्केट में ब्लैक मंडे : सेंसेक्स 1556 अंक गिरा

## डॉलर के मुकाबले रुपया पहली बार 93.90 के पार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार सोमवार 23 मार्च को बड़ी गिरावट के साथ खुला। शुरूआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,555.62 अंक या 2 प्रतिशत गिरकर 72,977.34 पर आ गया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 479.95 अंक या 2 प्रतिशत गिरकर 22,634.55 पर पहुंच गया। शुरूआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 41 पैसे गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर 93.94 पर आ गया।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से टाटा स्टील, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बजाज फाइनेंस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन और अदानी पोर्ट्स सबसे पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं। एचसीएल टेक एकमात्र विजेता के रूप में उभरी।

**निवेशकों में घबराहट साफ दिख रही**



बैंकिंग और मार्केट एक्सपर्ट अजय बग्गा के मुताबिक, हालात तेजी से एस्केलेशन की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे निवेशकों में घबराहट साफ दिख रही है। अजय बग्गा ने कहा कि हफ्ते की शुरूआत बेहद अस्थिर माहौल में हुई है और निवेशक जोखिम वाले एसेट्स से पैसा निकालकर डॉलर जैसी सुरक्षित जगहों की ओर जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिकी मनी मार्केट फंड्स का एयूएम 8 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच चुका है, जो इस सेफ्टी फ्लाइट को दर्शाता है।

**48 घंटे का अल्टीमेटम बना ट्रिगर**

बग्गा के अनुसार, बाजार में घबराहट की सबसे बड़ी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ईरान को दिया गया 48 घंटे का अल्टीमेटम है। इसमें कहा गया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोला जाए, जो फिलहाल युद्ध से पहले की क्षमता के सिर्फ 5% पर चल रहा है, वरना ईरान के पावर ग्रिड को निशाना बनाया जा सकता है।

**सोने में 12 हजार, चांदी में 31 हजार की गिरावट**



- अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग के बीच सोने चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 12,077 रुपए घटकर 1.35 लाख रुपए पर आ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 40 साल में सोने के कीमत में इतनी बड़ी गिरावट हुई है। इससे पहले इसकी कीमत 1.47 लाख थी।
- वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 30,864 रुपए घटकर 2.01 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 2.32 लाख रुपए किलो थी। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 24 दिन में 23,956 और चांदी 65,200 सस्ती हुई है।

---

असम के सोनितपुर जिले में दर्दनाक हादसा

## एम्बुलेंस और ट्रक की जबरदस्त भिड़ंत में 7 की मौत, एक घायल

एजेंसी ▶▶ सोनितपुर

असम के सोनितपुर जिले में रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 15 पर उस समय हुई, जब एक एम्बुलेंस की ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई।

जानकारी के अनुसार, एम्बुलेंस ट्यूलिप टी गार्डन क्षेत्र से एक मरीज और उसके परिजनों को लेकर तेजपुर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जा रही थी। इसी दौरान ढेकियाजुली थाना क्षेत्र में यह हादसा हो गया।

सोनितपुर के एसएसपी के मुताबिक, दुर्घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से



घायल हुए थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान एक और व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। इस तरह मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। दुर्घटना के कारण बाधित यातायात को बाद में बहाल कर दिया गया।

---

ईरान युद्ध के चलते तेल कंपनियों का स्टॉक बचाने का प्लान

## 14 किग्रा के सिलेंडर में 10 किग्रा घरेलू गैस देने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकारी तेल कंपनियां अब घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलो के एलपीजी गैस सिलेंडर में 10 किलो गैस भरकर देने की तैयारी कर रही है। इसका मकसद लिमिटेड स्टॉक को ज्यादा से ज्यादा परिवारों तक पहुंचाना है। इसके साथ ही सिलेंडर के दाम भी कम किए जा सकते हैं।

इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, तेल कंपनियों का मानना है कि 14.2 किलो का सिलेंडर औसतन 35 से 40 दिन चलता है। अगर इसमें सिर्फ 10 किलो गैस भरी जाए, तो एक परिवार का काम लगभग एक महीने तक चल जाएगा। इससे जो गैस बचेगी, उसे उन घरों तक पहुंचाया जा सकेगा जहां किल्लत है। तेल कंपनियों के पास अब ज्यादा रास्ते नहीं बचे हैं, क्योंकि खाड़ी देशों (मिडिल-ईस्ट) से गैस की नई खेप भारत नहीं आ पा



रही है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रही जंग के कारण हालात बिगड़ गए हैं। हाल ही में ईरान ने वहां के एनर्जी प्लांट्स पर मिसाइल हमले किए, जिससे गैस उत्पादन को नुकसान हुआ है। इसके अलावा, होर्मुज रूट भी बंद है, जहां से गैस के जहाज भारत आते हैं। इससे आने वाले दिनों में भारत में एलपीजी की किल्लत और ज्यादा बढ़ सकती है। इसी संकट को देखते हुए तेल कंपनियां सिलेंडर में गैस कम करने का फैसला लेने की योजना बना रही है।

---

## भिंड सांसद बोलीं- सिंध नदी में हो रहा अवैध खनन

केंद्रीय मंत्री का जवाब- ऐसी गतिविधियां रोकने के लिए प्रदेश के पास सारे कानून मौजूद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/भोपाल

प्रदेश में नदियों से अवैध रेत खनन की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। अब यह मुद्दा लोकसभा में भी उठाया गया। सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान भिंड से बीजेपी सांसद संध्या राय ने सिंध नदी में हो रहे अवैध रेत खनन का मामला उठाया।

संध्या राय ने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र के भिंड और दतिया जिले सिंध नदी से जुड़े हैं, और नदी के किनारे का बड़ा हिस्सा वन विभाग के अंतर्गत आता है। उन्होंने बताया कि सरकार वन और नदियों के संरक्षण के लिए प्रयास कर रही है, लेकिन कुछ आपराधिक तत्व वन क्षेत्र के जरिए अवैध रेत खनन कर रहे हैं, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने सरकार से इस पर ठोस कदम उठाने की मांग



की। इस पर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने जवाब देते हुए कहा कि सरकार वन और पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने माना कि संबंधित क्षेत्र में नदी किनारे जंगलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि यह गंभीर विषय है और ऐसे मामलों को रोकने के लिए प्रदेश सरकार के पास पर्याप्त कानूनी प्रावधान मौजूद हैं, जिनके जरिए रेत और वन माफियाओं पर कार्रवाई की जा सकती है।

**वीडी शर्मा ने एलआईटी जैसे संस्थान की मांग उठाई**

खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान बुंदेलखंड में उच्च शिक्षा संस्थान स्थापित करने की मांग उठाई। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से अपने संसदीय क्षेत्र सहित बुंदेलखंड के युवाओं के बेहतर भविष्य और गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के विस्तार को लेकर सवाल किया। उन्होंने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जैसे संस्थान की स्थापना के संबंध में केंद्र सरकार की योजना के बारे में जानकारी मांगी।

**सतना सांसद ने स्कूलों के बजट का मुद्दा उठाया**

लोकसभा में प्रश्नकाल में ही सतना सांसद गणेश सिंह ने स्कूलों के बजट का मामला उठाया। मप्र में सतना संसदीय क्षेत्र में समग्र शिक्षा योजना के तहत स्कूलों के नए भवन और बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जब मंत्री से जानकारी मांगी तो उन्होंने कहा कि बजट के आवंटन की कमी है। क्या मंत्री जी राज्य के साथ बैठकर कोई इस तरह की समीक्षा करेंगे? शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा- सांसद जी ने कहा है कि बजट की कमी के कारण आधारभूत संरचना में जो निवेश मध्य प्रदेश में हो सकता था वो शायद नहीं हो पाया। ऐसी जानकारी की मैं सदन में पुष्टि नहीं कर सकता।

---

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने काशी में कहा- गाय, शास्त्र और मंदिर की रक्षा करेंगे

## पहले रोकेंगे-टोकेंगे फिर ठोकेंगे : शंकराचार्य

शंकराचार्य 2.18 लाख सैनिकों की चतुरंगिणी सेना बनाएंगे, इसमें देशभर से लोग भर्ती करेंगे

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

वाराणसी में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सोमवार को चतुरंगिणी सेना बनाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा- चतुरंगिणी सेना में 2 लाख 18 हजार 700 सैनिक होंगे। इसमें देशभर से लोग भर्ती होंगे।

उन्होंने बताया- यह सेना गोरक्षा, धर्म रक्षा, शास्त्र रक्षा और मंदिर रक्षा का कार्य करेगी। उनकी ड्रेस पीली होगी। हाथ में परशु (फरसा) होगा। अविमुक्तेश्वरानंद ने चतुरंगिणी सेना बनाने के लिए श्रीशंकराचार्य चतुरंगिणी सभा का गठन किया है। इसमें 27 सदस्य होंगे। इसके अध्यक्ष वे खुद होंगे।



शंकराचार्य ने अपनी सेना के काम करने के तरीके बताए। उन्होंने कहा- पहले टोको, यानी टोकेंगे। कहो कि यह गलत हो रहा है, नहीं माने तो रोको। भाई, आपको रुकना पड़ेगा। नहीं तो फिर ठोको। ठोको का मतलब सीधे प्रहार करना नहीं है। मुकदमा करना, शिकायत करना और पंचायत करना भी ठोको में आएगा। ये सभी संवैधानिक तरीके अपनाते हुए काम करेगी।

**शंकराचार्य ने कहा- एक टीम में 10 लोग होंगे**

- शंकराचार्य ने कहा- 1 पत्ती (टीम) में 10 लोग होंगे। 21 हजार 870 टीमें बनेंगी तो सेना तैयार हो जाएगी। भारत में अभी करीब 800 जिले हैं। अगर हर जिले में 27 टीमें, यानी 270 लोग तैयार हो गए, तो 2 लाख 16 हजार लोग तैयार हो जाएंगे।
- आदि शंकराचार्य ने आठवीं सदी में 13 अखाड़े बनाए थे। इन अखाड़ों का गठन हिंदू धर्म और वैदिक संस्कृति की रक्षा के लिए किया गया था। धर्म की रक्षा के लिए नागा साधुओं की एक सेना की तर्ज पर ही अखाड़ों को तैयार किया गया था। जिसमें उन्हें योग, अध्यात्म के साथ शस्त्रों की भी शिक्षा दी जाती है। इन अखाड़ों को शंकराचार्य की सेना भी कहा जाता था।

**धार्मिक परिसर में वही लोग जाएं, जो उस धर्म को मानते हैं**

उत्तराखंड के बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक के मामले में शंकराचार्य ने कहा- मक्का-मदीना में 40 किलोमीटर पहले ही दूसरे धर्म के लोगों को रोक दिया जाता है। वह गलत नहीं है। ठीक है। वैसे ही हमारे भी धर्म स्थल हैं। हमें भी अपनी पवित्रता चाहिए। हमें भी अपने ढंग से पूजा-पाठ करना है। वहां दूसरा क्यों जाएगा। हमारे यहां परंपरा है कि धार्मिक परिसरों में वही लोग जा सकते हैं, जो उस धर्म को मानते हैं।

---

अमोनिया गैस टैंक फटने से

## कोल्ड स्टोरेज धराशायी कई मजदूर दबे, 4 की मौत

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे तेज धमाके के बाद कोल्ड स्टोरेज की एक बिल्डिंग ढह गई। मलबे में करीब 20 मजदूर दब गए। हादसे में 4 मजदूरों की मौत हुई है।

मरने वालों में पिलत चौधरी, मशींदर, ज्योतिष और जगदीश शामिल हैं। जगदीश प्रयागराज और बाकी तीनों बिहार के रहने वाले थे। हालांकि, प्रशासन ने अभी मौतों की पुष्टि नहीं की है। प्रशासन 7 जेसीबी से रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहा है। अब तक 17 लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम मौके पर हैं। यह कोल्ड स्टोरेज सपा नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद का है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है, पहले अमोनिया गैस स्टोरेज टैंक में विस्फोट हुआ। इससे आरसीसी पिलर स्ट्रक्चर ढह गया। फिर बिल्डिंग भरभराकर गिर गई। अमोनिया गैस की बदबू करीब 1 किलोमीटर तक फैल चुकी है। ज्यादातर लोग मुंह पर कपड़ा (रुमाल, गमछा) बांधे हुए हैं।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## मुख्यालय से लेकर शाखाएं सभी दायरे में

खुसूर फुसूर

प्रतिष्ठान की स्थापना के उद्देश्य पीछे छूट गए हैं और स्वार्थ बडे हो गए हैं। ऐसा ही कुछ हो गया है जिसकी वजह से सनातन के चार स्तंभ के ज्ञान का उजियारा फैलाने वाले संस्थान सहित उसकी शाखाओं में कलयुगी कालिख की स्थिति एक नहीं अनेक बार और रह-रहकर कुछ कुछ समय में सामने आ रही है। संस्थान के मुख्यालय को लेकर सवाल उठना और तथ्यों के साथ उसे शिकायती स्थिति में लेकर शिकायत की जाना ही नहीं उन पर वाजिब जवाब तक नहीं आना सवाल खडे करेगा ही। संस्थान के कर्ताधताओं की और से किसी भी मामले में सीधे तौर पर अघोषित चौथे स्तंभ को दरकिनार किया जाना और उसे कुछ नहीं समझना साफ तौर पर दशार्ता है कि लोकतांत्रिक पद्धति का पोषक सनातन के संस्थान में सीधे तौर पर एकल पद्धति से निर्णय लिए जा रहे हैं। अघोषित तौर पर इसे एकल रूप से ही मन के नियमों से संचालित किया जा रहा है। मुख्यालय के साथ ही उसकी शाखाओं में भी यही प्रवृत्ति बल पकडती गई । संस्थाओं की स्थापना से लेकर उनके संचालन में एक ही व्यक्ति सब कुछ कर रहा है। कागजों पर कुछ और दिखाया जा रहा है और एक व्यक्ति के ही प्रभाव में सब कुछ संचालित हो रहा है। आवासीय शाखाओं में संचालनकताओं के शोषण की कहानी को देखने और समझने के लिए किसी के पास फुर्सत नहीं है या यूं कहें की सीधे तौर पर उन संचालनकताओं के साथ इन संचालनकताओं की व्यवहारिकता मजबूत है।आवासीय शाखाओं में बेरहमी से मारपीट के मामले पहली बार सामने नहीं आए हैं। यहां तक की कुछ मामलों में तो गंभीर बातें भी सामने आई और उठी हैं । जिम्मेदारों के समाज के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवैया और नजरअंदाजी के कारण ऐसी प्रवृत्तियों को बल मिलना स्वभाविक है। खुसूर-फुसूर है कि आवासीय शाखाओं के अन्यानेक कारनामें सामने आने लगे हैं। हाल ही में एक शाखा में एक शिक्षक पर भी गंदा आरोप लगाकर उन्हें हटाया गया है। मुख्यालय से लेकर शाखाओं तक में सिरे से एक झएक बिंदु पर जांच होना ही चाहिए और मुख्यालय के साथ ही शाखाओं पर नियंत्रण के तहत केंद्र के साथ ही राज्य को भी जिम्मेदारी मिलना ही चाहिए। यही नहीं ऐसे सभी मामलों को इस दायरे में लिया जाना चाहिए।

## ट्रैंडिंग




## अरुण बने इंटरनेशनल रैपिड शतरंज चैंपियन

**उज्जैन।** उदयपुर के फिडे मास्टर अरुण कटारिया ने उज्जैन में आयोजित फर्स्ट रायसोनी मेमोरियल इंटरनेशनल फिडे रेटिंग रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया है। उन्होंने 8.5 अंक हासिल कर यह उपलब्धि अपने नाम की।

दो दिवसीय यह प्रतियोगिता उज्जैन के कान्हा परिसर, इंदौर रोड पर संपन्न हुई। इसमें देशभर के दिग्गज खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 129 रेटेड खिलाड़ियों के साथ बड़ी संख्या में अनरेटेड खिलाड़ी भी शामिल थे।टूनार्मेंट के दूसरे दिन सुबह 10 बजे से शुरू हुए मुकाबले नौवें और अंतिम राउंड तक रोमांचक उतार-चढ़ाव के साथ चले। अंततः अरुण कटारिया ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। नागपुर के जय सवालखे 8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि भोपाल के मितांश दीक्षित ने तीसरा स्थान हासिल किया।

पहले सेवा मुक्ति आदेश जारी हुआ या विडियो वायरल...! प्रतिष्ठान की कार्यपद्धति सवालों के घेरे में

# शिक्षक गिरफ्तार, जमानत पर रिहा

### छात्र अत्याचार के मामले में छात्र संगठन ने मोर्चा खोला,प्रदर्शन किया, विद्यालय के छात्र नजरबंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



महिर्षि सांदिपनी राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान की कार्यपद्धति एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। मामला है छात्र के साथ शिक्षक के बेरहमी से बेंत से मारपीट का । इस मामले में चिंतामन थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। न्यायालय ने उसे 25 हजार की जमानत पर रिहा किया है। इधर प्रतिष्ठान ने संबंधित शिक्षक को विडियो वायरल होने वाले दिन ही सेवा मुक्ति दे दी थी। प्रतिष्ठान के सचिव के कार्यालयीन आदेश के बाहर आने के बाद यह खुलासा हो रहा है। इस खुलासे के साथ ही प्रतिष्ठान परिसर में संचालित आवासीय विद्यालय की कार्य पद्धति भी सवालों के घेरे में हैं।

चिंतामन थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि छात्रावास इंचार्ज द्वारा मारपीट एवं अभद्र व्यवहार के मामले में आरोपी दत्तादास शेवडे को थाना से ही गिरफ्तार किया गया। रविवार देर रात को आरोपी शिक्षक स्वयं थाना उपस्थित हुआ था। उनके विरूद्ध पिडित छात्र ने अपने गुरुजी सत्यम शुक्ल के साथ थाना चिंतामन उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, चिंतामन उज्जैन के छात्रावास में रहकर ऋग्वेद शाखा में कक्षा 09वीं का छात्र है। छात्र ने पुलिस को घटना का विवरण बताया था कि 15 मार्च को रात्रि लगभग 09:30 बजे फरियादी अपने निर्धारित कक्ष के स्थान पर अन्य कक्ष में जाकर सो गया था। रात्रि करीब 10:00 बजे छात्रावास इंचार्ज दत्तदास रघुनाथ शेवडे को उक्त बात की जानकारी होने पर उन्होंने फरियादी को कक्ष के बाहर बुलाकर अश्लील गालियाँ दीं। फरियादी द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने उसे छात्रावास कार्यालय में बुलाकर लकड़ी के डंडे से मारपीट की। फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस ने गिरफ्तारी के उपरांत आरोपी से पूछताछ की एवं आवश्यक साक्ष्य संकलित कर वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर उन्हें न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी दिपिका यादव के न्यायालय में पेश किया था जहां से उन्हें 25 हजार की जमानत पर रिहा करने के आदेश न्यायालय ने दिए हैं।

### जन अपेक्षा प्रतिष्ठान घटनाक्रम की स्थिति साफ करे

छात्र के साथ शिक्षक के बेंत से बेरहमी से मारपीट के मामले का विडियो शनिवार शाम को वायरल हुआ था। इसे लेकर प्रतिष्ठान के सचिव के पास मिडिया के सवालों भरे मोबाईल काल निरंतर पहुंच रहे थे। मिडिया को घटना और उसके कारणों से प्रतिष्ठान की और से जानकारी देकर अवगत करवाने की बजाय सीधे तौर पर नजरअंदाज ही किया गया है। विडियो में शिक्षक की आवाज में सुनाई दे रही बातें आम पाठक ही नहीं मिडिया में भी जिज्ञासा पैदा कर रही है कि ऐसा क्या कारण था जिसे लेकर बच्चे के दुसरे के बेड पर सोने को लेकर शिक्षक ने ऐसा हंगामा किया और अन्य वेद के शिक्षक वहां बैठकर इस पाशविक कृत्य को देखते रहे। इस पूरे मुद्दे पर प्रतिष्ठान की और से सचिव प्रेस से बात करने को तैयार नहीं है। जिससे मामला की वास्तविक स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं।

### छात्र संगठन का प्रदर्शन

इधर घटना को लेकर छात्र संगठन के करीब दो दर्जन कार्यकर्ता एवं नेता प्रतिष्ठान पर पहुंचे थे। उनके पहुंचने से पूर्व ही प्रतिष्ठान पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंच चुके थे। छात्रों ने अपनी प्रवृत्ति के अनुसार यहां नारेबाजी करते हुए धरना दिया है। उन्होंने यहां वेद अध्ययन करने वाले बच्चों से मिलने की इच्छा भी जताई जिसे रोक दिया गया और उन्हें स्पष्ट किया गया कि अगर वे अंदर जबरिया गए तो उनके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई हो सकती है। इस दौरान प्रदर्शन करने आए छात्रों ने अंदर के वेद अध्ययन करने वाले छात्रों की स्थिति जानने को लेकर तर्क किया तो उन्हें कह दिया गया कि इसकी जानकारी प्रतिष्ठान के अधिकारी देंगे। जब प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे बात करने ही नहीं आ रहे हैं तो पुलिस एवं अधिकारियों ने कहा कि इसे लेकर हम कुछ नहीं कह सकते। प्रदर्शनकारियों ने आवासीय विद्यालय के वेद पाठी छात्रों के अघोषित नजरबंद करने का सवाल भी उठाया लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं दिया गया।

### आदेश बाहर आया, घटना पर बयान नहीं

प्रतिष्ठान से 21 मार्च को विडियो वायरल होने वाले दिन सेवा मुक्ति के आदेश को दुसरे दिन देर रात को बडे ही तरीके से कुछ लोगों के माध्यम से मिडिया तक पहुंचाया गया। जिससे की यह तय हो जाए कि प्रतिष्ठान के जिम्मेदार मामले में कार्रवाई कर रहे हैं लेकिन पूरे मामले को लेकर मिडिया को कोई बयान जारी नहीं किया गया है। इससे कई सारे सवालों का पैदा होना वाजिब है। प्रतिष्ठान के सचिव सहित अन्य अधिकारियों ने भी पूरे घटनाक्रम को लेकर चुप्पी साध ली है । मामले को ठंडा करने में लगे हैं।



महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)

प.सं. 26-12/2024(प्र.)/मसारावेविप्र/ 1926 दिनांक : 21-03-2026

कार्यालय आदेश

श्री दत्तदास रघुनाथ शेवडे, सामवेद राणायनीय शाखा अध्यापक एवं वार्डन, राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय, उज्जैन को संविदा सेवा से सेवामुक्त करने के सम्बन्ध में।

श्री दत्तदास रघुनाथ शेवडे, सामवेद राणायनीय शाखा अध्यापक एवं वार्डन, राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय, उज्जैन द्वारा सेवामुक्त करने के लिए, दिए गए आवेदन दिनांक 21-03-2026 को स्वीकार करते हुए श्री शेवडे को राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय, उज्जैन की सभी संविदा सेवाओं से तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त किया जाता है।

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

### सेवा मुक्ति आदेश के बाद उठे सवाल

प्रतिषठान सचिव ने विडियो वायरल होने वाले दिन ही बेरहम शिक्षक को सेवा मुक्ति दे दी। सचिव ने अपने 21 मार्च के कार्यालय आदेश में इसे स्पष्ट किया है। उन्होंने कार्यालय आदेश में दत्तदास रघुनाथ शेवडे, सामवेद राणायनीय शाखा अध्यापक एवं वार्डन, राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय, उज्जैन द्वारा सेवामुक्त करने के लिए दिए गए आवेदन दिनांक 21-03-2026 को स्वीकार करते हुए श्री शेवडे को राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय, उज्जैन की सभी संविदा सेवाओं से तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त किए जाने का उल्लेख किया है। सवाल यह उठ रहा है कि वायरल विडियो 15 मार्च की रात का सामने आया है। सचिव के आदेश में शिक्षक के सेवा मुक्ति आवेदन का उल्लेख किया जा रहा है जिसे उसी दिन स्वीकार करने की स्थिति से ही सवाल खडे हो रहे हैं। प्रशासनिक प्रक्रिया का पालन इसमें नहीं किया गया है। सेवा मुक्ति के नियमों को भी इसमें दरकिनार किया गया है। खास तो यह है कि संबंधित शनिवार को अवकाश की स्थिति थी। केंद्रीय अवकाश नियमों के तहत इस पूरी प्रक्रिया पर ही सवाल खडे हो गए हैं। इससे यह भी सवाल खडे हो रहे हैं कि विडियो वायरल होने के पहले घटना की जानकारी प्रतिष्ठान को थी तो फिर मामले में शिक्षक पर क्या कार्रवाई की गई। ऐसे ही अन्यानेक प्रश्न प्रतिष्ठान के कर्ताधर्ता पर उठ खडे हुए हैं। इस मामले में अंदर के सूत्रों का कहना है कि शिक्षक यहां से ए प्लस की चरित्रावली के साथ कार्य मुक्त हो गए हैं।

### बच्चे नजर नहीं आ रहे

रविवार को चिंतामन थाना पुलिस के प्रकरण दर्ज करने और बच्चे से जानकारी लेने के बाद से आवासीय विद्यालय के द्वारों पर सख्ती कर दी गई है। बच्चों को किसी से भी बातचीत नहीं करने दी जा रही है। मिडिया का तो पहुंचना ही दुष्वार हो गया है। सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के छात्र नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रतिष्ठान गेट पर बच्चों से मिलने के लिए गुहार लगाई लेकिन किसी भी बच्चे से उन्हें नहीं मिलने दिया गया है। यहां पर बहुत देर तक पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी के साथ छात्र संगठन के बच्चों की इस मामले को लेकर जिरह होती रही लेकिन सीधे तौर पर उन्हें यह नहीं बताया गया कि बच्चे आवासीय विद्यालय में हैं या कहां गए हुए हैं। कुल जमा आवासीय विद्यालय के बच्चों को किसी से भी बात करने पर अघोषित तौर पर रोक लगा दी गई है।

नगर निगम का विशेष सम्मिलन आज

## आज 9 अहम प्रस्तावों पर होगी सीधी बहस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम का विशेष सम्मिलन आज मंगलवार, 24 मार्च को सुबह 11:30 बजे छत्रपति शिवाजी भवन स्थित सभागृह में आयोजित होगा। बैठक की अध्यक्षता निगम अध्यक्ष कलावती यादव करेंगी। इस विशेष सम्मिलन में कुल 9 महत्वपूर्ण प्रकरणों पर चर्चा प्रस्तावित है, जो शहर के विकास, आधारभूत सुविधाओं और प्रशासनिक निर्णयों से जुड़े हो सकते हैं।

यह बैठक अहम मानी जा रही है, क्योंकि लिए गए निर्णय आगामी कार्ययोजनाओं और बजट उपयोग की दिशा तय करेंगे। आमतौर पर ऐसे सम्मिलनों में वित्तीय स्वीकृति, परियोजनाओं की प्रगति और नई योजनाओं पर अंतिम निर्णय लिया जाता है।



### सम्मेलन से पहले कांग्रेस ने निगम बोर्ड को घेरने की रणनीति बनाई

नगर निगम परिषद के विशेष सम्मेलन से पहले कांग्रेस ने अपनी रणनीतिक तैयारी कर ली है। सोमवार को निगम मुख्यालय में नेता प्रतिपक्ष रवि राय की अध्यक्षता में पार्षद दल की बैठक हुई, जिसमें परिषद के एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर विपक्षी रुख तय किया गया। यह रणनीति परिषद की कार्यवाही को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने की दिशा में अहम मानी जा रही है। बैठक में उपनेता राजेंद्र गब्बर कुवाल सहित कई पार्षद मौजूद रहे। कांग्रेस अब संगठित और मुद्दा-आधारित हस्तक्षेप की तैयारी में है।बैठक में राजेन्द्र गब्बर कुवाल उप नेता ,नाजिया बी सचेतक , सपना सांखला, छोटे लाल मंडोई ,अर्पित दुबे, इमरान भाई ,मुजीब सुपारी वाले , प्रेमलता रामी, मेहताब शाह लाल, जाहिद पहलवान, उपस्थित थे।

कृषि उपज मंडी की सफाई व्यवस्था राम भरोसे..

## 3 साल से बिना ठेके चल रही मंडी की सफाई! गंदगी के बीच व्यापार

### कई जगह कचरे के ढेर, कूड़ा उठाने की व्यवस्था ध्वस्त, मच्छरों के बीच रात गुजारने को मजबूर उपज लेकर पहुंचने वाले किसान, टेंडर प्रक्रिया पर उठे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



आगर रोड स्थित कृषि उपज मंडी में सफाई व्यवस्था बीते तीन वर्षों से ठेका प्रक्रिया के अभाव में अव्यवस्थित बनी हुई है। नियमित ठेका नहीं होने के कारण मंडी में सफाई कार्य अस्थायी व्यवस्था के भरोसे चल रहा है, जिसका असर अब स्पष्ट रूप से नजर आने लगा है। मंडी परिसर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं और नियमित कचरा उठाव व्यवस्था लगभग ठप हो चुकी है इसका सीधा असर यहां आने वाले किसान और व्यापारियों पर पड़ रहा है।

मंडी परिसर के कई हिस्सों में कचरे के ढेर जमा हैं और समय पर कूड़ा उठाव नहीं हो रहा। विशेष रूप से चिमनगंज मंडी क्षेत्र में कई दिनों से कचरा पड़ा रहने की शिकायत सामने आई है। इससे न केवल दुर्गंध फैल रही है, बल्कि मच्छरों की संख्या भी बढ़ रही है। बड़े मंडी परिसर में नियमित सफाई के लिए ठेका आधारित प्रणाली जरूरी होती है, जिसमें दैनिक कचरा संग्रहण, ट्रांसपोर्टेशन और निस्तारण की स्पष्ट व्यवस्था रहती है। यहां यह पूरी प्रक्रिया बाधित है, जिसके चलते सफाई कार्य केवल सीमित क्षेत्रों तक सिमट कर रह गया है।

मंडी में आने वाले किसान, जो अक्सर रात में ही अपनी उपज लेकर पहुंचते हैं, उन्हें खुले में ही रुकना पड़ता है। गंदगी और मच्छरों के कारण उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। वहीं व्यापारी वर्ग भी लगातार कचरा नहीं उठने से असंतोष जता रहा है।

### इन्होंने यह कहा..

अनाज तिलहन संघ के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल के अनुसार, पिछले तीन साल से सफाई का नियमित ठेका नहीं हुआ है। फिलहाल पूर्व ठेकेदार के माध्यम से कुछ सफाई कर्मियों को लगाकर काम चलाया जा रहा है, लेकिन यह व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। उन्होंने मंडी प्रशासन से जल्द टेंडर जारी कर स्थायी समाधान करने की मांग की है।

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार मार्च का महीना ग्रहों को गोचर के अनुसार बहुत ही रहने वाला होगा महत्वपूर्ण। जिससे कुछ राशि वालों को बदलाव देखने को मिल सकता है।

## भाग्यशाली राशियां, जिन्हें ग्रहों के संयोग से इन राशि वालों को मिलेगी सफलता



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जल्द ही साल 2026 का तीसरा महीना मार्च शुरू होने वाला है, जो ग्रहों की चाल के अनुसार बहुत ही खास रहेगा। मार्च के महीने की ग्रहों की स्थितियों में महत्वपूर्ण बदलाव देखने के मिलेगा। जिसका असर सभी 12 राशि के जातकों के ऊपर देखने को मिल सकता है। मार्च के महीने में सबसे पहले कुंभ राशि में कई ग्रहों की युति रहेगी। कुंभ राशि में सूर्य, राहु, मंगल और बुध विराजमान होंगे, जिससे चतुर्ग्रही योग का निर्माण होगा। वहीं बुधादित्य, मंगल आदित्य और नवपंचम राजयोग का निर्माण होगा। 02 मार्च को शुक्र अपनी उच्च राशि मीन में प्रवेश करेंगे जिससे मालव्य राजयोग बनेगा। 15 मार्च को सूर्य गुरु के स्वामित्व वाली राशि मीन में प्रवेश करेंगे जिससे त्रिग्रही योग का निर्माण होगा। इसके अलावा ग्रह ग्रहों का नक्षत्र परिवर्तन होगा ऐसे में आइए जानते हैं मार्च महीने की भाग्यशाली राशियां कौन-कौन सी होंगी।

### मेष राशि

- मेष राशि वालों के लिए मार्च का महीना बहुत भाग्यशाली रहेगा।
- इस माह आपके अधूरे का पूरे होंगे जिससे आपके लिए तरक्की के रास्ते खुलेंगे।
- नौकरपेशा जातकों के लिए नए-नए तरह के अवसर मिल सकते हैं।
- करियर के क्षेत्र में कोई नई तरह की उपलब्धियां हासिल कर सकती हैं।
- नए प्रोजेक्ट पर कोई उपलब्धियां हासिल हो सकती है।
- आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी जिससे आपका आत्मविश्वास ऊपर रहेगा।

### वृषभ राशि

• मार्च के महीने में कई ग्रहों के संयोग से वृषभ राशि वालों को लाभ के अवसर मिलेंगे। • कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों का भरपूर साथ और सहयोग मिलेगा। • आपके काम की सराहना होगी और किसी तरह की शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। • व्यापार में कोई अच्छा और खासा मुनाफा हासिल हो सकता है। •लंबे समय से परेशानियों में निजात मिलेगी और योजनाएं कारगर साबित होगी।

### सिंह राशि

- सिंह राशि वालों के लिए मार्च के महीने में कई तरह की उपलब्धियां हासिल हो सकती हैं।
- करियर-कारोबार में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है।
- आय में अच्छी बढ़ोतरी और अतिरिक्त स्त्रोतों में इजाफा हो सकता है।
- अच्छी समाचार सुनने को मिल सकता है जिससे आपके लिए महीना बहुत ही शुभ रहेगा।
- प्रेम और वैवाहिक जीवन में लव लाइफ अच्छी रहेगी।

### तुला राशि

- मार्च के महीने में तुला राशि वालों को भाग्य का साथ मिलेगा।
- आत्मविश्वास में वृद्धि और पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपके काम की कार्यक्षेत्र में सराहना होगी।
- नौकरी में किए गए प्रयासों की सरहना होगा जिससे आपको प्रभावों में वृद्धि होगी।
- मान-सम्मान में वृद्धि होगी और संतान की तरफ से कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकता है।

### मीन राशि

- मार्च का महीना मीन राशि वालों के लिए बहुत ही शुभ रहेगा।
- करियर के क्षेत्र में उपलब्धि के अवसर मिल सकते हैं।
- नौकरी में कुछ नया करने का अवसर मिल सकता है जिसमें कोई नई तरह की जिम्मेदारी दी जा सकती है।
- मार्च का महीना बहुत ही भाग्यशाली और ऊर्जा से भरा हुआ होगा। लाभ के जबरदस्त अवसर मिल सकता है।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 24 मार्च, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### रणकेश्वर से खाली जमीन पर फिर काम शुरू

**उज्जैन।** गाड़ी अड्डा से रणकेश्वर तक एमआर-4 रोड का काम रहवासियों के विरोध के बावजूद एक बार फिर शुरू हो गया है। कुछ दिन पहले सड़क की चौड़ाई को लेकर लोगों ने विरोध किया था। तब एजेंसी ने चार दिन काम बंद कर दिया था, पर अब रणकेश्वर मार्ग की ओर जमीन पर 24 मीटर के हिसाब से समतलीकरण का काम किया जा रहा है। सड़क के एक हिस्से में कांक्रीट की नाली भी बनाई जा रही है। रहवासी अभी भी मार्ग को 18 मीटर करने की मांग कर रहे हैं। कई लोगों ने अपने मकान-दुकान के बाधक हिस्से 18 मीटर के हिसाब से खुद ही हटा लिए है, लेकिन अब निगम इसे 24 मीटर चौड़ा बना रहा है। लोगों का कहना है कि यदि अब तोड़फोड़ होती है तो हमारे पास रहने लायक जगह भी नहीं बचेगी।

### विश्व जल दिवस पर आनंद विभाग का विशेष आयोजन

**उज्जैन।** विश्व कल्याण एवं स्वस्थ पर्यावरण की भावना को साकार करते हुए आनंद विभाग द्वारा विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को जल संरक्षण हेतु पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन सावन-भादों बिजासन माता, चामुंडा माता चौराहा पर किया गया। आनंद विभाग के जिला समन्वयक डॉ. प्रवीण जोशी ने बताया कि प्रदेश स्तर पर 20 मार्च को विश्व खुशहाली दिवस भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य में मनाया गया। वहाँ मुख्यमंत्री ने कहा था हमे भौतिक आनंद से परे अपने जीवन को परमानंद की यात्रा पर ले जाना चाहिए। इसी क्रम में उज्जैन में 22 मार्च को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, पर्यावरण शुद्धि तथा सामूहिक खुशहाली के मुख्यमंत्री के संकल्प को सशक्त करना रहा है।

### दुकानदारों को मिली विशेष छूट खत्म

**उज्जैन।** उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) द्वारा नानाखेड़ा में विकसित नैवेद्यम फूड जोन में पिछले तीन दिनों से लोगों की भीड़ उमड़ रही है। 19 मार्च गुरुवार को मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण के बाद इसे आम लोगों के लिए खोल दिया गया। लोग स्वादिष्ट व्यंजनों और आकर्षक वातावरण का आनंद लेने बड़ी संख्या में पहुंचे। इंदौर की 56 दुकान की तर्ज पर बनाए फूड जोन में कुल 34 दुकानें हैं। फिलहाल इन दुकानों के लिए टेंडर जारी नहीं हुए थे। ऐसे में लोकार्पण के बाद तीन दिनों तक दुकानदारों के लिए दुकानों को खुला रखा गया। बिना टेंडर के आए दुकानदारों ने लोगों को अपने व्यंजन पेश किए। रविवार को 34 में से लगभग 32 दुकानें भरी रहीं और खास बात यह रही कि नैवेद्यम में स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से आए श्रद्धालुओं की संख्या भी काफी अधिक रही।

### संभागायुक्त ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**उज्जैन।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने आज सम्भागीय अधिकारियों के साथ खाद्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि एवं अन्य विभागों की समीक्षा बैठक की। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कृषि कल्याण वर्ष के लिए शासन द्वारा विभागीय रूप से निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति पर कार्य करने के लिए सम्भागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि शासन ने इस वर्ष कृषि से जुड़े विभागों के लिए लक्ष्य निर्धारित किये है, उसी अनुरूप अपने-अपने विभागों के रोडमैप पर सक्रियता से कार्य करे। उन्होंने विभिन्न ?विभागों की प्रगति रिपोर्ट देखी और उसकी समीक्षा की। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य निश्चित समय-सीमा में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ करें। आमजनों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इस बात का विशेष ध्यान रखें।

### नागरिकों से रूबरू होकर जानी उनकी समस्याएं

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को सीधी जिले में अचानक पहुंचकर स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद कर प्रशासनिक व्यवस्था और योजनाओं के मैदानी क्रियान्वयन की स्थिति जानी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनसंवाद के दौरान आमजन और जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर की गई शिकायतों और जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों की कार्य प्रणाली पर विस्तार से समीक्षा एवं फीडबैक लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राप्त शिकायतों के दृष्टिगत सीधी कलेक्टर स्वरोचित सोमवंशी को तत्काल प्रभाव से हटाने और जिला सहकारी बैंक के के महाप्रबंधक पी.एस. धनवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुना जिले में तलाशी के दौरान मिली नगद राशि में हेरफेर के मामले में पुलिस अधीक्षक गुना श्री अंकित सोनी की भूमिका को यथोचित न मानते हुए पुलिस अधीक्षक पद से हटाने के निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के संदर्भ में शासन स्तर पर आवश्यक कदम भी उठाये जायेंगे। प्रदेश में सुशासन की व्यवस्था के चलते अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा की गई लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि जनकल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

## इंदौर के स्ट्राइकर्स क्लब के बाहर देर रात नशे में धुत युवकों ने किया बवाल

### युवक पर बेल्ट और लात-घूंसों से हमला, क्लब संचालक सुरक्षा और अनुशासन को लेकर गंभीर नहीं

#### हमले में युवक के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर के लसूड़िया क्षेत्र में पब संस्कृति एक बार फिर विवादों में है। बुधवार देर रात स्ट्राइकर्स क्लब के बाहर नशे में धुत युवकों ने एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले देर रात स्ट्राइकर्स क्लब से पार्टी कर बाहर निकले कुछ युवकों के बीच अपोलो बिल्डिंग के पास किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि युवकों ने आदित्य जोशी नामक युवक को घेर




लिया और उसे सड़क पर पटककर बेल्ट, लात-घूंसों से जमकर पीटा। इस हमले में युवक के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लसूड़िया क्षेत्र के पब और बार लगातार विवादों के केंद्र बनते जा रहे हैं। पहले भी यहां से निकलने वाले नशे में धुत युवक-युवतियों के बीच झगड़े और मारपीट की घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। आरोप है कि क्लब संचालक सुरक्षा और अनुशासन को लेकर गंभीर नहीं हैं। पब के बाहर होने वाले विवादों पर उनका कोई नियंत्रण नहीं रहता, जिससे सड़कों पर इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। वहीं, मामले में लसूड़िया पुलिस से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कॉल रिसीव नहीं किया गया।

### चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन हजार भक्तों ने टेका मत्था

## सिद्धपीठ बगलामुखी धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नलखेड़ा**

विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन रविवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। अवकाश का दिन होने के कारण यहाँ सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा, जिसमें करीब 50,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

#### प्रमुख आकर्षण और व्यवस्थाएं

- **आकर्षक श्रृंगार:** नवरात्रि के विशेष अवसर पर माँ बगलामुखी का दिव्य और मनमोहक श्रृंगार किया गया, जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहा।
- **सुगम दर्शन:** भारी भीड़ के बावजूद प्रशासन की सक्रियता के कारण श्रद्धालुओं को मात्र 30 मिनट में दर्शन सुलभ हो रहे थे।
- **हवन अनुष्ठान:** मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए हवन-पूजन किया।

#### लंबी कतारें और प्रशासनिक मुस्तैदी

रविवार सुबह 10:00 बजे से ही भक्तों की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। शाम की आरती तक स्थिति यह थी कि कतार का एक सिरा मंदिर के गर्भगृह में था, तो दूसरा सिरा परिसर के बाहर हनुमान मंदिर के पास स्थित वट वृक्ष तक पहुँच गया था। अत्यधिक भीड़ को देखते हुए पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी दिनभर मोर्चा संभाले रहे। हालांकि शुरूआत में भीड़ के दबाव से प्रशासन को खासी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन सुव्यवस्थित प्लानिंग से दर्शन का क्रम अनवरत चलता रहा।




#### पार्किंग स्थल हुए हाउसफुल

श्रद्धालुओं की भारी संख्या का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मंदिर के पास स्थित तीनों पार्किंग स्थल सुबह ही चार पहिया वाहनों से भर गए थे। इसके बाद पुलिस ने भारत माता स्कूल के सामने स्थित वैकल्पिक पार्किंग में वाहनों को खड़ा करवाया, जो कुछ ही देर में पूरी तरह भर गई। नवरात्रि के पिछले तीन दिनों की तुलना में रविवार को अप्रत्याशित भीड़ रही। पुलिस बल और मंदिर समिति के वॉलिंटियर्स ने मिलकर व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा ताकि किसी भी भक्त को असुविधा न हो।

### चौथी बार सड़कों पर उतरेंगे अभ्यर्थी

## शिक्षकों के 1 लाख से ज्यादा पद खाली, तीन बार आंदोलन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्यप्रदेश में शिक्षक भर्ती का मुद्दा अब बड़ा जनआंदोलन बनता जा रहा है। स्कूलों में 1 लाख से ज्यादा पद खाली होने के बावजूद भर्ती में पद नहीं बढ़ाए जाने से नाराज अभ्यर्थी 24 मार्च को भोपाल में चौथी बार बड़े आंदोलन के लिए जुटेंगे। लगातार अनदेखी से युवाओं का गुस्सा अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। कई जिलों से हजारों अभ्यर्थियों के राजधानी पहुंचने की तैयारी है। अभ्यर्थियों ने स्पष्ट कहा है कि अगर इस बार भी सरकार ने सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन अनिश्चितकालीन किया जाएगा और इसे प्रदेशव्यापी रूप दिया जाएगा।

#### पहले उग्र हो चुका है आंदोलन

फरवरी में हुए प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों ने मुंडन करवाकर और अपनी मार्कशीट जलाकर विरोध जताया था। यह नाराजगी का चरम रूप था, लेकिन इसके बावजूद भी सरकार की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। अभ्यर्थियों का कहना है कि जब इतनी बड़ी संख्या में पद खाली हैं, तो भर्ती में पद बढ़ाने में देरी क्यों की जा रही है? इसे वे शिक्षा व्यवस्था और युवाओं दोनों के साथ अन्याय बता रहे हैं। अभ्यर्थियों के मुताबिक, इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर सीधा असर पड़ रहा है और बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

**क्या हैं अभ्यर्थियों की प्रमुख मांगें-** 10,000 पद किए जाएं वर्ग-2 भर्ती में कम से कम हर विषय में पर्याप्त पदवृद्धि की जाए, वर्ग-3 भर्ती में पद बढ़ाकर न्यूनतम 25,000 किए जाएं, सेकंड काउंसलिंग प्रक्रिया जल्द शुरू हो, 3,200 विशेष शिक्षक पदों के लिए अलग भर्ती निकाली जाए

### प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर में सजेगा साकेतधाम

## फूलों से महकेगा बाबा का दरबार भक्तों के लिए लगेंगे 15-20 कूलर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

लाखों भक्तों की आस्था के केंद्र प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर में रामनवमी का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। हालांकि रणजीत लोक के काम के कारण सिमित जगह में ये आयोजन होगा। इसे लेकर प्लानिंग की जा रही है। मंदिर में साकेतधाम सजाया जाएगा। मंदिर को फूलों से सजाया जाएगा, जिनकी खुशबू से मंदिर परिसर महक उठेगा। गर्मी को देखते हुए मंदिर परिसर में भक्तों के लिए कूलर की भी व्यवस्था की जाएगी।

रणजीत हनुमान मंदिर में बीते कई महीनों से रणजीत लोक का काम किया जा रहा है। इसके चलते छोटी पार्किंग और मेन गेट से भक्तों की एंट्री बंद है। बड़ी पार्किंग से ही भक्त मंदिर में एंट्री कर रहे हैं। आगामी रामनवमी के पर्व को देखते हुए भक्तों को दिक्कत ना हो इसलिए वैसी ही व्यवस्था की जा रही है।

मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित दीपेश व्यास ने बताया कि 27 मार्च को रामनवमी पर मंदिर में साकेतधाम सजाया जाएगा। ये अयोध्या का ही प्राचीन नाम है साकेत। साकेतधाम का स्वरूप दिया जाएगा, इसकी प्लानिंग और काम शुरू हो गया है। कलाकारों द्वारा प्लाई और कपड़े से साकेतधाम तैयार किया जा रहा है। साथ ही मंदिर में फूलों से सजावट की जाएगी। 26 मार्च से दिन में सजावट शुरू हो जाएगी। जिक-जैक पैटर्न में भक्त लाइन से भगवान के दर्शन कर सकेंगे।

#### अखंड रामायण की होगी स्थापना, पंचामृत से होगा अभिषेक

उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में रामनवमी पर सुबह 6 बजे सात दिवसीय अखंड रामायणजी की स्थापना की जाएगी। 3 अप्रैल को हनुमान जयंती के अगले दिन काकड़ आरती के बाद अखंड रामायणजी का समापन होगा। रामनवमी पर सुबह 8 बजे रामजी का पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद रामजी का श्रृंगार किया जाएगा। 12 बजे रामजी की जन्मोत्सव आरती होगी। प्रसाद वितरण रहेगा और शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। रणजीत लोक के काम के चलते जगह की कमी को देखते हुए अच्छे से अच्छे काम करने कोशिश की जा रही है।

## अमेरिका- ईरान युद्ध रोकने के लिए उज्जैन में हो रहा है अनुष्ठान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन स्थित माँ बगलामुखी मंदिर में सोमवार को विश्व शांति और युद्ध विराम की कामना को लेकर विशेष यज्ञ अनुष्ठान आयोजित किया गया। बीते कई दिनों से जारी अंतरराष्ट्रीय तनाव को देखते हुए इस आयोजन में दुनिया भर के कल्याण की प्रार्थना की गई।

नवरात्रि के पावन पर्व पर शुरू हुए इस 9 दिवसीय यज्ञ में 100 से अधिक पंडित-पुजारी



भाग ले रहे हैं। सोमवार को हुए अनुष्ठान में विशेष रूप से विश्व शांति के लिए आहुतियां दी गईं। मंदिर के गादीपति रामनाथ महाराज ने बताया कि दस महाविद्याओं का पूजन 51 बटुकों के साथ संपन्न कराया गया। वर्तमान में चल रहे युद्ध को लेकर माता से प्रार्थना की गई कि इस विनाशकारी स्थिति का जल्द अंत हो। पूरे अनुष्ठान में विधि-विधान से पूजन, अभिषेक और हवन किया गया। इसमें विशेष रूप से मिर्ची अनुष्ठान भी शामिल रहा, जिसे संकट निवारण और शत्रु बाधा समाप्ति के लिए किया जाता है।

### निराकरण हेतु समीक्षा बैठक सम्पन्न

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में समय-सीमा के पत्रों के निराकरण तथा विभिन्न प्राथमिकता वाले विषयों की समीक्षा हेतु बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से राजस्व अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से किया जाए। बैठक में इंदौर डॉ. परीक्षित झाड़े, श्रीमती निशा डामोर, आकाश सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### दर्शन आम भक्तों के लिए सीमित

## उज्जैन में हरसिद्धि ही नहीं अवंतिका देवी का भी शक्तिपीठ

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

नवरात्रि के दौरान शहर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि उज्जैन में एक नहीं, बल्कि दो शक्तिपीठ हैं—पहला हरसिद्धि माता मंदिर और दूसरा अवंतिका देवी, जो महाकाल मंदिर परिसर में स्थापित है। मान्यता है कि हरसिद्धि में सती की कोहनी गिरी थी, जबकि अवंतिका देवी के स्थान पर सती के होंठ गिरे थे। इन देवी को उज्जैन की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है।

ज्योतिर्विद के अनुसार, नवरात्रि में इनकी आराधना से साधक को यश और कीर्ति प्राप्त होती है तथा शहर का चहुंमुखी विकास देवी के आशीर्वाद से होता है। पहले यह मंदिर एक ऊंची टेकरी पर स्थित था, जहां से हरसिद्धि और अवंतिका देवी दोनों के दर्शन होते थे, लेकिन समय के साथ निर्माण कार्यों के कारण वह टेकरी समाप्त हो गई। अब यह मंदिर महाकाल मंदिर के पालकी द्वार के पास, श्रीराम मंदिर के पीछे स्थित है। पं. व्यास के अनुसार, मुंबई की मुंबा देवी की तरह अवंतिका देवी का भी विशेष महत्व है। यह देवी शहर की अधिष्ठात्री मानी जाती हैं। इनका उल्लेख देवी भागवत सहित अन्य धार्मिक ग्रंथों में भी मिलता है। महाकाल मंदिर के पुरोहित पं. लोकेंद्र व्यास के अनुसार, यह शक्तिपीठ पुराणों में वर्णित है और यहां देवी के खड़ी मुद्रा में स्वयंभू दर्शन होते हैं।

### संगठन को धार देने की तैयारी में जुटी

## कांग्रेस पार्टी ने जिला स्तर पर शुरू किया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

दिल्ली में हुई अहम बैठक के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस ने संगठन विस्तार की प्रक्रिया तेज कर दी है। लंबे इंतजार के बाद अब जिला कार्यकारिणी की घोषणा शुरू हो गई है और नवरात्र के अंदर अधिकांश जिलों में नई टीम सामने आ जाएगी।

दो दिन तक चली मंथन बैठक में संगठन को मजबूत करने की रणनीति तय हुई। इसके तुरंत बाद जिला कार्यकारिणी घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पार्टी नेतृत्व ने साफ संकेत दिए हैं कि अब देरी बर्दाश्त नहीं होगी।

जिला अध्यक्षों की नियुक्ति तो पहले ही हो चुकी थी, लेकिन कार्यकारिणी घोषित न होने से सवाल उठ रहे थे। कुछ जिलों में सूची जारी हुई भी, लेकिन पदों की संख्या ज्यादा होने पर उन्हें निरस्त करना पड़ा। अब नई गाइडलाइन के तहत संतुलित टीम बनाई जा रही है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक नवरात्रि के भीतर अधिकांश जिलों की कार्यकारिणी घोषित कर दी जाएगी। इसे आगामी चुनावों की तैयारी से जोडकर देखा जा रहा है। जबलपुर ग्रामीण, श्योपुर, कटनी शहर और बड़वानी जिलों की नई कार्यकारिणी घोषित की जा चुकी है।

**जमीनी स्तर पर भी संगठन मजबूत-** संगठन विस्तार के तहत 88 नगर अध्यक्ष और 21 मंडल अध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई है। इसका मकसद बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करना है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और संगठन प्रभारी हरीश चौधरी लगातार प्रदेश का दौरा कर रहे हैं। उनका फोकस बूथ स्तर पर नेटवर्क मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर है।



## न्यूज-कॉलम



### मड़ई उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ

**बाग।** मध्य प्रदेश शासन के द्वारा जनजातिय संग्रहालय भोपाल की और से आयोजित तीन दिवसीय मड़ई उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ जहां प्रमुख आकर्षण के रूप में गोंडवाना की वीरांगना रानी दुगावंती के अदम्य साहस, मुगलों के खिलाफ संघर्ष और १५६४ में उनके बलिदान की गौरवगांथा को झांकी के माध्यम से जीवंत किया गया । यह उत्सव स्थानीय संस्कृति देवी आराधना और सामाजिक मेल मिलाप का प्रतीक है । रानी दुर्गावती की कहानी का चित्रण मड़ई में रानी दुर्गावती के बचपन, चंदेल वंश में जन्म ,गोड राजा दलपत शाह के साथ विवाह और उनके कम उम्र में शासन संभालने की कहानी दिखाई गई । वीरता का प्रदर्शन झांकी के माध्यम से यह दिखाया गया है कि कैसे रानी ने अकबर की विशाल सेना को डटकर मुकाबला किया और अंततः 24 जून 1564 को मातृभूमि की रक्षा के लिए वीरगति को प्राप्त हुई । उक्त कार्यक्रम मे संघ के धार विभाग के संघचालक भूपेंद्र कसेरा, विभाग समरसता संयोजक कमलेश राठी व बाग क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरीक उपस्थित थे, कलाकारो की शानदार प्रस्तुतियो को देखने के लिए बडी संख्या मे दर्शक मौजूद रहे !

### फार्मर रजिस्ट्री कार्य को मिशन मोड़ में चला कर प्रगति की जाए -कलेक्टर



**आलीराजपुर,।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से ५० दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेकर निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मुख्य सचिव की वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) के पालन प्रतिवेदन बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के बिंदुओं एवं पूर्व बैठक की कार्यवाही की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य को अभियान के रूप में संचालित कर तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी पात्र हितग्राहियों की समग्र आईडी बनवाना सुनिश्चित करें।

### जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक का हुआ आयोजन



**आलीराजपुर।** कलेक्टर सभागृह में आज जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की द्वारा की गई। बैठक का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया, जिसमें जिले में बच्चों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई।बैठक में स्पॉन्सरशिप योजना, फास्टर केयर योजना, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सहायता योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इन योजनाओं के माध्यम से असहाय, अनाथ और अभिभावकविहीन बच्चों के पुनर्वास,शिक्षा और संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने कहा कि बैठक का उद्देश्य केवल औपचारिकता नहीं होना चाहिए, बल्कि इससे जुड़े सभी विभागों और समितियों को बच्चों के कल्याण हेतु जिम्मेदारी से कार्य करना चाहिए।

### प्रकटेश्वर मंदिर में पंचांग पूजन के साथ मनाया ज्योतिष दिवस

**उज्जैन।** प्रकटेश्वर महादेव मंदिर में गुड़ी पड़वा पर विक्रम संवत 2083 के पहले दिन पंचांग पूजन और ध्वजारोहण के साथ नव संवत्सर की शुरूआत हुई। कार्यक्रम विक्रम उत्सव के तहत आयोजित किया गया। आयोजन सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, महाराज विक्रमादित्य शोधपीठ, सम्राट विक्रमादित्य विद्वत परिषद, पूर्ण फाउंडेशन और मंदिर की शिव विष्णु समिति के संयुक्त सहयोग से हुआ। अतिथि के रूप में प्रो. अर्पण भारद्वाज मौजूद रहे। संचालन राम तिवारी ने किया। इस अवसर पर राजेश कुशवाह, नरेश शर्मा, मंदिर पुजारी घनश्याम शर्मा, डॉ. दिलीप सोनी, रमन सोलंकी मौजूद थे।

### गांव सामानेरा में निकाली गई कलश यात्रा

**उज्जैन ।** शुक्रवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत तराना की ग्राम पंचायत सामानेरा में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मां ब्राह्मणी धाम माता मंदिर में जल कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी मनरेगा श्री रमेश भारती द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल को सहेजने उसे संरक्षित करने के संबंध में उपस्थित ग्रामीणों को अवगत करवाया ।

### गणगौर पर गूंजा निमाड़ का रंग, भजन संध्या में हुआ भव्य सम्मान

**खरगोन ।** गणगौर पर्व के पावन अवसर पर गांधी नगर स्थित महामृत्युंजय धाम में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें निमाड़ की संस्कृति और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## मोहल्लों में निकलीं गणगौर माता :
# महिलाओं ने विधि-विधान से पिलाया जल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



निमाड़ अंचल के प्रमुख लोकपर्व गणगौर की धूम रविवार को पूरे नगर में देखने को मिली। नगर सहित विभिन्न मोहल्लों में गणगौर माता के रथ निकाले गए, जहां महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ माता को जल पिलाकर पूजा-अर्चना की। घर-घर से निकलीं गणगौर माता की झांकियों ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया।

ढोल-ताशों और पारंपरिक गीतों के बीच श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए, वहीं महिलाओं ने गणगौर माता की जय के जयकारों के साथ उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव केवट समाज और कहार समाज के बीच पहुंचे। उन्होंने गणगौर माता को चुनरी अर्पित कर आशीर्वाद लिया।

विधायक के आगमन पर समाजजनों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान विधायक राजकुमार मेव ने केवट समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए 11 लाख रुपये की घोषणा की, जिससे समाज में हर्ष का माहौल बन गया।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पाटीदार, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शर्मा, पार्षद एवं समाजसेवी नितिन पाटीदार, मंडल महामंत्री अनिरुद्ध हलवे, अंकित बिट्टू जैन, रोहित केवट सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई।वहीं नर्मदा घाट पर नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे के निर्देशन में घाट की आकर्षक लाइटिंग कर सजावट की गई। नगर परिषद द्वारा साउंड सिस्टम के माध्यम से गणगौर माता के पारंपरिक गीतों का प्रसारण किया गया, जिस पर महिलाएं भक्ति भाव से झूमती नजर आईं।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए थाना प्रभारी पंकज तिवारी के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन द्वारा नर्मदा घाट सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। पूरे आयोजन के दौरान पुलिस बल मुस्तैद रहा।गणगौर पर्व के इस आयोजन ने नगर में आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का सुंदर संदेश दिया। मोहल्लों में निकली माता की झांकियों और नर्मदा तट पर हुए धार्मिक कार्यक्रमों ने पूरे मंडलेश्वर को भक्तिमय वातावरण में रंग दिया।

# कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डरों की वितरण व्यवस्था के संबंध में निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति एवं भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निदेशों के अनुपालन में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के द्वारा मध्यप्रदेश के कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डरों के वितरण के संबंध आवंटन प्राथमिकता का क्रम निर्धारित किया गया है।

मध्यप्रदेश शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के उप सचिव श्री बीके चंदेल ने प्रदेश के समस्त कलेक्टर्स को परिपत्र जारी कर निर्देशित किया है । पत्र में उल्लेखित किया गया है कि पहले क्रम पर शैक्षणिक संस्था एवं चिकित्सा संस्थानों को, दूसरे क्रम पर आवश्यक सेवाये, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस/सुरक्षा बल/पुलिस बल/जेल/ सामाजिक न्याय विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग, अन्य विभाग के संस्थान जहां वृद्ध, महिला एवं बच्चे निवासरत है, एयरपोर्ट, रेल्वे, दीनदयाल रसोई केन्द्रों को, तीसरे क्रम पर होटल, रेस्टोरेंट एवं केटर्स, ढाबा, स्ट्रीट फूड वेंडर को, चौथे क्रम पर उद्योग (फार्मास्युटिकल/फूड प्रोसेसिंग/पोल्ट्री फूड/सीड प्रोसेसिंग) को तथा पांचवे क्रम में अन्य उद्योगों को कमर्शियल एलपीजी का वितरण सुनिश्चित किया जाये। कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डरों की आपूर्ति 5, 9, 47.5 और 425 किलोग्राम के पैक्ड सिलेण्डरों में की जायेगी।

साथ ही पत्र में यह भी उल्लेखित किया गया है कि जिला प्रशासन कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डरों का डायवर्जन, जमाखोरी, अवैध भण्डारण, कम तौल तथा कालाबाजारी को रोकने के लिए नियमित निरीक्षण एवं कार्यवाही करेगा। भारतीय न्याय संहिता 2025 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955, द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आदेश 2000 और चोर बाजारी निवारण और आवश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम 1980 के किसी भी प्रावधान के उल्लंघन के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## सुरेश्वर जी महाराज का हुआ मंगल प्रवेश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



मोहनखेड़ा महातीर्थ पर होने वाले नवपद ओली जी में निश्रा देने जा रहे गच्छाधिपति आचार्य श्री नित्य सेन सूरी जी एवं साधु साध्वी मण्डल का कुक्षी से होते हुए गुरुदेव जयंत सेन सुरीश्वर जी की मोन साधना एवं हृदय स्थली बाग नगर में भव्य प्रवेश हुवा। जैन श्री संघ ने बैंड बाजों के साथ गुरुदेव की अगवानी की। । प्रातः 8 बजे वरघोड़ा जबरेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर नगर में प्रवेश किया।

समाज जनों ने अपने अपने निवास पर गुरुदेव की गहूली की तत्पश्चात श्रीसंघ द्वारा नव निर्मित विमल जयंत मांगलिक भवन का वाक्षेप डाल कर एवं कुंकुम पगलिए से लोकार्पण किया साथ में मुनि भगवंत श्रीसंघ अध्यक्ष अमित जैन एवं सभी समाज जन मौजूद थे। जैसे ही विमल जयंत मांगलिक भवन का लोकार्पण हुआ युवाओं ने भगवान एवं गुरुदेव के जयकरो से माहौल गुंजायमान कर दिया ।

गुरुदेव ने भवन की भव्यता और सुंदरता देख समाज अध्यक्ष एवं कमेटी की तारीफ की। तत्पश्चात जैन मंदिर में विमल नाथ भगवान के दर्शन वंदन करते हुवे पुण्य सम्राट प्रवचन हाल में गुरु गुणानुवाद सभा का आयोजन हुआ गुरुदेव को कामली ओढ़ने का लाभ सुशील कुमार राजमल घोड़ा वाला परिवार ने लिया एवं गुरुदेव के प्रथम वाक्षेप पूजा का लाभ प्रकाश चंद रूपचंद संघवी परिवार ने लिया।

## नवोदय विद्यालय में छात्रा कु. प्रज्ञा का चयन

**बुरहानपुर।** शासकीय प्राथमिक कन्या शाला बिरोदा की छात्रा कु. प्रज्ञा किरण तायडे का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर पालको ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसका श्रेय शाला के शिक्षक सीमा महाजन एवं सुमित्रा महाजन को दिया। विद्यालय परिवार ने छात्रा को हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। छात्रा कु. प्रज्ञा तायडे का नवोदय विद्यालय में चयन होना समस्त क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है। नवोदय विद्यालय में चयन होने से विद्यालय में प्रतिस्पर्धा का माहौल बनेगा7 इस उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों तथा ग्रामवासियों में खुशी की लहर व्याप्त है।



## ग्रामवासियों की मंशानुरूप सड़कों का होगा निर्माण-विधायक

**सनावद।** बड़वाह विधानसभा के सनावद,बड़वाह और बेड़िया क्षेत्र के ग्रामवासियों की मंशानुरूप मुख्यमंत्री मंजरा टोला सड़क योजना के अंतर्गत 42सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव मप्र शासन को प्रेषित किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए विधायक सचिन बिरला ने बताया कि बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के दौरे के समय सनावद,बड़वाह और बेड़िया ग्रामीण मंडलों के ग्रामवासियों ने सुचारु आवागमन के लिए सड़कों के निर्माण की आवश्यकता बताई है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने संपूर्ण प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और समृद्धि की नई इबारत लिखने के लिए मुख्यमंत्री मंजरा टोला सड़क योजना का क्रियान्वयन शुरू किया है। इस योजना के तहत वर्षों से सड़क निर्माण की बाट जोह रहे सुदूरवर्ती ग्रामवासियों का सड़कों का स्वप्न साकार होगा।विधायक ने बताया कि मंजरा टोला सड़क योजना के अंतर्गत सनावद ग्रामीण मंडल के ग्राम खेड़ी से इंदौर-इच्छापुर हाईवे तक 0.909 किमी,सताजना राहड़कोट रोड से कालबरड़ तक 0.66 किमी, इंदौर-इच्छापुर रोड से राप्या थाप्या बेड़ा तक 1.175 किमी,मोखनगांव से कान्हा गौशाला तक 0.759 किमी सड़क निर्माण का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है।

# पावर सेक्टर में विशेषज्ञता ही भविष्य की चुनौतियों का सटीक समाधान : एमडी तिवारी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के सेंट्रल जोन के कार्यपालन अभियंताओं की समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने कहा कि पावर सेक्टर, विशेषकर ट्रांसमिशन क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल कर युवा इंजीनियर न केवल भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकते हैं, बल्कि कंपनी की उत्कृष्टता को भी बनाए रख सकते हैं।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भी विशेषज्ञता को जटिल चुनौतियों से निपटने का सबसे सटीक समाधान माना जा रहा है। सेंट्रल जोन के लगभग ३५ कार्यपालन अभियंताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जो अभियंता किसी विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करना चाहते हैं, कंपनी उन्हें उनकी रुचि के अनुसार देश के उच्च स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भेजने के लिए सदैव तत्पर है।

प्रबंध संचालक ने नई पीढ़ी के अभियंताओं से मेंटोरशिप संस्कृति विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निर्माण इकाइयों एवं फैक्ट्रियों में मटेरियल इंस्पेक्शन के दौरान सीखने के व्यापक अवसर होते हैं। विशेष रूप से ट्रांसफॉर्मर निरीक्षण के दौरान तकनीकी बारीकियों को समझकर अभियंता अपने कौशल को उन्नत कर सकते हैं। इस प्रकार अर्जित ज्ञान भविष्य में नव-नियुक्त इंजीनियरों के प्रशिक्षण में भी सहायक होगा।

उन्होंने बताया कि कंपनी में संभागीय स्तर तक ई-ऑफिस प्रणाली का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हो चुका है। सभी अधिकारियों को इसका अधिकतम उपयोग करने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि इससे न केवल कार्यकुशलता बढ़ती है, बल्कि निर्णय प्रक्रिया में भी तेजी आती है।

यह पहल कंपनी को डिजिटाइजेशन की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। साथ ही उन्होंने स्वदेशी तकनीकों को अपनाने पर भी जोर दिया।

प्रबंध संचालक ने स्पष्ट किया कि जीरो एक्सीडेंट कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने निर्देश दिए कि ट्रांसमिशन एलिमेंटस के रखरखाव के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही चेतावनी दी कि दुर्घटना के लिए जिम्मेदार पाए जाने वाले अधिकारियो पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

एमपी ट्रांसको की परंपरा के अनुसार समीक्षा बैठक की शुरूआत राष्ट्रीय गीत व्वंदे मातरम के सभी छहों छंदों के सामूहिक गायन से हुई। बैठक के समापन पर राष्ट्रगान का भी सामूहिक रूप से गायन किया गया।

## आरटीई में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया में आवेदन के लिए मात्र 16 दिन का समय

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत निजी स्कूलों में ऑनलाइन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण की शुरूआत हो चुकी है। इसमें केवल 16 दिन का समय ही दिया है। इस कारण पालक निराश हैं। प्रथम चरण में ऑनलाइन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत 5600 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(ग) के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया की जा रही है। जिसमें प्रवेश के लिए पात्र बच्चों के अभिभावक अपने ग्राम, वार्ड, पड़ोस और विस्तारित पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूल में से न्यूनतम 3 स्कूलों और अधिकतम 10 स्कूलों का चयन कर निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार की यह प्रक्रिया 13 मार्च से शुरू हो चुकी है, जो 28 मार्च तक चलेगी। यानी प्रथम चरण में कुल 16 दिन ही अभिभावकों को आवेदन के लिए मिले हैं। इस दौरान कई शासकीय छुट्टियां भी हैं। जिसके कारण अभिभावक नाराज हैं। क्योंकि आवेदन के बाद इसका सत्यापन भी शासकीय जनशिक्षा केंद्र पर करवाना है। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल की ओर से यह शेड्यूल जारी हुआ है। इसलिए हम इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की।

## भाजपा किसान मोर्चा द्वारा सेवा पखवाडा मनाने हेतु बैठक आयोजित

**रतलाम।** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जिला भाजपा किसान मोर्चा द्वारा भाजपा कार्यालय पर परिचय एवं सेवा पखवाड़ा मनाने के लिए जिला बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि संभाग प्रभारी एवं भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री हरिनारायण यादव, संभाग सहप्रभारी प्रदेश मंत्री अर्जुन रघुवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष शंकरलाल पाटीदार थे सर्वप्रथम भगवान बलराम, दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण अतिथियों द्वारा किया गया! स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष रामसिंह सिसोदिया ने दिया बैठक में अतिथि परिचय के पश्चात बैठक में उपाध्यक्ष शंकरलाल पाटीदार ने बताया की आगामी कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जावेगा! संचालन भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री बद्रीलाल चौधरी ने करते हुए अपने उदबोधन में यह कहा कि प्रदेश संगठन द्वारा तय किया गया की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का जन्मदिन २५ मार्च को रतलाम कृषि उपज मंडी में किसान भाइयों के बीच में मनाया जावेगा। बैठक में अतिथियों का दुपट्टा एवं पुष्पमाला से स्वागत किया।

# नवरात्रि के पावन पर्व पर वासुकीनाथ बाबा का दिव्य अभिषेक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

चैत्र सुदी पंचमी एवं पावन नवरात्रि के दिव्य संयोग में शिव शक्ति वासुकी धाम, स्नेह नगर (८० फीट रोड) में वासुकीनाथ बाबा का भव्य, अलौकिक एवं आध्यात्मिक अभिषेक हवन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और दिव्य ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। मंत्रों की पवित्र ध्वनि, धूप-दीप की सुगंध और भक्तों की आस्था ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक चेतना से ओतप्रोत कर दिया।इस पुण्य अनुष्ठान का संचालन विद्वान आचार्यों पंडित जगदीशचंद्र शर्मा, पंडित प्रवीण शर्मा एवं पंडित दीपक शर्मा के सान्निध्य में हुआ, जिन्होंने वैदिक विधि-विधान से अभिषेक एवं हवन संपन्न कराया।

कार्यक्रम के मुख्य यजमान मोतीलाल पिरोदिया रहे। सह-लाभार्थियों में रवि पाटीदार (मनासा खुर्द), समरथ पांचाल, शुभ दशोत्तर, भगवती शंकर रावल, योगेन्द्र सिंह राठौड़, मुकेश पांचाल, कमल राठौड़, शंकरलाल अंजना, दिलीप प्रजापत, अर्पित मेहरा, राजेश सुराणा एवं हेमन्त मूणत सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सहभागी बनकर हवन-पूजन का पुण्य लाभ अर्जित किया।

प्रातः काल में वासुकीनाथ बाबा का अभिषेक दूध, दही, पंचगव्य एवं पवित्र जल से विधिपूर्वक किया गया। धार्मिक मान्यता है कि बाबा के चरणों में अर्पित जल की प्रत्येक बूंद जीवन के समस्त दुःख, रोग, भय और मानसिक अशांति को हरकर श्रद्धालु के जीवन में नई ऊर्जा, आत्मबल और सकारात्मक परिवर्तन का संचार करती है।स्नेह नगर विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती चेतना पाटीदार ने बताया कि वासुकीनाथ बाबा की असीम कृपा से यहां प्रतिमाह उजियारी पंचमी एवं प्रत्येक रविवार को विशेष पूजन-अभिषेक आयोजित होता है। इन आयोजनों से अनेकों श्रद्धालुओं ने चमत्कारी अनुभव प्राप्त कर अपने जीवन में सुख, शांति और संतुलन का अनुभव किया है।

भक्तों की गहरी आस्था है कि बाबा के अभिषेक से कालसर्प दोष, पितृ दोष, नकारात्मक शक्तियों का प्रभाव, पारिवारिक तनाव एवं मानसिक कष्ट स्वतः शांत हो जाते हैं। श्रद्धालु सफेद पुष्प एवं नारियल अर्पित कर तीन परिक्रमा करते हुए अपनी मनोकामनाएं व्यक्त करते हैं, जो बाबा की कृपा से शीघ्र पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख, समृद्धि एवं मंगल ऊर्जा का वास होता है।

इस अवसर पर सूखे नारियल को अपने ऊपर से तीन बार उतारकर हवन कुंड में समर्पित करने की विशेष व्यवस्था भी की गई, जिसे नकारात्मक शक्तियों के शमन एवं जीवन में शुभता लाने का प्रभावी आध्यात्मिक उपाय माना जाता है। यह दिव्य आयोजन न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान रहा, बल्कि समाज में आस्था, एकता, सकारात्मकता और आध्यात्मिक जागरण का प्रेरक संदेश देकर हर हृदय में विश्वास की नई ज्योति प्रज्वलित कर गया।

## रामनवमी पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**रतलाम।** विगत 7 वर्ष से इंद्रलोक नगर से श्री रामनवमी पर निकलने वाली शोभा यात्रा इस बार फिर बड़ी धूमधाम से मनाने की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है। इस संबंध में कल श्री राम नवमी महोत्सव समिति सदस्यों तथा क्षेत्रीय नागरिकों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें शोभा यात्रा को भव्य बनाने की तैयारी पर चर्चा की गई दिनांक 26 मार्च को शाम को 5 बजे इंद्रलोक नगर स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होने वाली इस शोभायात्रा में रामरथ के साथ-साथ झांकी बैंड डीजे ढोल घोड़ी ऊंट आर्केस्ट्रा के साथ-साथ बाल हनुमान की टोली भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।आयोजन समिति की ओर से शहर की जनता से अपील की गई है की रामनवमी के पावन पर्व पर निकलने वाली इस झांकी एवं शोभा यात्रा में अधिक से अधिक की संख्या में भाग ले तथा श्रद्धालुओं का स्वागत व सत्कार करें। शोभा यात्रा का समापन अलकापुरी होते हुए मुख्य मार्ग से गुजरकर श्री राम मंदिर पर होगा जहां महा आरती के पश्चात प्रसादी का वितरण होगा।

## इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया

**रतलाम।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पाइपलाइन विभाग, द्वारा कोयली-रतलाम पाइपलाइन की सुरक्षा तैयारियों का आकलन करने हेतु आज २३ मार्च को ग्राम बिबडोद रतलाम में पाइपलाइन के २४७ किलोमीटर (चेनाज) बिंदु पर ऑफ-साइट मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान तेल रिसाव की आपात स्थिति का अभ्यास किया गया। सूचना प्राप्त होते ही सहायक प्रबंधक एवं उनकी टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का त्वरित आकलन किया। टीम द्वारा क्षेत्र की बैरिकेडिंग कर उसे सुरक्षित किया गया तथा आसपास उपस्थित ग्रामीणों एवं कामगारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। फायर ब्रिगेड एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं को भी तत्काल मौके पर बुलाया गया।

प्राथमिक उपचार प्रदान करने के पश्चात घायल व्यक्ति को निकटतम अस्पताल भेजा गया। पुलिस एवं प्रशासन की टीम ने भी समय पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। इस मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन, फायर ब्रिगेड, एस डी ई आर एफ एवं इंडियन ऑयल की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा उत्कृष्ट समन्वय और तत्परता का प्रदर्शन किया।

## आंगनबाड़ी केंद्रो पर विद्यारंभ कार्यक्रम का आयोजन 24 मार्च को किया जाएगा

**रतलाम।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री रामनिवास बुधौलिया ने बताया कि रतलाम जिले के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर 24 मार्च मंगलवार को बाल चौपाल दिवस के दौरान प्रातः 10 बजे से ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रो में पंजीकृत 5 से 6 साल के कुल 25035 बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त करने के रूप में विद्यारंभ प्रमाण पत्र दिया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक आगंनवाडी केंद्र पर किया जाएगा।

## न्यूज -कॉलम

### चाकू मार महिला को दी जान से मारने की धमकी



**उज्जैन।** आगररोड स्थित सांवरिया किराना दुकान के सामने से गुजर रही अलकमा पति फिरोज अंसारी 19 साल निवासी विराटनगर को गुलमोहर कालोनी में रहने वाले अल्फेज और उसके 2 साथियों ने रोका और चाकू जैसी नुकीली वस्तु से मारा। अल्फेज ने महिला को जान से मारने की धमकी दी और भाग निकला। घायल अलकमा को देख लोगों ने उसके परिजनों को सूचना दी। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस ने अलकमा के बयान दर्ज कर अल्फेज और उसके 2 साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। चिमनगंज थाना पुलिस के अनुसार फिलहाल महिला के साथ हुई घटना का कारण सामने नहीं आया है। घायल महिला भी कुछ नहीं बता पा रही है। आरोपी अल्फेज के हिरासत में आने पर धारदार वस्तु से मारने की वजह सामने आ पायेगी।

### रिश्तेदारों के मिलने पर मृतक का हुआ अंतिम संस्कार

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन के सामने 3 दिन पहले वृद्ध बीमार हालत में मिला था। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। देवासगेट पुलिस ने मर्ग कायम कर उसकी पहचान के प्रयास शुरू किये। क्षेत्र में मृतक का फोटो दिखाकर पूछताछ शुरू की गई। इंदौरगेट पर कुछ लोगों ने बताया कि मुन्ना भोई है। सालों पहले पत्नी की मौत हो चुकी है, किराये से रहता था मजदूरी करता था, लेकिन बीमारी के चलते भिक्षावृत्ति करने लगा था। एक बेटी है जिसकी शादी हो चुकी है, उसका पता नहीं है। प्रधान आरक्षक सुमित सोनाने ने मृतक का नाम सामने आने पर उसके समाजजनों से संपर्क किया। मांझी समाज की धर्मशाला पहुंच अध्यक्ष से चर्चा की, समाज अध्यक्ष ने दूर के रिश्तेदारों की जानकारी दी। प्रधान आरक्षक आगर नाके पहुंचा और रिश्तेदार बाबूलाल रायकवार को जानकारी दी। रिश्तेदारों ने अंतिम संस्कार की बात कहीं और पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचे। सोमवार दोपहर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव रिश्तेदारों को सौंपा। प्रधान आरक्षक के अनुसार अगर रिश्तेदारों की जानकारी नहीं मिलती तो शव का दफनाना पड़ता। लेकिन प्रयास करने की वजह से मृतक का विधि अनुसार अंतिम संस्कार हो गया।

### हम्माली कर लौट रहे युवक पर बदमाश ने किया हमला

**उज्जैन।** कोर्ट चौराहा बड़नगर में रविवार रात अनाज मंडी से हम्माली कर लौट रहे निर्मल पिता सुन्दरलाल चौहान 29 साल को क्षेत्र के बदमाश राहुल परमार ने रोक लिया और शराब के लिये रूपयों की मांग करने लगा। निर्मल ने रूपये देने से मना किया तो बदमाश ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल को उपचार के लिये ब?नगर अस्पताल लाया गया। जहां से उपचार के लिये उज्जैन रैफर किया गया। मामले में बड़नगर पुलिस ने बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है।

### पहले टक्कर मारी, फिर बाइक में की तोड़फोड़

**उज्जैन।** तराना के ग्राम करंज में पेट्रोल पंप के सामने तेजगति से आ रहे बाइक सवार युवक ने दूसरी बाइक पर सवार चेतन पिता विनोद जावा निवासी वाल्मिकी कालोनी को टक्कर मार दी। चेतन गिर गया उसे चोंट लगी। उसने बाइक सवार को देखकर गाड़ी चढ़ाने की बात कहीं तो उसने चेतन को गाली-गलौच करते हुए उसकी बाइक को पत्थरों से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। आसपास के लोगों ने घटनाक्रम देखा तो एकत्रित हो गये। टक्कर मारने और बाइक क्षतिग्रस्त करने वाला भाग निकला। तराना पुलिस ने मामले में चेतन की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### अडीबाजी करने वाला हिस्ट्रीशिटर बदमाश पकडाया

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम डेलची-कपेली मार्ग चाक्या फंटा पर 20 मार्च को ग्राम कपेली में रहने वाले मोहन पिता नानूराम योगी का रास्ता रोक आदतन बदमाश देवकरण पिता भगवानसिंह गुर्जर निवासी उमराझर ने अडीबाजी करते हुए शराब के रूपये मांगे थे। मोहन के मना करने पर लाठी से हमला कर जान से मारने की धमकी दी थी। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि मामले में अवैध वसूली और मारपीट करने का प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू की थी। जिसे सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी आदतन बदमाश है। जिसके खिलाफ बाउंड ओव्हर की कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। बदमाश के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई भी की जायेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | | 399-1 | 278-7 |
| मेन बाजार | | 130-4 | 678-1 |
| कल्याण नाइट | | 478-9 | 250-7 |
| मिलन डे | | 680-4 | 100-1 |
| मिलन नाइट | | 158-4 | 158-4 |
| मधुर डे | | 136-0 | 258-5 |
| मधुर नाइट | | 139-3 | 889-5 |
| शुभांक | 1 | 6 | 9 |

आसपास की 2 दुकाने भी लपटों से घिरी, लाखों का नुकसान...

# शार्ट सर्किट के बाद फर्नीचर कारखाने में लगी भीषण आग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आगररोड खिलचीपुर में सोमवार देर शाम शार्ट सर्किट के बाद फर्नीचर कारखाने में भीषण आग लग गई। लपटे काफी तेजी से फैली और आसपास की 2 दुकाने भी चपेट में आ गई। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के खिलचीपुर में लाइफ स्टाइल फर्नीचर का कारखाना संचालित होता है। जिसके आसपास डेंटिंग पेंटिंग की दुकाने भी बनी हुई है। शाम 7.30 बजे के लगभग कारखाने के पास बिजली के पोल पर लगे मीटर में शार्ट सर्किट हुआ और चिंगारी फर्नीचर कारखाने पर गिरी, जो बंद था, कारखाने में सोफा बनाने का फॉम रखा था, जिनसे तेजी से आग पकड़ ली। कुछ पल में आग ने पूरे कारखाने का अपनी चपेट में ले लिया। आग समीप 2 डेंटिंग पेंटिंग और वेल्डिंग की दुकानों तक भी पहुंच गई। आग का विकराल रूप देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की खबर मिलते ही नगर निगम फायर बिग्रेड विभाग की आधा दर्जन गाडियां मौके पर पहुंच गई। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान फर्नीचर





कारखाना पूरी तरह से स्वाहा हो चुका था। जहां अलमारी, सोफे, बेड और फर्नीचर से बने अन्य घरेलू सामान रखे थे। कारखाने में आग लगने की खबर मिलते ही एजाज खान मौके पर पहुंच गये थे। उन्होने बताया कि कारखाना साजिदा कुरैशी के नाम से है। जिसका संचालक भाई द्वारा किया जाता है। उनकी दुकान एटलस चौराहा पर लाइफ स्टाइल नाम से है। कारखाने में सोफा, अलमारी, बेड का निर्माण किया जाता था। एजाज के अनुसार आगजनी में करीब 1 करोड के लगभग का नुकसान हुआ है। ईद के चलते 2 दिनों से कारखाना बंद था।

### इनकी दुकानें भी आग की चपेट में आई

फर्नीचर कारखाने की आग पास में वेल्डिंग की दुकान संचालित करने वाले विरेन्द्र दरबार और डेंटिंग पेंटिंग की दुकान संचालित करने वाले अय्युब खान के यहां तक पहुंच गई थी। उन्होने पहले खुद आग बुझाने के प्रयास किये, लेकिन विकराल हो चुकी आग पर काबू पाना नामुकिन हो चुका था। गनीमत रही बड़ी जनहानि नहीं हुई। आगजनी की खबर मिलते ही चिमनगंज थाना एसआई लक्ष्मण उईके टीम के साथ पहुंच गये थे। इस दौरान मीटर में शार्ट सर्किट होने पर क्षेत्र में अंधेरा छा गया था।

### गाड़ी हटाने पर कुछ युवकों के झुलसे हाथ

तेजी से फैल रही आग के दौरान डेंटिंग पेंटिंग की दुकान पर बाइके खडी थी। वही आसपास भी 15 से 20 बाइक खडी होने पर आसपास की दुकानों पर काम करने वाले युवकों ने बाइक हटाने के प्रयास शुरू किये। इस दौरान 4-5 युवकों के हाथ भी झुलस गये, लेकिन किसी के साथ बडी जनहानि नहीं हुई। डेंटिंग पेंटिग का काम करने वाले मंगेश बाथम ने बताया कि अगर बाइके नहीं हटाई जाती तो उन्हे भी काफी नुकसान हो जाता।

### इनका कहना

आग लगने की वजह शार्ट सर्किट होना सामने आया है। एक से डेढ़ घंटे में फायर बिग्रेड की 8 से 10 दमकलों ने आग पर काबू पा लिया था। आगजनी में नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। शिकायत मिलने पर आगे की जांच की जायेगी।

**लक्ष्मण उईके**
**एसआई चिमनगंज थाना**


राजेन्द्र नगर में हुई थी वारदात, 3 हिरासत में 1 फरार...

# कैमरों की मदद से मिला लूट में शामिल नाबलिगों का सुराग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राजेन्द्रनगर में 15 मार्च की रात 3 बजे हुई लूट की वारदात में शामिल नाबालिगों का सुराग पुलिस ने कैमरों की मदद से लगा लिया। 3 को हिरासत में लिया गया है। चौथे साथी की तलाश जारी है।

न्यू इंदिरानगर शांतिनगर के पास रहने वाले रमेशचंद्र पिता गेंदालाल जैन 65 साल राजेन्द्र नगर चौराहा पर जैन कैफे एव्हरफ्रेश की दुकान चलाते है। वह प्रतिदिन रात ढाई बजे दुकान पहुंचकर चाय-नाश्ता बनाने की तैयारी करते है। 15 मार्च को भी दुकान पहुंचे थे। रात 3 बजे के लगभग दुकान पर एक बाइक से 4 युवक आये और सिगरेट मांगी, रमेशचंद्र ने सिगरेट दी, उसी दौरान चारों ने उनका मुंह दबा दिया और उनके पास रखे 20 हजार रूपये लूटकर भाग निकले। बदमाशों द्वारा की गई लूट की सूचना वृद्ध रमेशचंद्र ने परिवार को दी, परिजनों के दुकान पहुंचने के बाद पुलिस को अवगत कराया गया। चारों बदमाश अज्ञात थे, पुलिस ने सुराग तलाशने के लिये क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। बदमाशों के भागने का रूट ट्रेस किया गया। बाइक नम्बर सामने आते ही शांतिनगर में रहने वाले 2 युवकों को रविवार-सोमवार रात हिरासत में लिया गया। दोनों नाबालिग होना सामने आये। पूछताछ करने पर दोनों ने अपने 2 साथियों के साथ लूट करना कबूल कर लिया।



सोमवार दोपहर पुलिस ने उनके तीसरे साथी को भी हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि लूट में शामिल चौथे साथी की तलाश जारी है। जल्द उसे भी कस्टडी में लिया जायेगा। फिलहाल हिरासत में आये तीनों नाबालिगों से रूपये बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं लूट में प्रयुक्त बाइक भी जप्त की जायेगी। मंगलवार को कोर्ट पेश कर बाल संप्रेक्षणगृह भेजा जा सकता है।

### प्रेम प्रसंग में जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की मौत

**उज्जैन।** प्रेमिका के दूसरे युवक से बात करने से नाराज युवक ने रविवार रात जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। सोमवार सुबह युवक की मौत हो गई।

गंभीर डेम क्षेत्र के ग्राम अम्बोदिया के समीप रहने वाले चंदर पिता भागीरथ चौहान 24 साल को रविवार रात परिजन गंभीर हालत में चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। चंदर ने जहरीला पदार्थ खाया था। उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती किया। लेकिन सोमवार सुबह चंदर की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि चंदर ने जहर खाने के बाद हालत बिगड़ने पर अपनी मां शानूबाई को बताया था। चंदर मजदूरी करता था और अविवाहित था, बताया जा रहा है कि उसका किसी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उक्त युवती दूसरे युवक से बातचीत करने लगी थी। जो चंदर का अच्छा नहीं लगा था। उसका युवती से विवाद हुआ था, जिसके बाद उसने ऐसा कदम उठाया। पुलिस के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें और मामले की जांच शुरू की जायेगी। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिये सौंपा गया है।

# हिरासत में आया लाखों के कैमरे हड़पने वाला युवक






दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फोटोग्राफर एसोसिएशन के सदस्यों ने 3 दिन पहले किराये पर लाखों के कैमरे हड़पने वाले युवक की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई थी। सोमवार को पुलिस ने उक्त युवक को हिरासत में ले लिया। जिससे 7.50 लाख के कैमरों के साथ 2.75 लाख के अन्य उपकरण बरामद किये गये है।

माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि 3 दिन पहले ग्राम भैंसादा में रहने वाले कृपाल पिता बाबूलाल सोलंकी ने फोटोग्राफर एसोसिएशन सदस्यों के साथ थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि 1 मार्च को विनायक कैफे के पास उससे अवंतिपुरा में रहने वाले रजत पिता दीपचंद बडवाया ने 2 दिनों के लिये 3 कैमरे शादी समारोह में वीडियोग्राफी के लिये किराये पर लिये थे। लेकिन अब तक नही लौटाये। कैमरे 7.50 लाख कीमत के है। मामले में अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया। वहीं रजत की तलाश के लिये एसआई सालगराम चौहान, आरती डाबर, प्रधान आरक्षक रवि शर्मा, आरक्षक संजय बिजापरी और सुभाष की टीम गठित की गई। सोमवार को रजत को पाड्याखे?ी ब्रिज के पास से हिरसत में लिया गया। जिससे पूछताछ के बाद तीनों कैमरों के साथ एक अन्य कैमरा और चार्जर एसेसरीज बरामद की गई है। जिसकी कीमत 10.25 लाख रूपये है। आरोपित युवक को सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

### ऑनलाइन गेम खेलने का आदी है रजत

थाना प्रभारी के अनुसार कैमरे हड़पने वाला ऑनलाइन गेम खेलने का आदी है। उस पर गेम खेलने के दौरान कर्ज हो गया था। जिसके चलते उसने कैमरे हड़पने की साजिश रची थी। उसके द्वारा कैमरों को ठिकाने लगाने का प्रयास किया जा रहा था। कृपाल सोलंकी के साथ एक अन्य फोटोग्राफर का कैमरा भी किराये पर फोटोग्राफी करने के नाम पर हड़प चुका था।

### कोट मोहल्ला में 2 युवकों के बीच हुआ विवाद

**उज्जैन।** कोट मोहल्ला गली नम्बर 4 में रहने वाले परवेज पिता हैदर खान 24 साल और राशिद पिता साजिद हुसैन 23 साल के बीच मामूली बात पर विवाद हो गया। दोनों के बीच गाली-गलौच शुरू हुई और मामला मारपीट में बदल गया। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया, दोनों ने एक दूसरे को जान से मारने की धमकी दी। मामला महाकाल थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### मोबाइल वापस मांगा तो चाकू से कर दिया हमला

**उज्जैन।** मक्सीरोड पर रविवार-सोमवार रात युवक को दोस्त से मोबाइल वापस मांगना महंगा पड़ गया। दोस्त ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने हमला करने वाले के खिलाफ प्राणघातक हमले का प्रकरण दर्ज किया है।

पंवासा थाना क्षेत्र के मक्सीरोड चौराहा पर रात में सेंट थॉमस स्कूल के पास रहने वाले रोहित पिता राजेश बैरागी 26 साल पर एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया। घटनास्थल के पास ही रोहित का भाई दीपक पंचर की दुकान लगाता है। दीपक को खबर मिली कि रोहित पर चाकू से हमला हुआ है तो वह मौके पर पहुंचा और घायल भाई को अस्पताल पहुंचाया। चाकूबाजी की सूचना मिलने पर पंवासा थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची। घायल के भाई दीपक की शिकायत पर मामले में धारा 109 (1), 296 (ए) का प्रकरण दर्ज किया गया। घायल के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि उस पर चाकू से हमला अजय उर्फ अप्पी ने किया है। जो बापूनगर का रहने वाला है, अजय उसका दोस्त है। उसने कुछ दिन पहले मोबाइल चलाने के लिये लिया था, रात में वह मक्सीरोड आया था, उससे मोबाइल मांगा तो विवाद करने लगा। उसे विवाद से रोकने का प्रयास किया तो चाकू मार दिये। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई के अनुसार आरोपी की तलाश में एक टीम बापूनगर भेजी गई थी, लेकिन सामने आया कि वह घूमक्कड़ प्रवृति का है और शराब पीने का आदी है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

### बैतूल से पकड़ाया मादक पदार्थ मामले में फरार आरोपी

**उज्जैन।** मादक पदार्थ मामले में 5 माह से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने बैतूल में दबिश देकर गिरफ्तार किया। रविवार रात उज्जैन लाने पर उसे सोमवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया। आरोपी के 3 साथी पूर्व में पकडे जा चुके थे।

नीलगंगा थाना पुलिस ने अक्टूबर माह में सांवराखेड़ी मार्ग से बैतूल के रहने वाले शिवा हजारे, शुभम भगत और शुभम दभांडे को गिरफ्तार किया था, जिनके पास से 37 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई थी। तीनों ने पूछताछ में ड्रग्स बैतूल के विनोभा नगर में रहने वाले दीपक उर्फ लाल हिरानी द्वारा उपलब्ध करना कबूल किया था। पुलिस ने दीपक को भी आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी। लेकिन वह फरार चल रहा था, शनिवार रात पुलिस को उसके बैतूल में होने की पुख्ता खबर मिलने पर एसआई यादवेन्द्र परिहार, प्रधान आरक्षक मंगल टेगौर और देवेन्द्र बुंदेला की टीम बैतूल रवाना हुई। जहां पहुंचकर विनोभा नगर में दबिश दी गई, फरार आरोपी दीपक गिरफ्त में आ गया। जिसे रविवार रात उज्जैन लाया गया। सोमवार को कोर्ट में पेश किया, लेकिन न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश जारी होने पर उसे केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है।


**प्री. एग्रीकल्चर टेस्ट (PAT) 2026 आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं**

| आवेदन पत्र भरने की तिथि 24.03.2026 से 07.04.2026 तक | ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी | आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि 24.03.2026 से 12.04.2026 तक |
|---|---|---|

| संभावित परीक्षा दिनांक | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|
| 08 मई 2026 से प्रारंभ | प्रथम | प्रात: 07:00 से प्रात: 08:00 बजे तक | प्रात: 09:00 से 12:00 बजे तक (03 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 01:00 से दोपहर 02:00 बजे तक | दोपहर 03.00 से 06:00 बजे तक (03 घंटे) |

**आवेदन पत्र भरने की प्रकिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियमपुस्तिका मण्डल की वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.esb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. संभावित परीक्षा शहर- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, सीधी, उज्जैन, सतना, सागर, रतलाम, नीमच एवं रीवा।
4. प्रवेश परीक्षा शुल्क*

| | |
|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए | रु 500/- |
| केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए | रु 250/- |
| ऑनलाइन आवेदन- कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क | रु. 60/- |
| अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटिजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क | रु. 20/- |

**विशेष निर्देश -**

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट, में से काई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई-आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमैट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अत: जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक है वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं sun glasses (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रकिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अत: कम्प्यूटर आधारित (Online) परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्राविधक (Provisional) होगी।

**विशेष नोट -** मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।

विज्ञापन क्र. 107/2026

संचालक

**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल**

**MADHYA PRADESH EMPLOYEES SELECTION BOARD(MPESB)**

'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011

Fax : +91-0755-2550498, Website : www.esb.mp.gov.in

म.प्र. माध्यम/125027/2026

# खोई हुई गुड़िया की कहानी



फ्रांज काफ्का बीसवीं सदी के प्रसिद्ध अस्तित्ववादी लेखक थे। वह सिर्फ 41 साल जिए, लेकिन उतने ही समय में अपनी अमिट छाप छोड़ गए। काफ्का बिल्कुल अकेले रहते थे, किसी टीले की तरह। उनके साथ एक घटना घटी, जो बहुत हृदयस्पर्शी है। एक दिन बर्लिन के पार्क में टहलते हुए उन्होंने देखा कि एक छोटी बच्ची जोर-जोर से रो रही थी, क्योंकि उसकी गुड़िया खो गई थी। वह बच्ची के पास गए और दोनों ने मिलकर गुड़िया को खोजा, लेकिन वह कहीं नहीं मिली। काफ्का ने बच्ची से कहा कि वह कल फिर आएंगे और गुड़िया खोजने में मदद करेंगे। दूसरे दिन बच्ची को दिलासा देने के लिए काफ्का एक पत्र लेकर आए। उन्होंने बच्ची से कहा, गुड़िया खोई नहीं है, बल्कि दुनिया घूमने के लिए एक यात्रा पर गई है। उन्होंने गुड़िया के डाकिया के तौर पर उससे एक चिट्ठी पाई है। तीन हफ्तों तक काफ्का ने अपना लेखन छोड़कर गुड़िया की तरफ से बच्ची को चिट्ठियां लिखीं, जिनमें उसके रोमांचक कारनामों का जिक्र था; वह उन चिट्ठियों को पढ़कर सुनाते थे, ताकि उस बच्ची को यकीन हो जाए कि गुड़िया खुश है। जब चिट्ठियों का सिलसिला खत्म होने वाला था, तो काफ्का बच्ची के लिए एक नई गुड़िया ले आए और उससे कहा, असली गुड़िया यात्राओं की वजह से बदल गई है। छोटी लड़की ने उस नई गुड़िया को सीने से लगा लिया और खुशी से भर गई। अपनी आखिरी चिट्ठी में गुड़िया ने लिखा था, जिस भी चीज से आप प्यार करते हैं, उसे आप आखिरकार खो देंगे, लेकिन अंत में वह प्यार एक अलग रूप में आपके पास वापस आएगा। वह बच्ची कौन थी और काफ्का के उन पत्रों का क्या हुआ, कुछ पता नहीं है। एक साल बाद, सन 1924 में टीबी से काफ्का की मृत्यु हो गई। काफ्का का खुद अपने लेखन पर भरोसा नहीं था, इसलिए उन्होंने अपने दोस्त से कहा था कि उनके बाद उनकी सभी वस्तुओं, सारे लेखन को जला दिया जाए; उनका नामोनिशान मिटा दिया जाए, लेकिन मिटने के लिए यह प्रतिभाशाली लेखक बना नहीं था। दूसरे विश्व युद्ध के बाद काफ्का की किताबें पूरी दुनिया में छा गईं। जिंदगी के रास्ते बड़े अजीब हैं। अब सौ साल के बाद काफ्का फिर लौट आए हैं जेन जी के फलसफे में। उनका निराशावादी नजरिया जेन जी से बहुत मेल खाता है। वह कहते हैं, आधुनिक जीवन में सब कुछ एबसर्ड, यानी बेमानी है। इस अर्थहीन दुनिया में उद्देश्य की खोज, भीड़ के बीच अकेलापन, सच्चाई और दिखावे का फर्क, चिंता यही जेन जी की मानसिकता है। अब वे लोग अपने हक में काफ्का के क्रांतिकारी वचन इस्तेमाल करते हैं। अतीत की हस्तियों में जेन जी का कोई आदर्श नहीं है, लेकिन काफ्का उनका रहनुमा है और हमसफर भी।



## सम्पादकीय

## घातक मोड़ पर युद्ध

ईरान-इजरायल युद्ध का एक-दूसरे के परमाणु केंद्रों तक पहुंच जाना बेहद भयावह है। शनिवार की सुबह अमेरिका और इजरायल की संयुक्त कार्रवाई में ईरान के नतांज परमाणु केंद्र को निशाना बनाए जाने के बाद तेहरान ने पलटवार करते हुए अराद के साथ-साथ डिमोना शहर पर भी मिसाइल दागे। डिमोना इजरायल का वह दक्षिणी हिस्सा है, जहां से महज 13 किलोमीटर दूर उसका मुख्य परमाणु केंद्र है। तेल अवीव की मानें, तो यह हमला दरअसल उसके परमाणु ठिकाने को केंद्र में रखकर ही किया गया था। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने इन हमलों के कारण किसी तरह के रेडिएशन, यानी विकिरण से इनकार किया है, जो यकीनन सुखद बात है, लेकिन दोनों जगहों पर जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। पिछले साल जिस तरह ऑपरेशन राइजिंग लॉयन के तहत इजरायल ने ईरानी परमाणु ठिकानों को नुकसान पहुंचाया था, संभवतः उसी उम्मीद के साथ उसने इस बार भी मिसाइल दागे थे, लेकिन अब तेहरान ने जवाबी कार्रवाई करके उसे चौंका दिया है। गौर करने वाली बात है कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे इजरायल के लिए एक मुश्किल शाम बताया है।

अमेरिका-ईरान की यह जंग जैसी घातक रूप अब अख्तियार कर रही है, वह न सिर्फ पश्चिम एशिया, बल्कि पूरे विश्व के लिए गंभीर चिंता की बात होनी चाहिए। डिमोना और ईरानी केंद्रों में यूरेनियम और प्लूटोनियम के भंडार हैं। अगर इनमें रिसाव हुआ, तो न सिर्फ आस-पास के लोग शिकार होंगे, बल्कि पूरा मध्य-पूर्व इससे प्रभावित हो सकता है। परमाणु विकिरण किस हद तक खतरनाक होते हैं, इसकी पीड़ादायक नजीरें मौजूद हैं, जब दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जापानी शहर हिरोशिमा व नागासाकी पर अमेरिका ने परमाणु बम गिराए थे। लिटिल बॉय (यूरेनियम) और फैट मैन (प्लूटोनियम) नामक इन बमों ने करीब दो लाख लोगों की जिंदगी खत्म कर दी थी और जापान को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया था। आज इनकी तुलना में कहीं अधिक विनाशक बम कई देशों के पास हैं। अमेरिका और इजरायल ने करीब 20 दिनों पहले ईरान पर इसीलिए हमले की शुरूआत की थी, क्योंकि उन्हें कथित तौर पर यह सूचना थी कि प्रतिबंध के बावजूद तेहरान लगातार यूरेनियम संवर्द्धन कर रहा है। ईरान परमाणु बम बनाने में कितना सक्षम है, यह फिलहाल तय नहीं है, लेकिन जिस तरह से इस युद्ध में एक-दूसरे के महत्वपूर्ण सामरिक ठिकानों व बुनियादी ढांचों को निशाना बनाया जा रहा है, यहां तक कि बैलिस्टिक मिसाइलें दागी जा रही हैं, उनसे विकिरण होने की स्थिति में दूसरे महायुद्ध से अधिक विनाश होने की आशंका है।

### भारत में ऊर्जा संकट

## रणनीतिक मितव्ययिता की अनिवार्यता



डा मनमोहन प्रकाश (दैनिक अवन्तिका)



वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में ऊर्जा सुरक्षा की गारंटी अधिकांश राष्ट्रों के लिए एक गंभीर चुनौती बनकर उभरी है। ईरान -अमेरिका, इजरायल तथा यूक्रेन-रूस के बीच चल रही लड़ाई के कारण उत्पन्न भू-राजनीतिक अस्थिरता ने न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था और विकास की गति को प्रभावित किया है, बल्कि आम जनमानस को भी महंगाई के साये में जीने के लिए विवश कर दिया है। ईरान - अमेरिका, इजरायल संघर्ष में तो पश्चिम एशिया के कई तेल उत्पादक और निर्यातक देशों के तेल और गैस संयंत्रों को जाने-अनजाने में निशाना बनाया गया है, जिसने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को अस्थिर कर गहरा दिया है।

इन संघर्षों के प्रभाव स्वरूप ऐसी आशंकाएँ निरंतर व्यक्त की जा रही हैं कि यदि परिस्थितियाँ और गंभीर होती हैं,या यूं कहें लड़ाई लंबी खिचती है तो अन्य प्रमुख ऊर्जा उत्पादक देशों और उनके भंडार भी प्रभावित हो सकते हैं। साथ ही, हॉर्मुज जलडमरूमध्य जैसे रणनीतिक समुद्री मार्ग जिसे ईरान ने बाधित कर रखा है, यदि जल्दी और सुरक्षित रूप से तेल और गैस टैंकरों के आवागमन के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं तो वैश्विक बाजार में अनिश्चितता और भय का वातावरण और गहरा सकता है। यह स्थिति भारत जैसे विकासशील देश के लिए विशेष रूप से चिंताजनक है, जो अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस का लगभग आधा हिस्सा आयात करता है। इतना ही नहीं हमारी कुल ऊर्जा आपूर्ति का एक बड़ा भाग इन्हीं पश्चिम एशियाई देशों से आता है।

यद्यपि भारत सरकार रणनीतिक तेल भंडारों के विस्तार तथा नवीकरणीय ऊर्जा के बुनियादी ढाँचे को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है, किंतु इन प्रयासों के ठोस परिणाम सामने आने में समय लगेगा। ऐसे संक्रमण काल में ऊर्जा मितव्ययिता को केवल एक वैकल्पिक व्यवहार न मानकर एक अनिवार्य राष्ट्रीय दायित्व के रूप में स्वीकार करना होगा, और प्रत्येक भारतीयों को इसमें सहयोग देना होगा।

हमें कोविड-19 काल के उस अनुशासित जीवन व्यवहार को स्मरण करना चाहिए, जिसने सीमित संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग का एक प्रभावी मॉडल प्रस्तुत किया था। भारत में ईंधन की खपत का एक बड़ा हिस्सा परिवहन क्षेत्र में उपयोग होता है। यदि सरकारी और निजी संस्थान हाइब्रिड कार्य प्रणाली अथवा वर्क फ्रॉम होम को पुनः प्रोत्साहित करें, तो सड़कों पर वाहनों की संख्या में कमी लाकर प्रतिदिन बड़े स्तर पर ईंधन की बचत की जा सकती है।इसी प्रकार, कार्यालयों में पाँच-दिवसीय कार्य सप्ताह को प्रभावी रूप से लागू करना, ऊर्जा-बचत के समय निर्धारण तथा अनावश्यक विद्युत उपभोग पर नियंत्रण जैसे उपाय अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। इससे न केवल संस्थागत ऊर्जा खपत में कमी आएगी, बल्कि परिवहन संबंधी ईंधन व्यय में भी स्वाभाविक गिरावट होगी।

दिल्ली में समय-समय पर लागू ह्यऑड-इवेनह्न जैसी व्यवस्थाओं को केवल प्रदूषण नियंत्रण के संदर्भ में न देखकर ऊर्जा संरक्षण के व्यापक दृष्टिकोण से अपनाया जाना चाहिए। सार्वजनिक परिवहन, कार-पूलिंग तथा साझा यात्रा की संस्कृति को सुविधा नहीं, बल्कि आवश्यक सामाजिक व्यवहार के रूप में विकसित करना समय की मांग है।ऊर्जा संरक्षण की यह पहल केवल यातायात तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि व्यापारिक और सामाजिक गतिविधियों में भी परिलक्षित होनी चाहिए। बाजारों को साप्ताहिक आधार पर रोटेशनल तरीके से बंद रखने की व्यवस्था से न केवल व्यावसायिक विद्युत खपत में कमी लाई जा सकती है, बल्कि अनावश्यक आवागमन में भी कमी संभव है, जिससे ईंधन की बचत होगी।

वास्तव में ऊर्जा संरक्षण की शुरूआत हमारे घरों, विशेषकर रसोईघर और दैनिक जीवन की आदतों से होती है। एलपीजी और पीएनजी के विवेकपूर्ण उपयोग, जैसे भोजन बनाते समय बर्तनों को ढककर रखना, ऊर्जा-दक्ष उपकरणों का उपयोग करना तथा अनावश्यक गैस या बिजली के उपयोग से बचना आदि जैसे छोटे-छोटे प्रयास न केवल व्यक्तिगत स्तर पर आर्थिक बचत सुनिश्चित करते हैं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा संसाधनों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अंततः मैं यही कहना चाहूंगा कि ऊर्जा संकट का स्थायी समाधान केवल तकनीकी नवाचारों या अंतरराष्ट्रीय समझौतों में नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जीवनशैली में निहित है। भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता का मार्ग सरकार की दूरदर्शी नीतियों और नागरिकों के जिम्मेदार आचरण के समन्वय से ही प्रशस्त होगा। यदि हम आज स्वेच्छा से मितव्ययिता को अपने जीवन में स्थान नहीं देते, तो भविष्य में ऊर्जा की यह चुनौती एक गंभीर आर्थिक संकट का रूप ले सकती है, जिसकी कीमत संपूर्ण राष्ट्र को चुकानी पड़ सकती है।

## ईरानी कबाबः 165 कलियों का दम

'डॉन अंकल' की मेज पर आज दुनिया का सबसे ताजा और 'ऑर्गेनिक' मेन्यू परोसा गया है। इस बार डिश का नाम है– ईरानी कबाबः 165 कलियों का दम। अंकल बड़े सलीके वाले आदमी हैं। वे जब काँटा और छुरी हाथ में लेते हैं, तो उनके सफेद कॉलर पर खून का एक भी धब्बा नहीं पड़ता, क्योंकि उन्होंने मानवाधिकारों का एक ऐसा 'डिटर्जेंट' ईजाद किया है जो लाल रंग को भी 'फ्रीडम ब्लू' में बदल देता है। अंकल का किचन सीधे व्हाइट हाउस की चिमनी से जुड़ा है, जहाँ से निकलने वाला धुआं ईरान की गलियों में लोरी बनकर नहीं, बल्कि मौत की सिसकारी बनकर उतरता है।

'डॉन अंकल' की मोहब्बत भी बड़ी निराली और कातिलाना है। वे पहले पाबंदियों की जहरीली जंजीरों से बच्चों के दूध और दवाइयों के डिब्बे सील करते हैं, और जब कुपोषण या मिसाइल के छर्रों से कोई नन्हा फेफड़ा फूलना बंद कर देता है, तो वे बड़े 'अफसोस' के साथ अपनी डायरी में नया टारगेट लिखते हुए बुदबुदाते हैं–?मिशन अकंप्लिश्डः लोकतंत्र की एक और पवित्र जीत!? यह कत्लखाना बड़ा नफीस है साहब, यहाँ कसाई के हाथ में कोई मामूली खंजर नहीं, बल्कि 'शांति पुरस्कार' की चमचमाती ट्रॉली होती है। वे मासूमों की छोटी-छोटी लाशों को सीढ़ी बनाकर सत्ता के शिखर पर चढ़ते हैं और ऊपर पहुँचकर 'लिबर्टी' की वह मशाल जलाते हैं जिसकी आग में पूर्व की सभ्यताएं भस्म होती आई हैं। उन्हें फूलों को मसलकर अपना खास 'इम्पीरियल इत्र' बनाने का पुराना शौक है, और इस बार ईरान की मजलूम मिट्टी ने उन्हें वह लाल इत्र भरपूर मात्रा में मुहैया कराया है। सच तो यह है कि अंकल अकेले आदमखोर नहीं हैं, असली आदमखोर तो हम हैं जो इस खूनी सर्कस की अगली कतार में बैठकर 'मानवीय मूल्यों' की तालियां बजा रहे हैं। अंकल को पूरा भरोसा है कि दुनिया की तथाकथित अदालत उनकी जेब में पड़े सिक्कों की खनक पर वफादारी से नाचती है। वे जानते हैं कि जब 165 नन्हे कफन ईरान की कोख में दफन किए जा रहे होंगे, तब दुनिया के बड़े अखबारों के दफ्तरों में 'फ्रीडम ऑफ स्पीच' पर कोई भारी-भरकम और उबाऊ सेमिनार चल रहा होगा।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 24 मार्च 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:31 सूर्यास्त 18:36
चैत्र मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - षष्ठी 16:07 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - रोहिणी 19:04 उपरांत मृगशिरा
योग - प्रीति 09:07 उपरांत आयुष्मान 06:01 उपरांत सौभाग्य
करण - तैतिल
चन्द्रमा - वृषभ में है। 30:16 पर मिथुन में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 04 तारिख

**मेष-** किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं।

**वृषभ-** विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा। आलस्य हावी रहेगा।

**मिथुन-** पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। झंझटों में न पड़ें। जल्दबाजी से हानि होगी।

**कर्क-** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह-** भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा।

**कन्या-** बड़ा काम करने का मन बनेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी।

**तुला-** शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधन जुटेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा।

**वृश्चिक-** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। योजना बनेगी।

**धनु-** भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है। बुद्धि का प्रयोग करें।

**मकर-** अनावश्यक जोखिम न लें। किसी भी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**कुंभ-** सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मीन-** महत्वपूर्ण निर्णय लेने का समय नहीं है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल चलेगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

## समसामयिक

## राजनीतिक परिस्थितियां हर किसी को प्रभावित करती है



राजेंद्र बज (दैनिक अवन्तिका)

लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के चलते इस बात पर विशेष तौर पर गौर करने की जरूरत है कि आखिर नागरिकों का एक बड़ा वर्ग राजनीति से परहेज क्यों करता है ? बीते दौर में राजनीतिक सक्रियता एक प्रकार से घर फूंक तमाशा देखने के समकक्ष मानी जाती थी। उस दौर में राजनेताओं के प्रति आम नागरिकों के अंतर्मन में वही भाव होता था, जो किसी तपस्वी संत पुरुष के प्रति होना चाहिए। लेकिन वर्तमान दौर में आर्थिक दृष्टि से स्वर्णिम भविष्य की परिकल्पना को साकार सिद्ध करने में सक्रिय राजनीति भी एक सशक्त माध्यम बन गई है। देखते ही देखते नीति और सिद्धांत बौद्धिक जुगाली की विषय वस्तु बन गए हैं। ऐसी स्थिति में अधिकांश नागरिकों के अंतर्मन में यह भावना घर करती जा रही है कि आखिर राजनीति से हमें क्या लेना देना ?

लेकिन गहराई से सोचा जाए तो राजनीति के क्षेत्र में व्याप्त तमाम विकृतिया अंततः आम नागरिकों पर ही भारी सिद्ध होती है। आज स्थिति यह है कि अधिकांश पदासीन शख्सियत कहीं न कहीं किसी न किसी रूप में अपनी उपलब्धियों के प्रतिफल की आकांक्षा मन में संजोए हुए होती है। अब यह जो राजनेताओं की बढ़ती अमीरी है, इस अमीरी का बोझ आखिरकार आम नागरिकों को ही निर्वहन करना होता है। एक जमाना था जब चुनावी दौर में कहीं-कहीं निजी साधनों से शराब और कंबल का दबे छुपे स्वरों में उल्लेख आता था। लेकिन अब तो सीधे तौर पर सरकारी खजाने से आम नागरिकों को लॉलीपॉप उपलब्ध कराने की खुली प्रतिस्पर्धा का दौर राजनीतिक दलों के बीच दिखाई देता है। आज स्थिति यह है कि राजनेताओं के प्रति आम नागरिकों में वह विश्वास नहीं रहा, जो की स्वतंत्रता संग्राम के दौरान और स्वतंत्रता प्राप्ति पश्चात कुछ दशकों तक रहा था।

इसमें कोई दो मत नहीं कि नागरिकों के सामान्य जनजीवन में कहीं न कहीं किसी न किसी रूप में राजनीति का व्यापक प्रभाव पड़ता है। समाज का हर वर्ग राजनीति में व्याप्त तमाम विकृतियों के चलते सीधे तौर पर निशाना बना करता है। ऐसी स्थिति में यह मानसिकता होनी ही नहीं चाहिए कि राजनीति से आखिर हमें क्या लेना देना है ? जब कहीं कोई किसी तरह का भ्रष्टाचार होता है, धनबल या बाहुबल के सहारे कोई अवांछित तत्व राजनीति के मैदान में स्थापित होने लगता है या हो जाता है, या फिर राजनीति में जातिवादी तड़के के आधार पर अनुचित प्रभाव का इस्तेमाल होने लगता है, हर एक स्थिति में ऐसी तमाम विकृतियों का अंतिम प्रभाव आम नागरिकों पर ही पड़ता है। यानी कि तमाम राजनेताओं की आर्थिक सेहत का अंतिम भार सरकारी खजाने पर ही पड़ता है, और इस खजाने को आम नागरिक ही भरते हैं।

वैसे तो जाहिर तौर पर लोकतंत्र की अवधारणा में आम नागरिकों को ' मुल्क का मालिक ' करार दिया जाता है। देश-प्रदेश पर शासन करने वाले समूह या व्यक्ति विशेष के चयन का सर्वाधिकार प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से नागरिकों के पास सुरक्षित रहा करता है। इसके मायने यह हुए कि लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के चलते आम नागरिकों का भारत भूमि पर सर्वाधिकार सुरक्षित है। लेकिन यह एक यक्ष प्रश्न है कि अधिकांश नागरिक अपने अंतर्मन में यह चेतना नहीं रखते कि वे दरअसल मुल्क के मालिक ही हैं। जाहिर है कि जब जनमत का बहुमत ही राजनीति में तनिक रूचि नहीं लेता हो, तो राजनीति के मैदान में मनचाहे घोड़े दौड़ाने वालों की बाढ़ आ जाती है। यही कारण है कि राजनीति में दिनोंदिन तमाम तरह की विकृतियां व्याप्त होती जा रही है। एक प्रकार से राजनीति के मैदान को आम नागरिकों ने खुला ही छोड़ रखा है।

## गर्दन का जिद्दी मैल नहीं छोड़ रहा पीछा तो आजमाए ये आसान उपाय



हर लड़की की यह ख्वाहिश होती है कि वह सबसे खूबसूरत दिखे और इसके लिए लड़कियां काफी मेहनत भी करती हैं। स्किन केयर का हर लड़की पूरा ध्यान रखती है हालांकि हमारे शरीर के कई हिस्से ऐसे होते हैं जिनपर हमारा ध्यान नहीं जाता। गर्दन भी उन्हीं में से एक है।

गर्दन में कालापन कई बार आपके चेहरे की सुंदरता को खराब कर देता है। कई बार ऐसा सिर्फ इसलिए होता है क्योंकि आप चेहरे पर ध्यान देती हैं और गले को भूल जाती हैं। अगर आपके साथ भी यह समस्या है तो आइए जानते हैं गर्दन पर जमी मैल को हटाने के उपाय।

### गर्दन की मैल से ऐसे पाएं छुटकारा

### 1. नींबू और शहद

एक प्याली में एक चम्मच नींबू के रस और इतनी मात्रा में शहद को मिक्स करें और पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस को गर्दन पर जमी मैल पर रगड़ें। इस उपाय के जरिए गर्दन की मैल से छुटकारा मिल जाएगा और स्किन पर भी किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

### 2. दूध, हल्दी और बेसन

इस खास पेस्ट को तैयार करने के लिए एक-एक चम्मच दूध और बेसन लें और उसमें चुटकी भर हल्दी मिक्स कर लें। इस पेस को गर्दन के एफेक्टेड एरिया में लगाएं और सूखने का इंतजार करें। अब गर्दन को रगड़ते हुए साफ पानी से धो लें। कुध दिनों तक ऐसा करने पर मनचाहा रिजल्ट मिलने लगेगा।

### 3. नींबू और बेसन

एक कटोरी एक एक चम्मच नींबू का रस और बेसन को मिक्स करते हुए पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को गर्दन के मैल पर लगाएं और कुछ देर के लिए सूखने का इंतजार करें। इसके बाद गर्दन को रगड़कर पानी से साफ कर लें।

### 4. दही और कच्चा पपीता

सबसे पहले कच्चे पपीते को अच्छी तरह पीस लें, इसके बाद इसमें दही और गुलाब जल को मिक्स करते हुए पेस्ट बना लें। इसके बाद पेस्ट को प्रभावित एरिया में मलें और सूखने के लिए छोड़ दें, फिर इसे धो लें। गर्दन की मैल छूटने लगेगी।

## धर्म-आस्था

## नवरात्रि और ऊर्जा का है गहरा सम्बन्ध, कैसे पा सकते हैं पॉजिटिव एनर्जी



नवरात्रि एक ऐसा अवसर होता है, जो लोगों को आत्मशुद्धि, ऊर्जा संतुलन और मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी एक विशिष्ट अवसर प्रदान करता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि नवरात्रि को ऊर्जा के दृष्टिकोण से इतना महत्वपूर्ण क्यों माना जाता है? हिन्दू धर्म में साल में चार बार नवरात्रि आती है। इनमें से दो गुप्त नवरात्रि होती है जो सामान्य लोगों के लिए नहीं होता लेकिन उसके अलावा दो नवरात्रि यानि चैत्र और शारदीय नवरात्रि आम लोगों की आराधना के लिए उपयुक्त होता है। इस समय को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से ऊर्जा जागरण के लिए भी उपयुक्त समय माना जाता है। यह वह अवधि होती है जब प्रकृति और मानव शरीर दोनों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ जाता है। लेकिन आखिर इन दोनों नवरात्रि के 9 दिनों में ऐसा क्या विशेष होता है कि इस दौरान लोगों में और वातावरण में ऊर्जा बढ़ जाती है। चलिए समझते हैं...नवरात्रि में ऊर्जा क्यों बढ़ती है?

आध्यात्मिक दृष्टि से, नवरात्रि आत्मशुद्धि, आंतरिक शक्ति के जागरण और नकारात्मकता के नाश का पर्व है। प्रत्येक दिन देवी के एक विशिष्ट रूप की पूजा की जाती है। नवरात्रि के दौरान साधक अपने भीतर की नकारात्मक प्रवृत्तियों को त्यागकर सकारात्मकता, अनुशासन और आत्मबल को अपनाने का संकल्प लेते हैं। लेकिन ये सबकुछ ऊर्जा के प्रभाव से ही संभव हो पाता है और इन दिनों में ऊर्जा अपने उच्चतम स्तर पर होती है। आपने ध्यान दिया होगा कि चैत्र और शारदीय नवरात्रि उस समय आती है, जब मौसम में बदलाव हो रहा होता है। चैत्र नवरात्रि वसंत से ग्रीष्म और शारदीय नवरात्रि वर्षा से शरद ऋतु में प्रवेश का संकेत देती है। मौसम में बदलाव के कारण यह समय ऊर्जा संतुलन और मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहद अहम होता है। इस समय में शरीर में जैविक और हार्मोनल परिवर्तन होते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, इस समय वात और पित्त दोष असंतुलित हो सकते हैं, जिससे पाचन तंत्र कमजोर होता है और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उपवास और सात्विक आहार से पाचन तंत्र को विश्राम मिलता है, शरीर डिटॉक्स होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इसलिए, इन नौ दिनों में लोगों को उपवास, ध्यान, पूजा और सात्विक जीवनशैली अपनाने की सलाह दी जाती है, जिससे शरीर, मन और आत्मा शुद्ध होती है और ऊर्जा का स्तर ऊँचा उठता है। इस दौरान साधना, ध्यान और मंत्र-जप से मस्तिष्क की तरंगें संतुलित होती हैं, जिससे मन शांत और एकाग्र रहता है।

नवरात्रि के प्रत्येक दिन का एक विशिष्ट रंग निर्धारित है, जो देवी के स्वरूप, ग्रहों की अनुकूलता और ऊर्जा चक्रों से जुड़ा है। इन रंगों का चयन न केवल धार्मिक परंपरा, बल्कि मनोवैज्ञानिक और ज्योतिषीय आधार पर भी किया गया है। मान्यता है कि दिन के अनुसार रंग पहनने, पूजा में उपयोग करने और घर की सजावट में शामिल करने से जीवन में शुभता, ग्रहों की अनुकूलता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस दौरान काले रंग का प्रयोग वर्जित है, जबकि लाल, पीला, सफेद, गुलाबी, हरा, नारंगी, बैंगनी आदि रंग शुभ माने जाते हैं। नवरात्रि के दौरान ध्यान, साधना और प्राणायाम का विशेष महत्व है। ब्रह्ममुहूर्त में ध्यान, मंत्र-जप और प्राणायाम करने से मानसिक शांति, ऊर्जा संतुलन और आत्मबल में वृद्धि होती है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना - 6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,47,500, रवा- 1,47,400 चांदी- टंच- 2,27,000 पाट- 2,26,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## अंतरराष्ट्रीयस्काउट गाइड सम्मेलन राज्यपाल के मुख्य अतिथि में संपन्न

**खिलचीपुर।** भारत स्काउट एंड गाइड के सौजन्यसे भोपाल मिंटौहाल मे सात राष्टो बांग्लादेश भूटान इंडिया म्यांमार नेपाल श्री लंका और थाईलैंड के युवा स्काउट गाइड सम्मेलन राज्यपाल माननीय मंगू भाई पटेल के मुख्य आथित्यमें संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में भारत स्काउट गाइड के केंद्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारीयों ने सक्री योगदान दिया। इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में राजगढजिले से जिला मुख्य आयुक्त महेश श्रीवास्तव ने भाग लेकर जिले का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम में डॉक्टर अनिल कुमार जैन अध्यक्ष भारत स्काउट गाइड डॉक्टर के के खंडेलवाल नेशनल चीफ कमिश्नर पारस चंद जैन राज्य मुख्यआयुक्तमध्य प्रदेश एस प्रसन्ना श्रीवास्तव राष्ट्रीय मुख्यालय दिल्ली के अतिरिक्त गुजरात भारत स्काउट गाइड के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी ने भी अपनी भूमिका निभाई। राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने स्काउट आंदोलन में सकरीय भागीदारी देने वाले एवं आंदोलन को ऊंचाई तक पहुंचने वाले वरिष्ठ एवं युवा वर्ग को कोटि-कोटि धन्यवाद देते हुए स्वयं ताली बजाई एवं हाल मेंउपस्थित समस्त अतिथियों से यह कहते हुए की मैं ताली बजा रहा हू और आप देख रहे हैं आप भी तालियां बजाये राज्यपाल की इतने संबोधन से पूरा सदन तालिया से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालन में बाहर से आने वाले विदेशी अतिथियों का सम्मान एवं आवास विश्राम व्यवस्था एमपी स्टेट स्काउट गाइड के राज्य संभाग एवं जिला स्तरीय पदाधिकारीयों का विशेष योगदान राजगढ़ भोपाल सीहोर विदिशा जिले की मुख्य भूमिका रही।

## हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्थानीय कक्षाओं की परीक्षा परिणाम किये घोषित



**महिदपुर रोड।** सोमवार को नगर सहित आसपास के शासकीय हाई स्कूलों की कक्षा 9 वी तथा कक्षा ग्यार हवीं के स्कूली बच्चों के वार्षिक परीक्षाओं के परीक्षा परि णाम संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों तथा विद्यालय के परीक्षा प्रभारियों द्वारा संयुक्त रूप से घोषित कर दिये गये। मिली जानकारी के अनुसार नग र के हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नवमी तथा ग्यारहवीं के परीक्षा परिणाम की घोषणा विद्यालय के प्राचार्य शिवनारायण बामनिया तथा प रीक्षा प्रभारी अनुपम त्रिवेदी ने क न्या स्कूल के परीक्षा परिणाम की घोषणा प्राचार्य अनिल सेठिया तथा परीक्षा प्रभारी पूनम राय ने बंजारी हाई स्कूल कक्षा नवी के परीक्षा परिणाम की घोषणा विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश त्रिपाठी परीक्षा प्रभारी अशोक दशौरा ने शासकीय हाई स्कूल पेटलावद के परीक्षा परिणाम की घोषणा विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप सिंह सौलंकी तथा परीक्षा प्रभारी पुरुषो त्तम शर्मा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झुटा वद के परीक्षा परिणाम की घोषणा प्राचार्य राहुल पोरवाल परीक्षा प्रभारी अजय उपाध्याय ने तथा ग्राम डेलची बुजुर्ग के शासकीय हाई स्कूल की के परीक्षा परिणाम के घोषणा विद्यालय की प्राचार्य सईदा रिजवी तथा परीक्षा प्रभारी संजय परमार ने संबंधित कक्षाओं के कक्षा अध्यापकों को सूचित करते स्कूल के सूचना पटल नोटिस बोर्ड पर चश्मा किये अंक सूचियों का वितरण भी शीघ्र ही किया जायेगा।

## दुख की घड़ी में संवेदना व्यक्त करने पहुंचे सांसद अनिल फिरोजिया

**कायथा ।** पत्रकार अशोक मेहता की धर्मपत्नी यशोदा मेहता के आकस्मिक निधन के बाद शोक का माहौल था उज्जैन आलोट क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया शोक व्यक्त करने उनके आवास पर पहुच कर शोक संतप्त परिजनों से भेंट की ओर गहरी संवेदना व्यक्त की ढांढस बंधाया ओर श्रद्धासुमन अर्पित किये तथा मेहता परिवार से भेंट कर परिजनों को इस दुःख की घड़ी मे धेर्य रखने का संबल प्रदान किया ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति ओर परिजनों को असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे,इस दुखद घटना के बाद पत्रकार,समाजसेवी,नेता समाज जन,विभिन्न संगठनों के जनप्रतिनिधियों इष्ट मित्रों आदि ने गहरी संवेदना व्यक्त कर दिवंगत आत्मा के चित्र पर श्रद्धां सुमनअर्पित किए।

**CHANGE OF NAME**

I, Ayushi, spouse of service No 15821480 W Sep Amit Kumar Residing at 07 Ganeshpura, Maxi Road, Gali No 3, Ujjain (Madhya Pradesh) 456010
**Changed my name from Ayushi to Ayushi Shakya vide Affidavit dated 17 Mar 2026.**

**दैनिक अवन्तिका**
**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें
दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

छोटी फायर ब्रिगेड बनी मुसीबत, बड़ी आग में पड़ रही कम

# एक दमकल के भरोसे सुसनेर नगर, बढ़ती आगजनी से बड़ा खतरा, ध्यान दे प्रशासन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर




फायर व्यवस्था की कमजोर स्थिति के चलते क्षेत्र में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। बढ़ती आगजनी की घटनाओं के बीच नगर परिषद की तैयारियां नाकाफी साबित हो रही हैं। हालात यह हैं कि पूरे नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की सुरक्षा केवल एकमात्र छोटी फायर ब्रिगेड वाहन पर निर्भर है जो बड़ी आग की घटनाओं में प्रभावी साबित नहीं हो पा रही। इन दिनों क्षेत्र में भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ रहा है। जिसके चलते आग लगने की घटनाओं में भी तेजी आई है। ऐसे समय में मजबूत फायर व्यवस्था की जरूरत होती है। लेकिन सुसनेर में संसाधनों की भारी कमी चिंता का विषय बनी हुई है। नगर परिषद के पास वर्तमान में केवल एक दमकल वाहन उपलब्ध है। जिसकी पानी भंडारण क्षमता करीब 5,000 लीटर है। बड़ी आगजनी की स्थिति में यह क्षमता बेहद कम साबित हो रही है, जिससे राहत कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

हाल ही में जामुनिया रोड स्थित टेंट गोदाम में लगी भीषण आग ने फायर व्यवस्था की हकीकत उजागर कर दी। आग इतनी तेजी से फैली कि दमकल का पानी कम पड़ गया और आग बुझाने के लिए टैंकरों का सहारा लेना पड़ा। समय पर अतिरिक्त पानी नहीं मिलता तो आसपास की दुकानें और मकान भी चपेट में आ सकते थे। इससे पहले डाक बंगला क्षेत्र में खड़ी गाड़ियों में आग लगने की घटना भी सामने आई थी।जिसने नगर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए थे।

नगर की भौगोलिक स्थिति भी फायर ब्रिगेड के लिए चुनौती बनी हुई है। पुराने वार्डों और घनी बस्तियों में संकरी गलियां होने के कारण भारी-भरकम दमकल वाहन अंदर तक नहीं पहुंच पाता। ऐसी स्थिति में फायर ब्रिगेड को दूर खड़ा रहकर पाइप के माध्यम से आग बुझानी पड़ती है। इससे आग पर नियंत्रण पाने में देरी होती है और नुकसान बढ़ने की आशंका बनी रहती है।

नगर परिषद की लापरवाही का एक बड़ा उदाहरण यह भी है कि एक अन्य फायर ब्रिगेड वाहन पिछले लगभग 10 वर्षों से खराब हालत में पड़ा हुआ है। इसके बावजूद उसकी मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यदि इस वाहन को समय पर दुरुस्त किया जाता तो वर्तमान संकट की स्थिति में राहत मिल सकती थी।

**जनता में आक्रोश, समाधान की मांग तेज**

लगातार सामने आ रही आगजनी की घटनाओं और कमजोर फायर व्यवस्था के कारण नगरवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस दिशा में सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नई दमकल वाहन उपलब्ध कराई जाए, खराब पड़ी दमकल को दुरुस्त किया जाए और पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित फायर कर्मियों की नियुक्ति की जाए।

वर्तमान हालात यह संकेत दे रहे हैं कि सुसनेर में फायर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तत्काल और ठोस कदम उठाना बेहद जरूरी हो गया है। अन्यथा बढ़ती गर्मी और आगजनी की घटनाएं किसी भी समय बड़ी त्रासदी का रूप ले सकती हैं।

**इनका कहना**

नई दमकल वाहन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। लेकिन अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है। वर्तमान में केवल एक ही वाहन कार्यरत है, जबकि दूसरा पूरी तरह से खराब हो चुका है।

**ओपी नागर**
**सीएमओ नगर परिषद सुसनेर**



## पोरवाल समाज ने सड़क मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों के लिये लगवाई प्याऊ

**महिदपुर रोड।** नगर पोरवाल समाज के अ भा पोरवाल युवा संग ठन के नगर इकाई अध्यक्ष संदीप अनोखीलाल फरक्या ने आगामी दिनों में आने वाली गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए सड़क मार्ग से आने जाने वाले राहगीरों के लिये ताल जावरा मार्ग पर बपैया तिराहे पर शीतल जल की प्याऊ ₹जल मंदिर₹ का शुभारंभ किया गया शीतल प्याऊ के शुभारंभ पर समाज जनों तथा ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया इस दौरान अखिल भारतीय कोतवाली का संगठन के जिला अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी व समाज जन मौजूद रहे।

## लापरवाही बरतने पर उदयनगर टीआई लाइन अटैच

**देवास।** जिले के उदयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम भीकूपुरा में एक दुष्कर्म मामले में त्वरित कार्रवाई न करने और इसके चलते कानून व्यवस्था बिगड़ने पर एसपी पुनीत गेहलोद ने थाना प्रभारी चुन्नीलाल रायकवार को लाइन अटैच कर दिया है। आरोपी पर कार्रवाई न होने से आहत होकर पीड़िता के बेटे ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद शनिवार (21 मार्च) को आक्रोशित ग्रामीणों ने पुंजापुरा-उदयनगर मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया था। एसपी ने टीआई को पदीय कर्तव्यों में लापरवाही बरतने का जिम्मेदार माना है। यह मामला उदयनगर थाना क्षेत्र के गांव भीकूपुरा का है, जहां एक महिला के साथ खेत में दुष्कर्म की घटना हुई थी।

देवास में टाटा इंटरनेशनल पर कोर्ट का फैसला

# 80 महिला कर्मचारियों को वापस काम पर रखने का आदेश, 2017 में निकाला था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



कोर्ट ने बिना नोटिस फैक्ट्री बंद करने और कर्मचारियों को निकालने को कानून का उल्लंघन मानते हुए कंपनी को निर्देश दिए हैं कि प्रभावित 80 नियमित महिला कर्मचारियों को दोबारा काम पर रखा जाए और उन्हें आधे वेतन के साथ बहाल किया जाए। मामले में इंटेक यूनियन और कंपनी प्रबंधन के बीच बातचीत हुई है, लेकिन बहाली की प्रक्रिया मुंबई हेड ऑफिस से अनुमति मिलने के बाद ही शुरू होगी।

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2017 में लेडीज फुटवियर निर्माण कार्य में लगी लगभग 700 महिला कर्मचारियों को कंपनी ने अचानक नौकरी से निकाल दिया था। इनमें से लगभग 80 महिलाएं कंपनी की नियमित कर्मचारी थीं, जबकि कुछ ठेका प्रणाली के तहत कार्यरत थीं। अदालत ने बिना नोटिस निकाले जाने और फैक्ट्री बंद करने के इस मामले को कानून का उल्लंघन माना है।

मामले में वकील बीएल नागर ने जानकारी दी कि, कंपनी द्वारा किया गया बंदीकरण दंडनीय अपराध है और अदालत ने इस पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। फिलहाल 80 कर्मचारियों को बहाल करने का आदेश हुआ है और अन्य मामलों में भी कानूनी प्रक्रिया जारी है।

इस फैसले का स्वागत करते हुए कांग्रेस नेत्री रेखा वर्मा ने इसे महिलाओं के संघर्ष की जीत बताया। उन्होंने कहा कि, बिना नोटिस कर्मचारियों को निकालना पूरी तरह गैरकानूनी था और कंपनी को जल्द से जल्द न्यायालय के आदेश का पालन करना चाहिए।

इंटेक के जिलाध्यक्ष महेश राजपूत ने बताया कि कंपनी प्रबंधन से इस संबंध में बातचीत की गई है। उन्होंने बताया कि आदेश को अभी तक आधिकारिक रूप से लागू नहीं किया गया है। उनका कहना है कि कंपनी हेड ऑफिस मुंबई से अनुमति मिलने के बाद ही कर्मचारियों की बहाली की प्रक्रिया शुरू करेगी।

**महिला कर्मचारियों ने न्याय मिलने पर जताई खुशी**

न्यायालय का फैसला आने के बाद प्रभावित महिला कर्मचारी माया ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि लंबे समय से वे परेशान थीं और अब उन्हें राहत मिली है। वहीं, एक अन्य कर्मचारी बीना वैष्णव ने बताया कि पिछले 7-8 वर्षों से उनका संघर्ष जारी था और कर्मचारी संघ के सहयोग से यह जीत संभव हो पाई है।

केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर बदनावर मेले में पहुंचीं

# लोकल उत्पादों की खरीदारी की कार्यकर्ताओं के संग घूमकर झूले का आनंद लिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर



बदनावर में नगर परिषद की ओर से आयोजित बैजनाथ महादेव फुल डोल मेले में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर पहुंचीं। उन्होंने मेले का आनंद लिया, खरीदारी की और झूले भी झूले।

केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने मेले में पहुंचने के बाद मेला समिति की ओर से लगाए गए निशुल्क पोहे वितरण स्टॉल का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं पोहे भी बांटे। इसके बाद, उन्होंने कार्यकताओं के साथ मेले का भ्रमण किया और सीसीटीवी कंट्रोल रूम में मेले की गतिविधियों का जायजा लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'लोकल फॉर वोकल' अभियान को बढ़ावा देते हुए, मंत्री ठाकुर ने मेले में एक छोटी दुकान पर बैठी महिला विक्रेता से छलनी, बेलन और पटिया खरीदा। उन्होंने मेले में घूमकर आम लोगों से भी मुलाकात की और झूले का भी आनंद लिया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष मीना शेखर यादव, सीएमओ लालसिंह राठौर, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पवार, मेला समिति अध्यक्ष चेनाबाई भेरूलाल डामर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर, भाजपा नेता जितेंद्र जाट, पंकज जायसवाल, पार्षद भारती राठौड़, अनीता संतोष चौहान, झन्नुबाई सिर्वी सहित कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## देवास में 500 से ज्यादा कोटवारों का प्रदर्शन

**देवास।** सोमवार को मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के बैनर तले 500 से अधिक कोटवारों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकाली और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला अध्यक्ष अंबाराम मालवीय ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से कोटवारों को वर्दी, जूते, टॉर्च, बैटरी और बेल्ट के लिए मिलने वाली राशि का भुगतान नहीं किया गया है।




## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ किया प्रदर्शन

**मक्सी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मक्सी बस स्टैंड के सामने बढ़ती महंगाई, सिलेंडर की उपलब्धता में कमी, गेहूं के समर्थन मूल्य की में बढ़ोतरी एवं विद्युत मंडल द्वारा की जा रही वसूली में सख्ती को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह एवं कांग्रेस परिवार के समस्त बब्बर शेर कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में महामहिम के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं स्वयं कविता गुप्ता द्वारा, तिरुपति विस्तारा कोलोनी में दिनांक 30-6-2024 को प्लाट क्रमांक- 223, क्षेत्रफल 1250 स्क्वायर फीट, क्षेत्र कुंवारिया, प्रथम किस्त जमा कर खरीदा गया था। इस प्लाट की रसीद मुझे संबंधित कॉलोनी के मालिकों द्वारा प्रदान की गई थी। कुछ समय पश्चात मुझे रुपयों की आवश्यकता होने से उक्त प्लाट को मैंने विक्रय करने का मन बनाया, अतः विक्रय दलाल स्वरूप मयंक रामनानी पिता श्री प्रहलाद रामनानी निवासी 133B, संतराम सिंधी कॉलोनी सांवेर रोड उज्जैन ने प्लाट विक्रय हेतु मुझसे संपर्क किया एवं मुझसे वह ओरिजिनल रसीद कॉलोनाइजर से रसीद की वैधता तहकीकात करने हेतु बिना किसी भुगतान के प्राप्त कर ली। जिसे उसने आज दिनांक तक वापस नहीं किया है। ना ही उसका कोई भुगतान किया है। रसीद मांगने पर वह टालमटोल करता रहता है। अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण / संबंधित को सूचित किया जाता है कि उक्त रसीद पेटे किसी भी प्रकार का लेनदेन / विक्रय आदि किसी भी शख्स के द्वारा किया जाता है तो वह अवैध, प्रभावहीन व शून्य होगा।
इति दिनांक 23-3-2026

**कविता गुप्ता**
**31, बेताल मार्ग फ्रीगंज, उज्जैन**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं स्वयं सृष्टि गुप्ता द्वारा, तिरुपति इन्फर्निटी थर्ड क्षेत्र दाऊदखेड़ी RTO के पास कॉलोनी में दिनांक 30-6-2024 को प्लाट क्रमांक- 14 क्षेत्रफल 913.30 स्क्वायर फीट, प्रथम किस्त जमा कर खरीदा गया था । इस प्लाट की रसीद, संबंधित कॉलोनी के मालिकों द्वारा मुझे प्रदान की गई थी। कुछ समय पश्चात मुझे रुपयों की आवश्यकता होने से उक्त प्लाट को मैंने विक्रय करने का मन बनाया अतः विक्रय दलाल स्वरूप मयंक रामनानी पिता श्री प्रहलाद रामनानी निवासी 133B, संतराम सिंधी कॉलोनी सांवेर रोड उज्जैन ने प्लाट विक्रय हेतु मुझसे संपर्क किया एवं मुझसे वह ओरिजिनल रसीद कॉलोनाइजर से रसीद की वैधता तहकीकात करने हेतु बिना किसी भुगतान के प्राप्त कर ली । जिसे उसने आज दिनांक तक वापस नहीं किया है। ना ही उसका कोई भुगतान किया है। रसीद मांगने पर वह टालमटोल करता रहता है। अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण / संबंधित को सूचित किया जाता है कि उक्त रसीद पेटे किसी भी प्रकार का लेनदेन / विक्रय आदि किसी भी शख्स के द्वारा किया जाता है तो वह अवैध प्रभावहीन व शून्य होगा।
इति दिनांक 23-3-2026

**सृष्टि गुप्ता**
**31, बेताल मार्ग फ्रीगंज, उज्जैन**

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार बंधन बैंक लिमिटेड शाखा 48 कमला नेहरू मार्ग माधव नगर थाने के पास फ्रींगज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि पुराना भवन क्रमांक 222 एवं नया क्रमांक 222/5 स्थित वार्ड न. 14 जवाहर मार्ग मुख्य मार्ग नगर परिषद तराना तहसील तराना जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 21.93 वर्गमीटर है। तथा चतुर्सीमा इस प्रकार है- पूर्व मे - आम रास्ता, पश्चिम मे - भवन लक्ष्मीनारायण एवं स्व. सत्यनारायण जोशी का, उत्तर मे- आम रास्ता, दक्षिण मे - भवन ताराचंद गेरा का स्थित है। उक्त सम्पत्ति ब्रजमोहन एवं कैलाश पिता श्री नाथुलाल ने इसके पूर्वस्वामी महादेव पिता शंकरलाल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 1386 दिनांक 12/12/1975 के माध्यम से क्रय कि। एवं ब्रजमोहन का स्वर्गवास 16/06/2013 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी कैलाश गेहलोत एवं पंकज पिता ब्रजमोहन हुये। एवं कैलाश गेहलोत एवं पंकज ने विभाजन पत्र क्रमांक MP43192020A1159364 दिनांक 28/02/2020 के माध्यम से अपना-अपना भाग प्राप्त किया। तथा पंकज पिता श्री ब्रजमोहन ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से पांच दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स**
**विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा ऑफिस न. 103 प्रथम मंजिल स्मार्ट ट्रेड भोज मार्ग, फ्रिगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 1 स्थित मोहल्ला कृष्णापुरा देवास (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 715 वर्गफीट है। जिसके पूर्व मे- भगवती सराय, पश्चिम मे- आम रास्ता/कृष्णापुरा रोड़, उत्तर मे- भूखण्ड नरेन्द्र अग्रवाल का एवं दक्षिण मे- भवन राधेश्याम चैहान का स्थित है। उक्त सम्पत्ति श्री शंकरलाल पिता श्री भगवानदीन को पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त हुई है। एवं शंकरलाल ने हकत्याग पत्र क्रमांक 2777 दिनांक 05/01/1999 को श्रीमति ममता बाई पति श्री शंकरलाल के हित में निष्पादित किया । श्रीमति ममता बाई ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड में आवेदन किया है, तथा मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का उक्त संपत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

## बुलडोजर चलाने वाले को माना कुशल कर्मचारी

**इंदौर।** सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर चालक को कुशल कर्मचारी माना है। दुर्घटना में कर्मचारी की मृत्यु होने पर उसके स्वजन ने जिला न्यायालय में मुआवजे के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया था। जिला कोर्ट ने परिस्थितियों को देखते हुए बीमा कंपनी को आदेश दिया था कि वह मृतक के आश्रितों को 52 लाख रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में दे। इस फैसले को चुनौती देते हुए बीमा कंपनी ने हाई कोर्ट में अपील प्रस्तुत कि 60 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश हाई कोर्ट ने यह मानते हुए कि बुलडोजर चालक की आय प्रमाणित नहीं हुई है क्षतिपूर्ति की राशि को 52 लाख से घटाकर 9.5 लाख रुपये कर दी। हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने यह मानते हुए कि बुलडोजर चालक एक कुशल कर्मचारी होता है बीमा कंपनी को आदेश दिया कि वह क्षतिपूर्ति के रूप में 52 लाख रुपये नहीं बल्कि 60 लाख रुपये भुगतान करें। एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत शंभू नामक बुलडोजर चालक की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उसकी पत्नी, आठ वर्षीय बेटी और माता-पिता ने क्षतिपूर्ति के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया। जिला कोर्ट ने 52 लाख रुपये क्षतिपूर्ति निर्धारित की। इसका विरोध करते हुए बीमा कंपनी ने हाई कोर्ट में अपील की। इसमें कहा कि शंभू की आय प्रमाणित नहीं की गई। क्षतिपूर्ति की राशि की गणना गलत है। अपील स्वीकारते हुए हाई कोर्ट ने क्षतिपूर्ति की राशि 9.5 लाख रुपये कर दी। इस फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील प्रस्तुत हुई। कोर्ट ने माना कि चूंकि कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक ने स्वयं कोर्ट में उपस्थित होकर साक्ष्य दी और माना कि शंभू की मासिक आय 24 हजार रुपये थी। इसे एक कुशल कर्मचारी की आय माना जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को अपास्त करते हुए बीमा कंपनी को आदेश दिया कि वह क्षतिपूर्ति के रूप में 60 लाख रुपये की राशि चक्रवृद्धि ब्याज के साथ शंभू के आश्रितों को भुगतान करें।

## आरजीपीवी की कैंटीन में स्टूडेंट को परोस दी छिपकली

**भोपाल।** भोपाल के राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की कैंटीन के भोजन में छिपकली मिलने का दावा किया गया है। छात्रों का आरोप है कि डिनर के दौरान परोसी गई सब्जी में छिपकली मिली, जिसे लेकर जब उन्होंने शिकायत की तो कैंटीन कर्मचारी ने उसे शिमला मिर्च का टुकड़ा बताया। छात्रों ने इस घटना का वीडियो भी बना लिया, जो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जानकारी के अनुसार रविवार शाम छात्र डिनर के लिए कैंटीन पहुंचे थे, जहां उन्हें दाल, शिमला मिर्च की सब्जी, रोटी और चावल परोसा गया। खाना शुरू करते ही एक छात्र को सब्जी का स्वाद अजीब लगा। संदेह होने पर जब उसने सब्जी को ध्यान से देखा तो उसमें एक मरी हुई छिपकली दिखाई दी, जो पूरी तरह से सब्जी के साथ तली हुई थी। यह देखते ही वहां मौजूद अन्य छात्र भी चौंक गए और कैंटीन में हड़कंप मच गया। छात्रों ने तुरंत कैंटीन कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी, लेकिन आरोप है कि कर्मचारी ने इसे छिपकली मानने से इनकार कर दिया। उसने दावा किया कि वह केवल शिमला मिर्च का टुकड़ा है। घटना के दौरान मौजूद छात्रों ने घटनाक्रम का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। बाद में इसे सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। वीडियो सामने आने के बाद अन्य छात्रों और लोगों ने भी कैंटीन व्यवस्था पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। छात्रों का कहना है कि कैंटीन के खाने की गुणवत्ता को लेकर पहले भी कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि साफ-सफाई और भोजन की गुणवत्ता में लगातार लापरवाही बरती जा रही है, लेकिन प्रबंधन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। घटना के बाद छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मामले की जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस तरह की लापरवाही से छात्रों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ हो रहा है। अब सभी की नजर इस बात पर है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

## फेक निकली संभागायुक्त कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

**भोपाल।** भोपाल में संभागीय कमिश्नर कार्यालय को बम से उड़ने की धमकी फेक निकली। हर बार की तरह यह धमकी भी ईमेल के माध्यम से दी गई थी। मेल में लिखा गया है कि डिविजनल कार्यालय में 15 छोटे-छोटे आरडीएक्स बम धमाकों के लिए तैयार हैं। दोपहर 1: 15 बजे से पहले सभी को कार्यालय से बाहर कर दें। जानकारी के मुताबिक ईमेल में तमिल सरकार में मंत्री सेंथिल बालाजी पर से सीबीआई केस हटाए जाने की बात भी लिखी है। इस धमकी भरे ईमेल में तेलुगु फिल्म राजू वेड्स राम बाई की जमकर तारीफ भी की गई है। धमकी भरे मेल की सूचना मिलने के बाद कोहेफिजा पुलिस सहित बम डिस्पोजल और डॉग स्क्वायड की टीम सर्चिंग में जुट गई है। हालांकि सर्चिंग में किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु पुलिस के हाथ नहीं लगी है। पुलिस आईपी एड्रेस के आधार पर मेल भेजने वाली की तलाश कर रही है।

## भोपाल में होगी सेना दिवस परेड, राजनाथ होंगे चीफ गेस्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल अगले साल सैन्य शक्ति और देशभक्ति के अनूठे संगम की गवाह बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। इस मुलाकात के दौरान प्रदेश के युवाओं को सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। सीएम ने घोषणा की कि अगले साल 15 जनवरी 2027 को भोपाल में भव्य 'सेना दिवस' परेड आयोजित की जाएगी। भोपाल में सेना दिवस से संबंधित कार्यक्रमों की शुरुआत 9 जनवरी से ही हो जाएगी। इन आयोजनों का उद्देश्य राष्ट्र की समृद्ध सैन्य विरासत को प्रदर्शित करना और वीर सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है। सैन्य अभ्यास: नागरिक सेना के अत्याधुनिक हथियारों और युद्ध कौशल के जीवंत अभ्यास देख सकेंगे। मुख्य कार्यक्रम: 15 जनवरी को मुख्य परेड होगी, जिसमें केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य रूप से शिरकत करेंगे। सूर्य किरण टीम ने 6000 फीट की ऊंचाई पर डायमंड शेप बनाया। सूर्य किरण टीम ने 6000 फीट की ऊंचाई पर डायमंड शेप बनाया।

## टीएल बैठक में अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश....

# शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों में किसी भी विभाग का प्रदर्शन निम्न न रहे



**आगर मालवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी, अपर कलेक्टर आर.पी. वर्मा, एसडीएम श्रीमती किरण बरबड़े, डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव, प्रेमनारायण परमार, कमल मंडलोई, तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में किसी भी विभाग का प्रदर्शन निम्न स्तर का नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य आमजन को सीधे लाभ पहुंचाना है, इसलिए अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी एवं गंभीरता के साथ कार्य करें। कार्यों में लापरवाही अथवा प्रगति में ढिलाई पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा- कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अभियान अंतर्गत नदी-नालों एवं बावड़ियों का संवर्धन, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, सौंदर्यीकरण तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य प्राथमिकता से किए जाएं।उन्होंने जल संरक्षण गतिविधियों में जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए युवाओं को अभियान से जोड़ने हेतु अमृत मित्र बनाए जाने तथा माय भारत पोर्टल पर अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रारंभ किए गए कार्यों की पूर्व एवं पश्चात स्थिति के फोटो अनिवार्य रूप से लेकर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। एचपीवी टीकाकरण अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश- कलेक्टर ने स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को समन्वय के साथ कार्य करते हुए 14 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार, जागरूकता शिविर एवं विशेष टीकाकरण कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। जिले में अपेक्षाकृत कम वैक्सीनेशन संख्या पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य पूर्ति शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा।

जनगणना कार्यों की समीक्षा- बैठक में जनगणना कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा जनगणना कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बताया गया कि जनगणना हेतु चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने प्रशिक्षण से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का समाधानकारी निराकरण करें- सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिन विभागों का कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाएगा, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। उन्होंने नॉन-अटेंड शिकायतें लंबित रहने पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं वेतन कटौती की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि सीएम हेल्पलाइन में सभी विभाग 'ए' ग्रेड प्राप्त करें, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। अन्य योजनाओं की भी समीक्षा- कलेक्टर ने सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी लेते हुए सभी अधिकारी को निर्देश दिए की 24 मार्च को आयोजित प्रशिक्षण में सभी अधिकारी अनिवार्य उपस्थित रहे। इसी के साथ बैठक में आदर्श आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण, पोषण वाटिका स्थापना तथा शासकीय भवनों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## भाजपा नगर मंडल गुना का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गुना द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत कार्यकर्ताओं के पंजीयन से हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया।

मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत ने अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन सत्र राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुआ, जिसके बाद स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान के दौरान कुल आठ सत्र आयोजित किए गए।

द्वितीय दिवस के पांचवें सत्र की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय कॉफी बोर्ड के सदस्य मनोज दुबे उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीतियों, विचारधारा एवं संगठन की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की शुरुआत जनसंघ के रूप में हुई थी और आज यह विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है। यह सब पूर्व नेताओं के त्याग और तपस्या का परिणाम है।

वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार इसी विचारधारा पर चलते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र को भी रेखांकित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में आईटी, बूथ मैनेजमेंट, संगठन विस्तार और कार्यकर्ता निर्माण जैसे विषयों पर भी विशेष मार्गदर्शन प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों सहित अन्य वक्ताओं द्वारा दिया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, नगर मंडल महामंत्री नीरज जैन, हरीश उर्रिया, मंडल उपाध्यक्ष शिवम दुबे, शैंकी, अर्पित शर्मा, धर्मेंद्र प्रजापति, मंडल मंत्री अभय शर्मा, शैलेश कुशवाहा, लक्की खटिक, रवि राठौर, मीडिया प्रभारी मुकेश ओझा, अभिषेक शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# इंकलाब जिंदाबाद मेरा रंग दे बसंती चोला जैसे उद्घोषों के साथ पंतजलि परिवार द्वारा स्वतंत्रता पार्क में मनाया शहीद दिवस



**गुना।** पतंजलि परिवार गुना द्वारा आज 23 मार्च 2026 को शहीद दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता पार्क निशुल्क योग कक्षा में हर्षोल्लास से शहीद दिवस मनाया गया। पतंजलि योग समिति के जिला मीडिया प्रभारी एवं सोशल मीडिया जिला प्रभारी नरोत्तम यादव ने बताया कि महान क्रांतिकारी शहीद ए आजम भगत सिंह शिवराम राजगुरु और सुखदेव के चित्रों पर तिलक लगाकर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। विभिन्न वक्ताओं द्वारा महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव थापर, शिवराम राजगुरु के बारे में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। तीनों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को आज ही के दिन 23 मार्च 1931 को लाहौर की जेल में ब्रिटिश सरकार द्वारा फांसी की सजा दी गई। इंकलाब जिंदाबाद के नारे और मेरा रंग दे बसंती चोला जैसे उद्घोषों के साथ शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पतंजलि के राज्य प्रभारी कृष्ण योगेंद्र सिंह रघुवंशी, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी बाबूलाल यादव, पतंजलि योग समिति के सह जिला प्रभारी हरिओम राठौर, पतंजलि के संरक्षक महावीर सिंह तोमर, नंदू चौबे द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये। नरोत्तम यादव द्वारा शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु तीनों क्रांतिकारियों के बारे में विस्तार से उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। नंदू चौबे तथा पतंजलि के संरक्षक महावीर सिंह तोमर द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। आरएन यादव द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए तथा स्वतंत्रता पार्क योग कक्षा में उपस्थित सभी योग साधकों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए महान क्रांतिकारियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। इस अवसर पर योग शिक्षक प्रेम नारायण कारोलिया, भानु रघुवंशी, राजकुमार सोनी, इंद्रजीत क्षत्रीय, शिवचरण धाकड़, भानु सिंह तोमर, नंदू चौबे राजकुमार शिवहरे श्रीमती रीना जैन, हेमा क्षत्रिय, शशि भार्गव, रेनू परिहार, दीपा यादव ओम प्रकाश वाल्मीकि आदि अनेक योग साधकों ने महान क्रांतिकारी को याद किया।

## मोहन कैबिनेट, ओबीसी युवाओं के लिए शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना

**भोपाल।** राज्य सरकार ओबीसी कैटेगरी के युवाओं को सैन्य बल और सुरक्षा बल, पुलिस, होमगार्ड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों में नियुक्ति दिलाने के लिए शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026 शुरू करेगी। मोहन कैबिनेट की आज होने वाली बैठक में इस योजना को मंजूरी दे दी गई है। योजना में एक साल में चार हजार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कर्मचारियों और पेंशनर्स को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता व महंगाई राहत देने की सीएम की घोषणा का अनुमोदन किया गया। इससे प्रदेश के कर्मचारियों व पेंशनर्स का डीएडीआर अब 55 से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है। इससे सरकार पर 2450 करोड़ का अतिरिक्त खर्च बडेगा। कैबिनेट ने 6940 करोड़ की परियोजनाओं, योजनाओं को चालू रखने का फैसला किया है। मंत्रालय में हुई कैबिनेट बैठक में 20 एजेंडों पर चर्चा की गई। इसमें जिन प्रमुख प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, उसमें ओबीसी कैटेगरी के युवाओं को सैन्य बल और सुरक्षा बल, पुलिस, होमगार्ड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों में नियुक्ति दिलाने के लिए शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026 शुरू करने का फैसला किया गया। इस योजना में जिन युवक युवतियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा उन्हें शिष्यवृत्ति भी दी जाएगी। युवकों को 1000 रुपए और युवतियों को 1200 रुपए की शिष्यवृत्ति दी जाएगी। योजना में चार माह तक आवासीय प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया है।

## न्यूयॉर्क एयरपोर्ट पर प्लेन-ट्रक की टक्कर, दोनों पायलट की मौत

**वॉशिंगटन।** न्यूयॉर्क के ला गार्डिया एयरपोर्ट पर एयर कनाडा का विमान रनवे पर फायर ट्रक से टकरा गया। हादसे में ट्रक सवार 2 लोग घायल हुए हैं। अमेरिका के न्यूयॉर्क में ला गार्डिया एयरपोर्ट पर रविवार रात (स्थानीय समयानुसार) एयर कनाडा एक्सप्रेस का एक विमान लैंडिंग के समय रनवे पर फायर ट्रक से टकरा गया। इससे विमान का अगला हिस्सा पूरी तरह तबाह हो गया। हादसे में पायलट और को-पायलट की मौत हो गई, जबकि ट्रक में सवार दो लोग घायल हुए हैं। जैज एविएशन के मुताबिक, यह फ्लाइट मॉन्ट्रियल से आ रही थी। CRJ-900 विमान में कुल 72 यात्री और 4 क्रू मेंबर सवार थे। टक्कर के तुरंत बाद रनवे 4 को बंद कर दिया गया। एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लागू करते हुए सभी फ्लाइट ऑपरेशन रोक दिए गए और आने वाली उड़ानों को डायवर्ट किया गया। हादसे से पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने विमान और ग्राउंड वाहन दोनों को रुकने के लिए कहा था और स्टॉप-स्टॉप चिल्लाता रहा, लेकिन फिर भी टक्कर हो गई। लैंडिंग से पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने विमान को रोकने की कोशिश की थी। वायरल ऑडियो में एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने पहले ट्रक को रनवे पार करने की अनुमति दी थी, लेकिन थोड़ी ही देर बाद कंट्रोलर लगातार स्टॉप, स्टॉप, ट्रक चिल्लाता रहा। हालांकि, कुछ ही सेकंड में टक्कर हो गई।

## पूर्व मंत्री का कोल्ड स्टोरेज ढहा,4 की मौत

**प्रयागराज ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे तेज धमाके के बाद कोल्ड स्टोरेज की एक बिल्डिंग ढह गई। मलबे में करीब 20 मजदूर दब गए। हादसे में 4 मजदूरों की मौत हुई है। मरने वालों में पिलत चौधरी, मर्शींदर, ज्योतिष और जगदीश शामिल हैं। जगदीश प्रयागराज और बाकी तीनों बिहार के रहने वाले थे। प्रशासन 7 जेसीबी से रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहा है। अब तक 17 लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम मौके पर हैं। यह कोल्ड स्टोरेज सपा नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद का है।

# प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को मजबूती बनाने का लक्ष्य है

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन नितिन जी एवं प्रदेश अध्यक्ष बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के निर्देशों अनुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान वर्ष 2026 के निमित्त कैंट मंडल के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार एवं अतिथियों द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्रों पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करते हुए किया।अध्यक्षीय संबोधन में सिकरवार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विचारधारा का उद्देश्य है कि कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के माध्यम से संगठन को मजबूत बनाना ही एक कार्य है जो कि कार्यकर्ता आधारित संगठन है और आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण ही हमें सही मार्ग और विचारधारा को कार्यकर्ताओं के हृदय में स्थापित करता है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में पहले सत्र में कार्य विस्तार विषय पर पूर्व जिलाध्यक्ष राधेश्याम पारीक ने अपने विचार व्यक्त किए। द्वितीय सत्र में गुना विधायक पन्नालाल शाक्य,तृतीय सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष गोविंद दास राठी, चतुर्थ सत्र में आलोक विजयवर्गीय ने, पांचवे सत्र में अरुण चतुर्वेदी, छठवें सत्र में अशोक शर्मा, सातवें सत्र में मोहित नामदेव वहीं आठवें व अंतिम सत्र में देवेंद्र सिंह रघुवंशी ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला महामंत्री संतोष धाकड़, जिला संयोजक एवं महामंत्री रविन्द्र रघुवंशी टिल्लू, जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव,मंडल अध्यक्ष रामकुमार शर्मा, देवेंद्र गुप्ता, सूर्यकांत जगताप, रजनी ओझा, हेमा क्षत्रिय, सरस्वती धाकड़ विशेष रूप से मौजूद रहे।

## जिला न्यायालय में ईद मिलन समारोह आयोजित, भाईचारे का दिया संदेश

**आगर मालवा।** जिला न्यायालय परिसर स्थित मेडिटेशन हॉल में सोमवार को एडवोकेट शाहिद मुल्तानी द्वारा ईद मिलन समारोह का स्नेहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायपालिका और अधिवक्ता समुदाय के बीच आपसी सौहार्द और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी. एस. चौहान, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मारू,अंजुमन कमेटी सदर एडवोकेट शमीउल्लाह कुरेशी, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष वैभव भटनागर अन्य न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी, अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत आपसी अभिवादन और शुभकामनाओं के साथ हुई। बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मारू ने सभी को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि रमजान के पवित्र महीने में संयम और उपवास के पश्चात मनाया जाने वाला ईद का त्यौहार आपसी गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सद्भाव और एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा श्रीमान ईश्वरंलाल पिता कन्हैयालालजी, जाति माली निवासी बालकृष्ण बापूजी मार्ग बड़नगर, जिला उज्जैन म.प्र. ने लाखनसिंह पिता रामवक्क्ष एवं रामकन्याबाई के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का कृषि भूमि सर्वे नं. 283/4/2 रकबा 0.63 हैक्टर तथा भेरूलाल पिता रामबक्क्ष के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 283/4/1/1/1 रकबा 0.18 हेक्टर एवं चैतनसिंह गौतम पिता कन्हैयासिंह के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 283/4/1/1/2 रकबा 0.20 हेक्टर निवासी ग्राम जस्साखेड़ी तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन म.प्र. के मालिकी, कब्जे, हिस्से व आधिपत्य की ग्राम जस्साखेड़ी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन मे स्थित उक्त वर्णित कृषि भूमि भारमुक्त स्थिति में क्रय करने का सौदा समक्ष गवाहो के तय कर लिया होकर मेरे पक्षकार द्वारा संबंधित विक्रेता को आशिंक बयाना राशि भी अदाकर बिक्री अनुबंध पत्र निष्पादित कर अनुबंधित कर ली है तथा उपरोक्त कृषि भूमि का विक्रय पंत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं। यदि उपरोक्त कृषि भूमि के संबंध मे किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ, भार या ऋण बकाया हो या भूमि के संबंध मे किसी भी न्यायालय या फोरम मे कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भूमि मे किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भूमि के विकय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर मुझसे सम्पर्क कर लेवे अन्यथा बाद गुजरने मियाद सूचना, मेरे पक्षकार के द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि का शेष विक्रय मूल्य अदा कर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा। तपश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, सूचित हो, पाबंदी करे।

दिनांक 23/03/2026

**कविता, बैरागी एडव्होकेट**
**मंगलम परिसर व्यास कॉलोनी बड़नगर मो. 9691003560**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मुन्नालाल पिता बक्सूलाल निवासी 33, पुनमचन्द्र का भट्टा इमलीपुरा भेरूनाला, उज्जैन के द्वारा ग्राम किठोदा जागीर तह. घट्टिया जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे नं. 76/1/2(स) रकबा 0.2000 हे., सर्वे नं. 76/2/1/1/2 (स) रकबा 0.2000 हे. कुल किता 2 कुल रकबा 0.4000 हे. को उसके भूमि स्वामी वासूदेव पिता भागचन्द जाति कुम्हार, निवासी 138, गणेशनगर उज्जैन से क्रय किया जाना तय हुआ है। विक्रेता पक्ष ने क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धनराशि प्राप्त कर उक्त भूमि का पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम करवाना शेष है। इस क्रय विक्रय के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था शासकीय, अशासकीय बैंक साहुकारी तथा व्यक्तिगत आदि का कोई ऋण, बंधक, रहन, बय, दान आदि की कोई उज्र व आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त आपत्ति का निराकरण करा लेवे, अन्यथा 07 दिवस की अवधि के पश्चात उक्त आपत्ति अमान्य मानी जावेगी तथा मेरा पक्षकार उक्त वर्णित सम्पत्ति का विक्रय पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लेगा। यह सूचना सार्वजनिक रूप से मेरे पक्षकार के निर्देश पर मेरे द्वारा जारी की गई।

दिनांक 23/03/2026

**रवि शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय 497, एल.आई.जी. सेकण्ड, 90 क्वार्टर,**
**इंदिरा नगर उज्जैन**
**मो.न. 7470672331**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूखंडस्वामी मोहम्मद आरिफ पिता मोहम्मद मेहबूब निवासी- 15/2 खुदीराम बोस मार्ग, उज्जैन के एकांकी स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखंड क्रमांक 02, खुदीराम बोस मार्ग, उज्जैन में है। जिसका कुल क्षेत्रफल 875.00 वर्गफीट है, जो आवासीय उपयोग का है, को क्रय करने का सौदा किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है। अत: उक्त वर्णित भूखंड पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूखंड में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 3 (तीन) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूखंड का विधिवत विक्रय अनुबंध पत्र तथा विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक- 23-03-2026

स्थान- उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**आफिस नंबर - सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग**
**काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मो. 99264 66157**



## शीतला माता मंदिर मेला ग्राउंड में नया हाल निर्माणाधीन, कराया जा रहा कार्य

**सुसनेर।** नगर के शीतला माता मंदिर मेला ग्राउंड क्षेत्र में मंदिर परिसर के विकास हेतु निर्माण कार्य तेजी से जारी है। यहां एक नए हाल का निर्माण कराया जा रहा है, जो स्व. श्रीमती शांतिबाई एवं स्व. नंदलाल सोनी की स्मृति में रामेश्वर सोनी (नारायण ज्वेलर्स) द्वारा श्रद्धांजलि स्वरूप बनवाया जा रहा है। निर्माण स्थल पर लगाए गए शिलालेख में इसका उल्लेख किया गया है। मंदिर के पुजारी पंडित जगदीश आनंद जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह नगर का प्रमुख शीतला माता मंदिर है, जहां शीतला सप्तमी के अवसर पर नगर के प्रत्येक हिंदू परिवार की माताएं पूजन के लिए पहुंचती हैं। साथ ही एक विशेष परंपरा के तहत विवाह से पूर्व दूल्हा-दुल्हन भी माता का आशीर्वाद लेने यहां अवश्य आते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर में मां शीतला स्वयंभू रूप में विराजमान हैं और यह प्राचीन मंदिर नगर की सांस्कृतिक एवं धार्मिक आस्था का केंद्र है। निर्माणाधीन हाल पूर्ण होने के बाद मंदिर परिसर की भव्यता में वृद्धि होगी और श्रद्धालुओं को बैठने व धार्मिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। वर्तमान में निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसे शीघ्र पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंदिर परिसर में हो रहे इस विकास कार्य से क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## गणगौर व्रत करने वालों के परिजनों ने किया गन्ने के रस तथा फ्रूटी का वितरण



**महिदपुर रोड।** अपने ससुराल में पहले गणगौर तीज का पहला व्रत करने वाले पोरवाल तथा जैन समाज की नव वधुओं के परिजनों द्वारा गणगौर तीज के व्रत करने वाली अपनी बहुओं की और से पहला व्रत करने के उपलक्ष्य में इसर गौरा बन कर फूलपाती कार्यक्रम में शामिल हुई लड़कियों के साथ महिलाओं त्रिभुवन नाथ मंदिर परिसर में गन्ने के रस तथा फ्रूटी का वितरण किया गया। जानकारी देते हुए शांति बाई उपाध्याय तथा माया कसेरा ने बता या पोरवाल समाज में मुस्कान पति हर्ष पोरवाल ने तथा जैन समाज में अनुष्का पति दर्शन बोथरा (जैन) का शादी के बाद पहला गणगौर तीज का व्रत होने से उनके परिजनों द्वारा फूल पाती कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं में सम्मान स्वरूप गन्ने के रस तथा फ्रूटी का वितरण किया गया।

## गेहूं की फसल में आग लगने से नुकसान



**तराना।** ग्राम करंज में गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से फसल पूरी तरीके से जल गई है। यह घटना सोमवार की है।ग्राम करंज निवासी त्रीलोचन पिता हुकम सिंह के खेत में आग लग गई है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।घटना की जानकारी लगने पर ग्रामवासी, प्रशासनिक अमला आदि मौके पर पहुंचा वही आग लगने के कारण किसान की करीब 5 बीघा कृषि भूमि में गेहूं लगभग 50 कुण्टल गेहूं का नुकसान हुआ है। किसान द्वारा शासन से मुआवजा या किसी राहत राशि की मांग की है। पटवारी रूपल परिहार के द्वारा मौके पर जाकर पंचनामा बनाया गया।

## महिलाओं की गरिमा से संबंधित वीडियो वायरल करने वाले युवक पर पुलिस की कार्यवाही

**ब्यावरा।** पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में



सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक एवं असंवेदनशील सामग्री के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सोशल मीडिया के माध्यम से एक अज्ञात इंस्टाग्राम आईडी बबलू तंवर द्वारा राजगढ़ उर्स मेले से संबंधित एक वीडियो अपलोड किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई, जिसमें कुछ महिलाएं वॉशरूम जाते हुए दिखाई दे रही थीं। उक्त वीडियो महिलाओं की गरिमा एवं निजता के दृष्टिगत सार्वजनिक किए जाने योग्य नहीं पाया गया। मामले में औपचारिक शिकायत न होने के बावजूद राजगढ़ पुलिस ने स्वयं संज्ञान लेते हुए उक्त इंस्टाग्राम आईडी के संबंध में तलाशी की। जांच के दौरान संबंधित युवक की पहचान बबलू तंवर निवासी ग्राम पाटरी थाना कालीपीठ के रूप में हुई। थाना कालीपीठ पुलिस ने उक्त युवक को अभिरक्षा में लेकर उसके मोबाइल की जांच की, जिसमें पाया गया कि उसने संबंधित वीडियो एवं अपनी इंस्टाग्राम आईडी डिलीट कर दी है। पुलिस कार्यवाही के उपरांत युवक द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी गई। तथापि, महिलाओं की गरिमा एवं सामाजिक मयार्दा को दृष्टिगत रखते हुए बबलू तंवर के विरुद्ध थाना कालीपीठ पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है।

# ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों को सशक्त बनाने हेतु क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कानड़




म.प्र. जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में ब्लॉक आगर के सेक्टर कानड़ अंतर्गत ग्राम कोलुखेड़ी स्थित शिवतोड़ा मंदिर परिसर में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सहारा आदर्श ग्राम विकास समिति, बटावदा द्वारा किया गया।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य समिति सदस्यों को ग्राम विकास, जल संरक्षण, जैविक कृषि, स्वावलंबन एवं समितियों के प्रभावी संचालन के संबंध में व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. देवनारायण गौड़ कानड़ उपस्थित रहे। जबकि मुख्य वक्ता मंदिर अध्यक्ष रामनाथ सिंह सोलंकी रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत में समाज सेवी दारा सिंह आर्य ने प्रशिक्षण की भूमिका प्रस्तुत करते हुए इसके उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से ग्राम स्तर पर समितियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। साथ ही प्रस्फुटन नवा अंकुर समितियो को किस तरह से अपने कार्य करना चाहिए उस पर भी जोर दिया। आम जन ओर शासन की बीच की कड़ी हे जन अभियान परिषद की समिति को बताते हुए। अपनी बात कही।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ. नारायण सिंह बगाना ने जन अभियान परिषद की संरचना, समितियों के कार्य, दस्तावेजीकरण, अभिलेख संधारण एवं सक्रियता बनाए रखने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के बारे में भी बताया। मंदिर समिति अध्यक्ष रामनाथ सिंह सोलंकी ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। नियमित सिंचाई एवं जल बचत के उपाय अपनाकर ही ग्राम को हरित बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

डॉ. देवनारायण गौड़ ने जैविक खेती के महत्व को बताते हुए कहा कि इससे भूमि की उर्वरता बनी रहती है और स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहता है। इस लिए जैविक खेती कार गर सिद्ध हे। वही उपभोक्ता संगठन के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा ने भी अपने विचार रखे। समिति के श्याम पाटीदार ने स्वावलंबन पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हमारे पूर्वज आत्मनिर्भर थे और गांव की व्यवस्था ऐसी थी कि अधिकांश आवश्यकताएं स्थानीय स्तर पर ही पूरी हो जाती थीं। कार्यक्रम में 5 प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, 4 अतिथि एवं 5 बीएसडब्ल्यू /एमएसडब्ल्यू छात्र उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन श्याम पाटीदार ने किया आभार कमल सिंह सोनगरा ने आभार व्यक्त किया।

# ट्रैक निरीक्षण के दौरान मौत होने पर परिवार को मिली 1 करोड़ बीमा राशि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

रेलवे ट्रैक निरीक्षण के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर गजेंद्र



आर्य के परिवार को अब बड़ी राहत मिली है। वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ वेरेमसं के प्रयासों से मृत रेलकर्मी के परिजनों को 1 करोड रूपए. की बीमा राशि प्रदान की गई है। गौरतलब है कि शुजालपुर में पदस्थ गजेंद्र आर्य की जुलाई 2025 में ड्यूटी के दौरान ट्रैक सर्किट फेल्योर की जांच करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। हादसे के बाद परिवार आर्थिक संकट में आ गया था, जिसमें उनकी पत्नी और 8 वर्षीय पुत्र शामिल हैं। आर्य का सैलरी खाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की उज्जैन शाखा में था, जो वेस्टर्न रेलवे एवं बैंक के बीच हुए अनुबंध के तहत खोला गया था। इसी अनुबंध के अंतर्गत उन्हें बीमा कवर मिला हुआ था। वेरेमसं ने इस स्थिति में परिवार के सहयोग को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए बीमा क्लेम से लेकर रेलवे से संबंधित सभी औपचारिकताओं को पूरा करवाने में सक्रिय भूमिका निभाई। मंडल मंत्री अभिलाष नागर के मार्गदर्शन में चैतन्य चौधरी उज्जैन, राजेंद्र चौधरी रतलाम,अमित चौहान एवं अशोक टंडन ने बैंक अधिकारियों के साथ समन्वय कर क्लेम प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।

फ्रीगंज उज्जैन शाखा प्रबंधक सतीश मेहता के सहयोग से तथा मुंबई मुख्यालय स्तर पर आ रही बाधाओं को दूर कर अंततः 1 करोड. रूपए की पूरी बीमा राशि परिवार को दिलाई गई। इस कार्य में संघ के महामंत्री आरजी काबर की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सीहोर के पास हुआ था हादसा

रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार गजेंद्र आर्य ट्रैक सर्किट फेल्योर की सूचना मिलने पर 24 जुलाई 2025 को जांच के लिए सीहोर-शुजालपुर सेक्शन पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान ही अचानक तेज गति से आ रही ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों में शोक व्याप्त हो गया था। वेरेमसं मंडल प्रवक्ता गौरव दुबे ने बताया कि संघ भविष्य में भी कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

## युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति, व्यक्ति निर्माण से विकसित भारत का सपना होगा साकार

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** भोपाल स्थित विधानसभा परिसर में 19 एवं 20 मार्च, 2026 को आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में राजगढ़ जिले के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। प्रदेशभर से आए युवाओं के बीच राजगढ़ टीम ने अपने विचारों और प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया। इस कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में राजगढ़ जिले के प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। जहां उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, नेतृत्व क्षमता एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग सहित विभिन्न गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं को केवल करियर तक सीमित न रहकर समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझने की प्रेरणा दी। संस्था प्राचार्य डॉ. वी. बी. खरे एवं जिला संगठक डॉ. शैलेंद्र कुमार मेवाड़ा के मार्गदर्शन में राजगढ़ जिले से पायल यादव, राम गुप्ता, आनंद शर्मा, जया कुशवाह एवं रोहित शर्मा ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर जिले का प्रतिनिधित्व किया। इन सभी प्रतिभागियों ने केंद्रीय बजट 2026 पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास से सभी को प्रभावित किया।

## पेट्रोल टैंकर में लगी आग पर पुलिस ने पाया काबू

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में प्रातः करीब 6 बजे डायल 112 अपने नोडल प्वाइंट काका होटल के पास, सर्विस रोड हाईवे सारंगपुर पर खड़ा था। इसी दौरान डायल 112 में तैनात प्रधान आरक्षक राकेश गुदेन ने एक 12 चक्का पेट्रोल टैंकर के टायर में आग लगी हुई देखी। प्रधान आरक्षक ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए थाना प्रभारी सारंगपुर निरीक्षक आकांक्षा हाड़ा को दूरभाष पर सूचना दी तथा टैंकर चालक को संकेत देकर वाहन को सुरक्षित रूप से हाईवे किनारे सर्विस रोड पर खड़ा कराया गया। सूचना प्राप्त होते ही अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी निरीक्षक आकांक्षा हाड़ा पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे। साथ ही नगर पालिका सारंगपुर के फायर ब्रिगेड अमले को भी तत्काल बुलाया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हाईवे के दोनों ओर यातायात को अस्थायी रूप से रोक दिया गया तथा पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की संयुक्त कार्यवाही से शीघ्र ही आग पर काबू पा लिया गया।

राजगढ़ उर्स मेला में पुलिस की कार्यवाही

# चोरी का प्रयास, फर्जी टिकट बिक्री एवं झगड़ा करने वाले 5 युवक गिरफ्तार

**भीड़ में गुम 10 वर्षीय बालिका को सुरक्षित परिजनों से मिलवाया**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



राजगढ़ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उर्स मेला राजगढ़ में आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पुलिस द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही तथा उपद्रवियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही। हेमराज पिता भागीरथ मेवाड़े निवासी बाराव्दारी, राजगढ़ ने उर्स मेले में एक दुकान पर खरीदारी कर रही महिला के पर्स को साइड में रखे होने पर चोरी करने का प्रयास किया, जिसे मौके पर गिरफ्तार किया। वही अनारसिंह पिता अमरलाल तंवर निवासी रुघनाथपुरा ने झूला परिसर में नकली टिकट बेचने की सूचना पर उसे मौके से गिरफ्तार किया। परमेश्वर पिता गोपीलाल लोधी निवासी श्रीपुरा जिला गुना ने मेले में आमजन से विवाद एवं शांति व्यवस्था भंग करने पर गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार गोरधन पिता देवचंद तंवर 24 वर्ष एवं विष्णु पिता शिवनारायण तंवर 22 वर्ष, निवासी गिरधरपुरा थाना मनोहरथाना जिला झालावाड़ राजस्थान ने आपस में झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करने पर दोनों को भी मौके पर गिरफ्तार किया। उक्त सभी 5 आरोपियों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्यवाही की गई। उर्स मेले की भीड़ में अपनी मां रेखा पति जगदीश सेन निवासी कल्लूखेड़ी के साथ आई 10 वर्षीय बालिका पूर्ति सेन के गुम होने की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल तलाश की एवं बालिका को सुरक्षित ढूंढकर उसकी मां के सुपुर्द किया। उर्स मेले में शांति, सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस पूरी तरह सतर्क है। आमजन से अनुरोध है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

भूमिका नाट्य उत्सव में दुलारी बाई का प्रभावशाली मंचन

# मनोरंजन के साथ-साथ गहरा सामाजिक संदेश दिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



शहर में आयोजित तीन दिवसीय भूमिका नाट्य उत्सव एवं सम्मान समारोह के अंतर्गत मालवांश संस्था द्वारा प्रसिद्ध लोकनाट्य दुलारी बाई का सफल मंचन किया गया। यह नाटक दर्शकों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ गहरा सामाजिक संदेश भी लेकर आया। प्रख्यात साहित्यकार मणि मधुकर द्वारा रचित इस नाटक का निर्देशन जितेंद्र परमार ने किया। नाटक को स्थानीय मालवी बोली में प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को क्षेत्रीय संस्कृति से जोड़ते हुए खासा आकर्षित किया।

नाटक की कथा एक अविवाहित, अत्यंत कंजूस महिला दुलारी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो धन-संपत्ति के मोह में जीवन के वास्तविक सुखों से दूर रहती है। दुलारी बाई के चरित्र के माध्यम से कंजूसी और लालच पर तीखा व्यंग्य किया गया है। कहानी में कल्लू भांड नामक बहरूपिया राजा का रूप धरकर दुलारी को अपने जाल में फंसाता है और उससे विवाह कर उसकी संपत्ति हथियाने का प्रयास करता है। नाटक के एक अन्य प्रसंग में दुलारी को ऐसा वरदान मिलता है कि वह जिस वस्तु को छूती है, वह सोना बन जाती है। इस लालच में वह अपने दैनिक जीवन की आवश्यक वस्तुओं और यहां तक कि अपने पति को भी सोने में परिवर्तित कर देती है। अंततः वह इस स्थिति से परेशान होकर समझती है कि धन से बढ़कर मानवीय रिश्ते, प्रेम और ईमानदारी का महत्व है। लोक संगीत, मालवी बोली और हास्य.व्यंग्य से भरपूर इस प्रस्तुति ने दर्शकों को बांधे रखा। मंच पर कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से पात्रों को जीवंत कर दिया।

नाटक में मनाली मैना, योगेश चौहान, आयुष रॉय, दर्शन पांडे, रविकांत, सदाशिव, दीपक परमार एवं जितेंद्र परमार ने अपनी प्रभावी भूमिका निभाई। वहीं संगीत संयोजन में सुरेंद्र वानखेड़े एवं संकेत भरत दुबे का विशेष योगदान रहा। पूरे आयोजन के दौरान दर्शकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही और कलाकारों की प्रस्तुति को खूब सराहा गया। नाटक ने समाज को यह संदेश दिया कि अत्यधिक धन लालसा अंततः व्यक्ति को अकेला कर देती है, जबकि सच्चे रिश्ते ही जीवन का वास्तविक आधार होते हैं।



## माता मंदिर परिसर में रोजाना बना रही आकर्षक रांगोली

**महिदपुर रोड।** चेती नवरात्रि के दौरान नगर के पोस्ट ऑफिस चौराहे पर स्थित माता मंदिर परिसर में आरती के दौरान प्रज्ज्वलित की जाने वाली अखंड ज्योत के आ सपास मोहल्ले गंगा शर्मा, प्रगति गुर्जर, तथा राधिका पोरवाल नवरात्रि के प्रथम दिन से रोजाना शाम के समय आकर आरती के पूर्व ज्योत जगाने वाले स्थान के आस पास आकर्षक रांगौली बना रही है। रांगौली बनाने वाली गंगा राधिका तथा प्रगति ने बताया रागौली बनाने से उन्हें माता मंदिर परिसर में रांगौली बना कर आत्मिक संतोष होता है तथा अपने स्तर पर वे भी माता की पूजा आराधना में अपना छोटा सा योगदान दे रही है ये तीनों बेटियां व्रत उपवास भी कर रही है ।

## निधन उपरांत नेत्र दान किया



**तराना।** शंकरलाल नागर पटवारी के निधन उपरांत उनके पुत्र दिनेश चौहान एवं बृजमोहन चौहान की सहमति से नेत्रदान का निर्णय लिया गया। दोनों पुत्रों को इस कार्य के लिए प्रेरित करने में सुनील देवड़ा की भूमिका रही। उन्होंने परिवार से संपर्क कर नेत्रदान के प्रति जागरूक किया और पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। नेत्रदान केशव माधव सेवा समिति, तराना के माध्यम से हुआ। समिति सदस्य अनिल बड़ाल एवं गौरव भारती ने मिलकर आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए नेत्रदान की प्रक्रिया को पूरा कराया।

## राजराजेश्वरी मंदिर परिसर की डीपी में लगी आग, टला बड़ा हादसा



**शाजापुर।** शहर के प्रसिद्ध मां राजराजेश्वरी मंदिर परिसर में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन बावडी के पास लगी बिजली की डीपी (डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट) में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि दमकल विभाग ने समय रहते मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया, जिससे मेले में कोई जनहानि या बड़ा आर्थिक नुकसान नहीं हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना शनिवार शाम करीब 5 बजे की है। डीपी में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक चिंगारियां उठने लगीं, जिन्होंने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें पास ही स्थित प्राचीन बावडी तक फैलने लगीं। इन दिनों मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्रि का भव्य मेला लगा हुआ है, जिसमें स्थानीय और बाहरी व्यापारियों की सैकड़ों दुकानें सजी हुई हैं। मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच अचानक आग उठती देख वहां हड़कंप मच गया और कुछ देर के लिए भगदड़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और मोर्चा संभाल लिया। दमकल कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग को आगे बढ़ने से रोक दिया और कुछ ही देर में लपटों को पूरी तरह बुझा दिया। यदि आग थोड़ी और फैलती और दुकानों तक पहुंच जाती, तो जान-माल का भारी नुकसान हो सकता था।

## सड़क के बीच टूटा हुआ चैंबर दे रहा किसी बड़े हादसे को न्योता




**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रदेश सरकार करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन कर रही मगर इंदौर नाका स्थित एसडीएम निवास की ओर जाने वाली सड़क के बीचोबीच नाली का टूटा व खुला चैंबर किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहा, टूटे हुए चेंबर से जान लेवा चद्दर का टुकड़ा बाहर निकल रहा और उस पर रखा भारी भरकम पत्थर किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा हो, ऐसा लगता है मानो स्थानीय प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा हो उसे किसी की जान की परवाह नहीं है, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सुश्री रचना भार्गव ने कहा कि भाजपा सरकार से व्यवस्थाएं संभाली नहीं जा रही, ब्यावरा नगरपालिका परिषद को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए

टीबी का सबसे आम लक्षण है तीन हफ्तों से ज्यादा समय तक लगातार खांसी आना। कई लोग लंबे समय तक खांसी को सामान्य समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि यह टीबी का शुरूआती संकेत हो सकता है। इनमें अंतर कैसे करें, आइए समझते हैं।

# खांसी ने कर दिया है परेशान ये नॉर्मल खांसी है या फिर टीबी?

## डॉक्टर ने बताया कैसे करें अंतर



ट्यूबरकुलोसिस या टीबी फेफड़ों की एक गंभीर बीमारी है, ये जानलेवा भी हो सकती है। माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होने वाला ये संक्रमण फेफड़ों को प्रभावित करता है, जिसके कारण सांस लेने में तकलीफ, खांसी आते रहने के साथ श्वसन से संबंधित कई अन्य तरह की दिक्कतें हो सकती हैं।

आंकड़ों के मुताबिक साल 2023 में भारत में टीबी के 25.37 लाख से अधिक मामले सामने आए। दुनियाभर में टीबी के मामलों का 25% से ज्यादा अकेले भारत से रिकॉर्ड किया जाता रहा है। पिछले कुछ वर्षों में टीबी के मामलों में थोड़ी गिरावट जरूर आई है फिर भी ये बीमारी भारतीय आबादी के लिए गंभीर चिंता का कारण बनी हुई है। गौरतलब है कि सरकार ने साल 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने की लक्ष्य निर्धारित किया था, हालांकि ये बीमारी है कि जाने का नाम ही नहीं ले रही है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, समय पर बीमारी की पहचान न होना टीबी के खतरे को बढ़ा देता है। कैसे जानें आपकी खांसी कहीं टीबी तो नहीं?

### टीबी की पहचान क्या है?

- श्वसन रोग विशेषज्ञ बताते हैं, तीन हफ्तों से ज्यादा समय तक खांसी रहना, बलगम आना और कुछ मामलों में बलगम से खून आना टीबी का आम संकेत माना जाता है।
- मरीज को हल्का बुखार, पसीना आने, वजन कम होने, भूख न लगने और लगातार कमजोरी महसूस होने जैसी दिक्कतें भी बनी रहती हैं।
- टीबी के कारण छाती में दर्द या सांस लेने में तकलीफ भी हो सकती है।
- खांसी आते रहना इस बीमारी की सबसे प्रमुख लक्षण है, पर ये कैसे जानें कि आपकी खांसी नॉर्मल है या फिर टीबी?

### खांसी को सामान्य समझकर न करें नजरअंदाज

- टीबी रोग के बारे में लोगों को जागरूक करने, टीबी की वैश्विक महामारी और इस बीमारी को खत्म करने के प्रयासों को और तेज करने के उद्देश्य से हर साल 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस (World tuberculosis day) मनाया जाता है।
- स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, समय पर पहचान और सही इलाज से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है हालांकि ज्यादातर लोग में इसका पता तब चल पाता है जब तक बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है। कई लोग लंबे समय तक खांसी को सामान्य समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि यह टीबी का शुरूआती संकेत हो सकता है।
- टीबी का संक्रमण हवा के जरिए एक से दूसरे व्यक्ति में फैलता है, ऐसे में अगर किसी को टीबी है और उसे इसकी जानकारी नहीं है तो वह जाने-अनजाने बड़ी संख्या में लोगों को संक्रमित कर सकता है।

### नॉर्मल खांसी और टीबी की खांसी में अंतर

- नॉर्मल खांसी और टीबी की खांसी में अंतर आसानी से अंतर किया जा सकता है।
- सर्दी या एलर्जी के कारण होने वाली खांसी आमतौर पर 5-7 दिनों में ठीक हो जाती है। हालांकि टीबी की खांसी लंबे समय तक या महीनों तक बनी रहती है।
- टीबी की खांसी के साथ अक्सर बुखार, रात में पसीना आने, बिना किसी वजह के वजन कम होने और सीने में दर्द जैसे लक्षण होते हैं। जबकि सामान्य खांसी में ये दिक्कतें नहीं होती हैं।
- टीबी की खांसी में गाढ़ा कफ निकलता है, जो अक्सर पीले या हरे रंग का होता है, इसमें खून भी हो सकता है। जबकि सामान्य खांसी अक्सर सूखी होती है या साफ बलगम वाली होती है।
- टीबी की खांसी ठीक होने में वक्त लगता है जबकि सामान्य खांसी घरेलू उपाय और सामान्य दवाओं से ठीक हो सकती है।

### टीबी से बचाव के लिए क्या करें?

डॉक्टर कहते हैं, टीबी को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है, बस समय पर इसके लक्षणों की पहचान और इलाज होना जरूरी है। टीबी के दवाओं की कोर्स 6 महीने तक चलती है जिसमें बिना गैप किए पूरा कोर्स करना जरूरी है।

अगर तीन हफ्तों से ज्यादा खांसी हो रही है, तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच जरूर कराएं।

संतुलित आहार, साफ-सफाई, भीड़भाड़ से बचाव करना श्वसन संक्रमण से बचाव के लिए सबसे अच्छा तरीका है।

अगर आपकी जानकारी में कोई टीबी का मरीज है तो उसके निकट संपर्क से बचना चाहिए।

# इन लक्षणों से पहचानें कि शरीर में है आयरन की कमी?




आयरन हमारे शरीर के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण खनिज है। यह खून में हीमोग्लोबिन बनाने में मदद करता है, जो ऑक्सीजन को पूरे शरीर में पहुंचाता है। अगर शरीर में आयरन की कमी हो जाए, तो कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है।

अक्सर लोग शुरूआती लक्षणों को अनदेखा कर देते हैं, जिससे समस्या गंभीर हो सकती है। समय रहते आयरन की कमी को पहचानकर अपने आहार में सुधार करना बहुत जरूरी है।

आयरन युक्त भोजन और सही डाइट अपनाने से शरीर की ऊर्जा बढ़ती है, कमजोरी कम होती है और इम्यूनिटी मजबूत रहती है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में आयरन की कमी ज्यादा आम है, इसलिए इनके लक्षणों पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

### आयरन की कमी के लक्षण क्या हैं?

जब शरीर में आयरन की कमी हो जाती है, तो खून में हीमोग्लोबिन कम होने लगता है और शरीर की ऊर्जा घटने लगती है।

इससे लगातार थकान, कमजोरी और ध्यान केंद्रित करने में परेशानी जैसी समस्याएं पैदा हो जाती हैं।

आयरन की कमी के कारण त्वचा और होंठ पीले पड़ सकते हैं, बाल और नाखून कमजोर हो सकते हैं।

इसके अलावा सिरदर्द हो सकता है और चक्कर आ सकते हैं।

आयरन की कमी से ही सांस लेने में दिक्कत हो सकती है।

इसकी वजह से काफी ज्यादा सर्दी भी लगती है।

### शरीर में आयरन की कमी है तो क्या करें?

आयरन की कमी को दूर करने के लिए आहार में बदलाव सबसे आसान और प्रभावी तरीका है।

पालक, मेथी और हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन बढ़ाएं।

गुड़, चना, मूंगफली और बीन्स जैसे खाद्य पदार्थ भी आयरन का अच्छा स्त्रोत हैं।

फल जैसे अनार, चुकंदर और सेब भी मददगार होते हैं।

### अपने डॉक्टर की बात भी मानें

यदि डॉक्टर ने सलाह दी है, तो आयरन सप्लीमेंट लेना फायदेमंद हो सकता है। आयरन की सही मात्रा को अवशोषित करने के लिए विटामिन उ युक्त आहार, जैसे नींबू और संतरे, के साथ सेवन करना चाहिए। नियमित रूप से इन उपायों को अपनाकर शरीर में आयरन का संतुलन बनाए रखा जा सकता है और थकान, कमजोरी जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।



चेपॉक में सीएसके के फैन इवेंट के दौरान सैमसन और मुरलीधरन के बीच मजेदार मुकाबला देखने को मिला, जिसमें धोनी विकेटकीपिंग कर रहे थे। धोनी की एक छोटी चूक ने सैमसन को जीवनदान दिया, लेकिन अंत में सैमसन ने छक्का लगाकर फैंस का दिल जीत लिया।

# जब सैमसन ने किया मुरलीधरन का सामना!: धोनी रहे विकेटकीपर; चेपॉक में दिखा रोमांचक मुकाबला

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2026 से पहले चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) में एक भव्य फैन इवेंट का आयोजन किया। इस खास मौके पर टीम के मौजूदा और पूर्व खिलाड़ी एक साथ नजर आए, जिससे माहौल पूरी तरह क्रिकेटमय हो गया। इवेंट में फैंस को मैदान पर खिलाड़ियों के बीच मजेदार मुकाबले देखने को मिले, जिनमें एक दिलचस्प टक्कर ने सबका ध्यान खींचा। यह मुकाबला था संजू सैमसन और महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के बीच।

### सैमसन vs मुरलीधरन, धोनी बने विकेटकीपर

इस खास मुकाबले में संजू सैमसन का सामना श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन से हुआ। इस मुकाबले को और खास बना दिया एमएस धोनी ने, जो विकेटकीपिंग कर रहे थे। शुरूआत में सैमसन ने कुछ गेंदों को संभलकर खेला, लेकिन फिर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में आगे बढ़े। मुरलीधरन ने अपनी चतुराई से उन्हें छकाया और धोनी के पास स्टंपिंग का सुनहरा मौका आ गया।



### नए सीजन से पहले मजबूत सीएसके

पिछले सीजन में खराब प्रदर्शन के बाद सीएसके ने मिनी ऑक्शन में मजबूत टीम तैयार की है। अब टीम आईपीएल 2026 में छठा खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

### धोनी से हुई चूक, सैमसन को मिला जीवनदान

चौंकाने वाली बात यह रही कि धोनी ने गेंद को स्टंप पर रोल करने की कोशिश की, लेकिन निशाना चूक गए। उस समय सैमसन क्रीज से काफी बाहर थे, लेकिन उन्हें राहत मिल गई। इस पूरे घटनाक्रम के बाद धोनी हंसते नजर आए, जिससे मैदान पर मौजूद फैंस भी मुस्कुरा उठे।

### आखिरी गेंद पर सैमसन का धमाका

हालांकि, सैमसन ने अगली गेंद पर भी बड़ा शॉट नहीं लगा पाए, लेकिन अंतिम गेंद पर उन्होंने जोरदार छक्का जड़ दिया। इस शॉट के साथ ही पूरा चेपॉक स्टेडियम तालियों और शोर से गूंज उठा।

### वर्ल्ड कप हीरोज का सम्मान

इवेंट के दौरान धोनी ने ळ20 वर्ल्ड कप 2026 के विजेता खिलाड़ियों संजू सैमसन, शिवम दुबे और अंडर-19 कप्तान आयुष म्हात्रे को सम्मानित भी किया। उन्होंने सभी को विशेष स्मृति चिन्ह भेंट किए।

# खिलाड़ियों की चोट से बढ़ी केकेआर की चिंता

**नई दिल्ली।** तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम आईपीएल 2026 में अपना दम दिखाने उतरेगी। टीम के लिए पिछला सीजन अच्छा नहीं रहा था और इसके बाद उसने अपने कोचिंग स्टाफ के साथ ही टीम में कई बदलाव किए। केकेआर एक बार फिर अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में उतरेगी, लेकिन टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता उसके खिलाड़ियों की चोट है। तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आकाश दीप चोट के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं, जबकि श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को अब तक टूर्नामेंट में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं मिला है।

**कागजों पर केकेआर किस तरह मजबूत:** टीम के पास सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती हैं जो स्पिन गेंदबाजी के मुख्य आधार हैं। अजिंक्य रहाणे अनुभव प्रदान करते हैं, कैमरन ग्रीन उन्हें आधुनिक बल्लेबाजी संतुलन वाली प्लेइंग इलेवन बनाने का मौका देते हैं।

केकेआर के पास प्रतिद्वंद्वी और मैदान के अनुसार टीम में बदलाव करने के लिए पर्याप्त विदेशी खिलाड़ी मौजूद हैं।

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

# दासुन शनाका ने दिखाई पीएसएल को आंख, आईपीएल में राजस्थान के लिए खेलेंगे; सैम करन चोटिल होकर बाहर

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 की शुरूआत 28 मार्च से होनी है। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स ने चोटिल ऑलराउंडर सैम करन की जगह दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर दासुन शनाका को टीम में शामिल किया है। बता दें कि, शनाका इससे पहले पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में लाहौर कलंदर्स के लिए खेलने जा रहे थे। हालांकि, अब उन्होंने आईपीएल में खेलने का फैसला लिया है।

### शानदार फॉर्म में हैं शनाका

शनाका हाल ही में बेहतरीन बल्लेबाजी फॉर्म में रहे हैं। उन्होंने ओमान के खिलाफ 20 गेंदों में तेज अर्धशतक लगाया, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 31 गेंदों में नाबाद 76 रन बनाए। वे एक उपयोगी लोअर-ऑर्डर बल्लेबाज और मीडियम पेस गेंदबाज हैं, जिससे टीम को संतुलन मिलेगा। शनाका इससे पहले आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के लिए खेल चुके हैं। हालांकि, उस सीजन में उनका प्रदर्शन खास नहीं रहा था।

# अरुंधति रेड्डी बनीं फरवरी की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर; पुरुषों में इस खिलाड़ी को अवॉर्ड

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल ने फरवरी महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ का एलान कर दिया है। भारत की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी और पाकिस्तान के ओपनर साहिबजादा फरहान को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए यह सम्मान मिला है।

**अरुंधति रेड्डी का ऑस्ट्रेलिया में कमालः** अरुंधति रेड्डी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए भारत को 2-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने तीन मैचों में 4/22, 2/30 और 2/35 के आंकड़े दर्ज किए और सीरीज की सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज रहीं। उनका औसत 10.87 और इकॉनमी 7.25 रहा, जो उनकी शानदार फॉर्म को दशार्ता है। रेड्डी ने कहा, 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए सम्मान की बात है। ऑस्ट्रेलिया को उनके घर में हराना आसान नहीं होता, इसलिए यह अवॉर्ड और भी खास बन जाता है।'



**फरहान ने तोड़ा कोहली का रिकॉर्डः** दूसरी ओर साहिबजादा फरहान ने पुरुष टी20 वर्ल्ड कप में अपने प्रदर्शन से सबको चौंका दिया। उन्होंने एक ही संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड तोड़ते हुए विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। इसके अलावा वह टूर्नामेंट के एक सीजन में दो शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी भी बने। फरहान ने सात टी20 मैचों में 383 रन बनाए, उनका औसत 76.60 और स्ट्राइक रेट 160.25 रहा। उनकी पारियां टूर्नामेंट में सबसे प्रभावशाली रहीं।

**शानदार प्रदर्शन का मिला इनामः** दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया और टीम की सफलता में बड़ा योगदान दिया। जहां रेड्डी ने गेंदबाजी में कमाल दिखाया, वहीं फरहान ने बल्लेबाजी में नए रिकॉर्ड कायम किए। यही वजह रही कि आईसीसी ने उन्हें फरवरी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना।

## न्यूज कॉलम

### गैरेज में आग लगने से दो कारें जलकर खाक, दमकल ने पाया काबू

**इंदौर।** इंदौर के चोइथराम अस्पताल के पास स्थित लेकपार्क कॉलोनी में सोमवार सुबह एक गैरेज में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और राजेंद्र नगर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि जिस गैरेज में आग लगी, वहां दो कारें खड़ी थीं, जो आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गईं। हालांकि, दमकलकर्मियों ने समय रहते आग पर काफी हद तक काबू पा लिया, जिससे आसपास के इलाकों में बड़ा नुकसान टल गया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, घटना चोइथराम अस्पताल के सामने स्थित एक ऑटो डीलिंग कंपनी के गैरेज की है। आग लगने के कारण इलाके में काफी धुआं फैल गया, जिससे लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जाता है कि यहां कारों की रिपेयरिंग के साथ उन्हें बेचने का काम किया जाता है। जिस शेड में आग लगी वह चोइथराम अस्पताल की दीवार से लगा हुआ था। सबसे पहले अस्पताल की तरफ से ही पानी डालकर आग को रोकने का प्रयास किया गया। आग को आसपास के शेड में पहुंचने से फायर की टीम ने रोक लिया। जिसमें बडा हादसा होने से टल गया। बताया जाता है कि कलर स्प्रे और अन्य ज्वलनशील केमिकल के चलते आग भयावह हुई थी। बता दें रविवार सुबह भी सांवेर रोड स्थित नरवल क्षेत्र में रविवार सुबह एक स्क्रैप गोदाम में आग लग गई। गोदाम में रखे प्लास्टिक स्क्रैप के कारण आग के साथ काफी धुआं फैल गया। आसपास के इलाके में काला धुआं फैलने से लोगों को परेशानी हुई। घटनास्थल के पास बने मजदूरों के क्वार्टर तक आग फैलने का खतरा बना रहा। एहतियात के तौर पर मजदूरों ने अपने घरों से सामान बाहर निकाल लिया था।

### आधा किलो अफीम के साथ पकड़ाया इंजीनियरिंग का छात्र

**इंदौर।** इंदौर के जुनी इंदौर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 518 ग्राम अवैध अफीम बरामद की गई है, जिसकी कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी गोविंद पाटीदार (20) है, जो मूल रूप से नीमच जिले का रहने वाला है और इंदौर में रहकर एसजीएसआईटीएस में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। डीसीपी आंनद कलादगी ने बताया कि जांच में सामने आया है कि आरोपी अपने महंगे शौक और कर्ज चुकाने के लिए अफीम की तस्करी कर रहा था। वह अपने घर से किताबों के बैग में अफीम छुपाकर इंदौर लाया था, जिसे बेचने की फिराक में था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक जॉन्सन आईस फैक्ट्री के पास रेलवे पटरी किनारे संदिग्ध हालत में खड़ा है। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से अफीम बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके परिवार के लोग नीमच जिले में अफीम की खेती करते हैं। वहीं से वह अफीम लाकर इंदौर में बेचने का काम करता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।



### फर्जी वीडियो वायरल कर फर्नीचर व्यापारी को किया ब्लैकमेल

**इंदौर।** इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र में बदनामी और झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर पैसे वसूलने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पहले सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो वायरल किया, फिर फर्नीचर व्यापारी से 50 हजार रुपए ऐंठ लिए। अब और रकम की मांग कर रहे थे। बाणगंगा पुलिस ने बताया कि 51 वर्षीय रामराज शर्मा निवासी प्रिंस नगर ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले उदय मौर्य, पिंकी मौर्य और उनके परिवार से पुराना विवाद चल रहा है। करीब चार महीने पहले भी झगड़ा और मारपीट हुई थी, जिसकी शिकायत थाने में की गई थी। इसके बाद से आरोपी उनसे रंजिश रखने लगे। शिकायत के अनुसार, उदय मौर्य ने अंकित परमार के साथ मिलकर फरियादी को बदनाम करने की साजिश रची। दोनों ने सोशल मीडिया पर झूठा वीडियो बनाकर वायरल किया, जिसमें उसे बीजेपी नेता, इलाके का गुंडा और लड़कियों से छेड़छाड़ करने वाला बताया गया। इससे उसकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचा। इस दौरान कई लोग उन्हें इस मामले में पूछताछ कर छेड़ने लगे। रामराज ने बताया कि वह बीजेपी का नेता भी नही और उसके उपर कोई अपराध भी पूर्व से दर्ज नही। रामराज का आरोप है कि वीडियो डालने के बाद इसी बदनामी और झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर आरोपियों ने कॉल किया और पितृ पर्वत पर मिलने बुलाया। यहां अंकित और अन्य लोगों ने धमकाया कि 50 हजार नही दिए तो तेरे और वीडियो वायरल कर देंगे। तुझे रेप केस में किसी लड़की से बात कर फंसा देंगे। डर के चलते 50 हजार रुपए उदय ओर अंकित को दे दिए। रकम मिलने के बाद भी दोनों और पैसे मांगने लगे। मना करने पर रेप के झूठे केस में फंसाने और नए वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित ने डीसीपी राजेश व्यास को मामले की शिकायत की। मामला जांच में लेने के बाद बाणगंगा पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ ब्लैकमेल करने ओर रुपए वसूलने के मामले में एफआईआर की है।

### 300 करोड़ का बीआरटीएस फेल: चौराहे के बीच में लगे सिग्नल हटाकर साइड में किए जाएंगे

# 30 करोड़ का आईटीएमएस रीडिजाइन होगा जिस पर फिर से खर्च होगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

300 करोड़ रुपए की लागत से बने बीआरटीएस सिस्टम के फेल होने पर अब इसे हटाया जा रहा है। वहीं, करीब 30 करोड़ रुपए की लागत से शुरू किया गया इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) भी तय रूप में काम नहीं कर पाया। यह प्रोजेक्ट अब रीडिजाइन किया जाएगा, जिस पर फिर से खर्च होगा।

बीआरटीएस हटाने और एलिवेटेड कॉरिडोर के कारण चौराहे के बीच में लगाए गए सिग्नल हटाकर साइड में किए जाएंगे, ताकि ट्रैफिक की निगरानी और संचालन बेहतर तरीके से हो सके। आईटीएमएस का मकसद एबी रोड पर ट्रैफिक के दबाव को कम करना था, ताकि जाम की स्थिति नहीं बने। स्मार्ट सिटी कंपनी ने शहर के प्रमुख चौराहों पर स्मार्ट सिग्नल और कैमरे लगाए थे, लेकिन तकनीकी और डिजाइन संबंधी खामियों के कारण यह सिस्टम पूरी क्षमता के साथ शुरू ही नहीं हो पाया।



**स्मार्ट सिग्नल सिर्फ चालान मशीन बनकर रह गए-** आईटीएमएस का मकसद ट्रैफिक के दबाव के अनुसार ग्रीन सिग्नल कंट्रोल करना था, लेकिन ज्यादातर जगह इसका उपयोग सिर्फ ई-चालान बनाने तक सीमित रह गया। कई चौराहों पर सिग्नल की लोकेशन भी बार-बार बदलना पड़ी। प्रोजेक्ट की डेडलाइन दो बार बढ़ाई गई थी। दिसंबर 2025 तक इसे पूरा करना था, लेकिन अब पूरी डिजाइन ही बदलना पड़ रही है। प्रोजेक्ट में 59 चौराहों को लिया था।

#### आदेश के 1 साल बाद भी बीआरटीएस हटा नहीं सके

बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने के आदेश हाई कोर्ट ने फरवरी 2025 में दिए थे, लेकिन एक साल बाद भी इसे पूरी तरह हटाया नहीं गया। पांच बार टेंडर निकाले जा चुके हैं। हाई कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद अब इसे हटाने के काम में तेजी आई है। इसके स्क्रैप का जो आकलन किया गया है, वह भी सवालों के घेरे में रहा। अब आईटीएमएस भी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया, जिससे ट्रैफिक प्रबंधन योजनाओं पर सवाल उठने लगे हैं।

#### रोजाना सफर करने वाले छात्रों की मुसीबत हो रही

बीआरटीएस कॉरिडोर में चलने वाली आई-बस में रोजाना 50 हजार छात्र सफर करते थे, लेकिन अब मुसीबत हो गई है। बसों के इंतजार के लिए बस स्टॉप बने थे, लेकिन अब उन्हें सड़क किनारे धूप में खड़ा रहना पड़ता है। टिकट काउंटर तक नहीं हैं। बस का टाइम भी बढ़ गया है। गर्मी के मौसम में परेशानी बढ़ गई है। बीआरटीएस तो तोड़ रहे, लेकिन बस स्टॉप नहीं बने हैं। समय ज्यादा लगने से छात्रों की संख्या में भी कमी आई है।

आईटीएमएस की डिजाइन के तहत सिग्नल चौराहों के बीच में लगे थे, लेकिन अब बीआरटीएस हट चुका है, इसलिए इन सिग्नल्स को साइड में शिफ्ट करेंगे। इसके लिए ट्रैफिक विभाग से बात चल रही है।

**अभय राजनगांवकर, अपर आयुक्त**

### ट्रैफिक पर सख्ती: 150 से ज्यादा वाहनों पर कार्रवाई

## 12 पेट्रोलिंग टीमों ने नो पार्किंग क्षेत्रों से सड़कें खाली करवाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर की सड़कों को जाम और अव्यवस्थित पार्किंग से मुक्त करने के लिए यातायात पुलिस ने रविवार को अभियान चलाया। इसके तहत 12 पेट्रोलिंग टीमों ने दवा बाजार, जवाहर मार्ग, एयरपोर्ट रोड और विजयनगर जैसे सबसे व्यस्त इलाकों में विशेष पेट्रोलिंग और व्हील लॉक टीमों ने सख्त कार्रवाई की और 150 से ज्यादा वाहनों के चालान बनाए। कार्रवाई के दौरान आरएनटी मार्ग पर बने एक मॉल के सामने भी काफी कारें खड़ी हो जाती थीं, जिन्हें पुलिस ने हटवाया। इसके अलावा सराफा की सड़कों से भी गाड़ियां हटवाईं।



अफसरों का दावा है कि लगातार पेट्रोलिंग का असर अब नजर आने लगा है। जहां पहले बाजारों में अव्यवस्थित पार्किंग से जाम की स्थिति बनती थी, वहीं अब यातायात अधिक सुगम हो गया है। वाहन चालक भी पुलिस की मौजूदगी के चलते नियमों का पालन करने लगे हैं, जिससे भीड़भाड़ वाले इलाकों में राहत महसूस की जा रही है।

#### पुलिस की अपील : नियम मानें, शहर को आसान बनाएं

यातायात पुलिस केवल कार्रवाई ही नहीं, बल्कि जागरूकता पर भी उतना ही जोर दे रही है। व्यापारियों और स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर उन्हें निर्धारित पार्किंग व यातायात नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और आने वाले दिनों में और अधिक सख्ती के साथ शहर के अन्य क्षेत्रों में भी कार्रवाई की जाएगी।

### औजला के कॉन्सर्ट में मारपीट की वीडियो फर्जी

## जांच में निकला मुंबई का वीडियो

### 4 सोशल मीडिया अकाउंट्स पर एफआईआर होगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में पंजाबी सिंगर करण औजला के लाइव कॉन्सर्ट में मारपीट की वायरल खबर पूरी तरह फर्जी निकली है। पुलिस जांच में साफ हुआ है कि सोशल मीडिया पर चल रहा वीडियो इंदौर का नहीं, बल्कि मुंबई में हुए एक कार्यक्रम का है।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल की जांच में सामने आया कि कई अकाउंट्स और यूट्यूब चैनलों ने बिना पुष्टि के वीडियो को इंदौर का बताकर वायरल कर दिया। इससे शहर में भ्रम की स्थिति बन गई और लोगों में गलत संदेश गया।

जांच में यह भी सामने आया कि मुंबई में हुई मारपीट की घटना के वीडियो को एडिट कर भ्रामक तरीके से इंदौर से जोड़कर पेश किया गया। पुलिस का कहना है कि इस तरह की अफवाहें कानून-व्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं। क्राइम ब्रांच ने फर्जी खबर फैलाने वाले 4 सोशल मीडिया अकाउंट्स को चिन्हित किया है। इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

### 15 दिन में करनी होगी सभी जी+थ्री और मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में फायर सेफ्टी की व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर शहर की सभी बहुमंजिला इमारतों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को अनिवार्य किया गया है। जी थ्री एवं उससे अधिक ऊंचाई वाली सभी कमर्शियल और अन्य बिल्डिंगों में यह व्यवस्था अनिवार्य होगी। जिनमें व्यवस्था नहीं है, उनको जिला प्रशासन ने 15 दिन में व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। इस अवधि के बाद भी किसी भवन में फायर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं पाया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम के नेतृत्व में फायर सुरक्षा का निरीक्षण भी आज से शुरू होगा। दरअसल, जिला प्रशासन शहर की बहुमंजिला इमारतों में फायर सेफ्टी व्यवस्था को लेकर सख्त हो गया है। व्यवस्था को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा ने रविवार को राजस्व अधिकारियों, नगर निगम, बिल्डिंग आफिसर्स एवं इंस्पेक्टर्स की संयुक्त बैठक ली। इसमें सभी बहुमंजिला इमारतों में फायर सेफ्टी व्यवस्था लागू करने और जांच करने का निर्णय लिया गया।

### हिंदू युवती को ब्लैकमेल कर रेप का आरोप

## डॉक्टर ने इंजेक्शन देकर खींचे अश्लील फोटो, भीड़ ने आरोपी का घर जलाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर


महू के पातालपानी में हिंदू युवती को ब्लैकमेल कर चार महीने तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी डॉ. सईद खान ने पीड़िता को नशे का इंजेक्शन देकर उसके साथ रेप किया, इसकी तस्वीरें भी खींच लीं। इन्हीं तस्वीरों के जरिए वह युवती को ब्लैकमेल कर रहा था।

रविवार को भी उसने युवती को पातालपानी के बेलामोर रिसॉर्ट बुलाया। इसकी खबर हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को लग गई। वे भी रिसॉर्ट पहुंच गए। यहां एक कमरे से आरोपी को युवती के साथ पकड़ लिया। उसको जमकर पीटा। फिर पुलिस को सौंप दिया।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह करीब चार महीने पहले गुजरखेड़ा में डॉ. सईद खान के क्लिनिक पर इलाज कराने गई थी। वहां डॉक्टर ने उसे नशीला इंजेक्शन देकर बेहोश किया और दुष्कर्म कर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें खींच लीं। इसके बाद लगातार ब्लैकमेल कर रहा था।

#### दुकान में तोड़फोड़ की

देर शाम युवती के परिजन, हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता और ग्रामीण आम्बाचंदन स्थित आरोपी डॉ. सईद खान के घर पहुंचे। यहां तोड़फोड़ की, फिर आग लगा दी। इसके बाद वे आरोपी के गुजरखेड़ा स्थित बंद क्लिनिक पर पहुंचे। यहां पथराव किया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और उपद्रवियों को खदेड़ा। फिलहाल, इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है।



### शादी के नाम पर ठगी की साजिश: फर्जी पंचनामा बनाकर 9 महीने साथ रही महिला

# गहने और नकदी लेकर फरार, कोर्ट ने एक्शन टेकन रिपोर्ट तलब की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर में शादी के नाम पर ठगी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक महिला ने खुद को दुल्हन बताकर युवक और उसके परिवार को झांसे में लिया। फर्जी वैवाहिक पंचनामा तैयार किया और लाखों के जेवर-नकदी लेकर फरार हो गई। मामले में जिला कोर्ट इंदौर ने गंभीरता दिखाते हुए पुलिस थाना एमआईजी से एक्शन टेकन रिपोर्ट तलब की है।

हाईकोर्ट एडव्होकेट कृष्ण कुमार कुन्हारे ने बताया कि एमआईजी क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित ने बताया कि सागर निवासी आरती नाम की महिला ने 19 नवंबर 2019 को शादी का झांसा देकर उसे सागर बुलाया। यहां हिंदू रीति-रिवाज से शादी कराने के बजाय कुछ कागजों पर हस्ताक्षर करवाकर वैवाहिक पंचनामा तैयार किया गया और इसे शादी का रूप दे दिया गया।



इसके बाद महिला इंदौर आकर युवक के साथ रहने लगी। इस दौरान उसने चांदी की पायल, करधनी, बिछिया, सोने का मंगलसूत्र और करीब 40 हजार रुपए एफडी के नाम पर ले लिए। साथ ही घर में रखे करीब 30 हजार रुपए नकद भी गायब कर दिए। पीड़ित का आरोप है कि महिला ने कभी भी सात फेरे, सिंदूर, मंगलसूत्र जैसी वैवाहिक रस्में पूरी नहीं कीं। हर बार बहाने बनाकर शारीरिक संबंध बनाने से भी बचती रही और बड़े समारोह में शादी करने की बात कहती रही। कोरोना लॉकडाउन के दौरान करीब 9 महीने तक साथ रहने के बाद 15 अगस्त 2020 को महिला अपने पिता के साथ सागर जाने का कहकर चली गई और फिर लौटकर नहीं आई। बाद में उसने फोन उठाना भी बंद कर दिया।

#### कोर्ट पहुंचा मामला, पुलिस से जवाब तलब

पुलिस में कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने अपने वकीलों एडवोकेट कृष्ण कुमार कुन्हारे और डॉ. रूपाली राठौर के माध्यम से जिला कोर्ट इंदौर में धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा और चोरी का परिवाद पेश किया। कोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए एमआईजी थाने से एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है। कुन्हारे ने बताया की हिंदू विवाह अधिनियम के तहत किसी भी हिंदू लड़के-लड़कियों की अग्नि के समक्ष सप्तपदी, सात फेरे, मांग में सिंदूर, मंगलसूत्र पहनाने सहित चलित मान्यताओं अनुसार शादी की शर्तों का पालन करना जरूरी होता है, तभी वैध संपन्न शादी मानी जाती है। किसी भी स्टाम्प और कागज पर की गई नोटराइज शादी या तलाक गैरकानूनी है। जिसको लेकर माननीय हाई कोर्ट इंदौर ने भी दिनांक 31-12-2020 एक केस आदेश पारित करते हुए में कोर्ट में बार-बार ऐसी फर्जी शादी के केस आने का उल्लेख करते हुए प्रिंसिपल सेक्रेटरी लॉ डिपार्टमेंट ऑफ मध्य प्रदेश को सख्त गाइडलाइन जारी करने के लिए निर्देशित किया है।

#### कानूनी सलाह में खुला फर्जीवाड़ा

पीड़ित ने जब वकीलों से सलाह ली, तब पता चला कि नोटरी कागजों पर किया गया वैवाहिक पंचनामा कानूनी रूप से मान्य ही नहीं है। इसके बाद उसे अहसास हुआ कि वह शादी के नाम पर ठगी का शिकार हुआ है।

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com